संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरुवार, 30 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बलिया में चुनाव प्रचार करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 148 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

# खत्म हो जाएगी टीएमसी: मोदी

● बंगाल में पीएम नरेंद्र मोदी ने भरी हुंकार, राज्य सरकार पर लगाए आरोप

**तंज कसा**

▸▸ बंगाल की संस्कृति की रक्षा न करने और राज्य की पहचान खत्म करने का आरोप लगाया है




**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** सातवें चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुंकार भरी। उन्होंने मथुरापुर में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया। पीएम मोदी ने रैली में राज्य सरकार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और इंडी गठबंधन की जमकर आलोचना की। टीएमसी पर उन्होंने केंद्र की योजनाओं को आम लोगों तक नहीं पहुंचाने, बंगाल की संस्कृति की रक्षा न करने और राज्य की पहचान खत्म करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि चार जून को देश में एक बड़ा मोड़ आएगा, जिसमें वे और उनकी सरकार अगले पांच साल स्वर्णिम भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाने वाले हैं।

**चार जून को आएगा बड़ा मोड़:** पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के नतीजे के दिन (चार जून) को देश का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट बताया। उन्होंने कहा, "आने वाले पांच साल स्वर्णिम भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। ये एक बहुत बड़ा टर्निंग प्वाइंट है। और इसकी शुरूआत चार जून को होने जा रही है। विकसित भारत के लिए विकसित बंगाल का निर्माण जरूरी है। ये तभी होगा जब आप ऐसे सांसद चुने, जो इस विजन को लेकर चलें। इसलिए मुझे बंगाल से ज्यादा से ज्यादा आप कमल जीताकर भेजेंगे, इसका आशीर्वाद चाहिए।" पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आज आपके साथ ही कोलकाता के भी लोगों का आभार व्यक्त करूंगा। शाम कोलकाता के लोगों ने रोड शो में, उसके पहले भी और बाद भी जो प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद दिए, वो मैं कभी भूल नहीं सकता। आपका ये स्नेह साफ-साफ संदेश दे रहा है।" उन्होंने आगे कहा, "2024 का ये लोकसभा चुनाव कई मायनों में अलग है, अद्भुत है।

### राज्य सरकार और विपक्ष पर साधा निशाना

इस रैली में पीएम मोदी ने राज्य सरकार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर बंगाल को विपरित दिशा में ले जाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, "टीएमसी और इंडी जमात वाले बंगाल को विपरीत दिशा में लेकर जा रहे हैं। भाजपा से बंगाल के लोगों का प्यार टीएमसी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। इसलिए टीएमसी बुरी तरह से बौखलाई हुई है।" प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी ने टीएमसी सरकार पर केंद्र की योजनाओं को आम लोगों तक नहीं पहुंचाने का आरोप लगाया है।

### 'नवीन की तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या?

**टीम एक्शन इंडिया**

**मयूरभंज:** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में चुनाव प्रचार किया। मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) की जमकर आलोचना की। उन्होंने बीजद पर आदिवासियों की जमीन हड़पने और खनिज संपदा लूटने का आरोप लगाया। इस रैली के जरिए उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत को लेकर भी सवाल किया। इस रैली में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तबीयत पर जमकर कटाक्ष किया।

# विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे बिताएंगे पीएम



**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्याकुमारी:** पांच साल पहले 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदारनाथ गुफा में ध्यान करने गए थे। अब 2024 के चुनावी मौसम के आखिरी चरण यानी सातवें चरण के बीच पीएम मोदी रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। यह रॉक मेमोरियल स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि स्वरूप बनाया गया स्मारक है। गुरुवार यानी 30 जून को पीएम मोदी यहां 45 घंटे तक ध्यान में लीन रहेंगे। इसको देखते हुए भारी सुरक्षा सहित सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं।

**2 हजार पुलिसकर्मी और सुरक्षा एजेंसी होगी तैनात:** इस दौरान 2,000 पुलिसकर्मियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक मजबूत दल कड़ी निगरानी रखेगा। दरअसल, भाजपा नेताओं ने बताया कि 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के समापन के बाद पीएम मोदी यहां आएंगे।

पीएम मोदी 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। तिरुनेलवेली रेंज के डीआईजी प्रवेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक ई सुंदरवथनम के साथ कन्याकुमारी में रॉक मेमोरियल, बोट जेटी, हेलीपैड और राज्य अतिथि गृह में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

**सुरक्षा प्रबंध**

▸▸ 2,000 पुलिसकर्मियों और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक मजबूत दल कड़ी निगरानी रखेगा

# दिल्ली में 52.3 डिग्री पहुंचा तापमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली गर्मी ने लोगों को झुलसाकर रख दिया है। बुधवार को पारा 52 डिग्री को भी पार कर गया है। यह तापमान दोपहर ढाई बजे रिकॉर्ड किया गया। यह पहली बार है जब पारा 50 डिग्री पार पहुंचा है। दिल्ली में मंगलवार को भी पारा 50 के करीब पहुंचा था। दिल्ली में पिछले कई दिनों से लू और भीषण गर्मी का अलर्ट जारी है। दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण ऐसा लग रहा है, जैसे भट्टी के पास तप रहे हैं। मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा तापमान 52.3 डिग्री और नरेला में 47.9 डिग्री पारा पहुंचा है। नजफगढ़ में 48.6 डिग्री, जाफरपुर में 48 डिग्री, पूसा में 48.3 डिग्री, आयानगर में 45.7 डिग्री दर्ज किया गया।

**मंगलवार को इतना रहा तापमान:** मुंगेशपुर और नरेला में तापमान मंगलवार को 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, नजफगढ़ में 49.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचा।

**लोगों को घरों में रहने की सलाह:** मौसम विभाग और डॉक्टरों ने जरूरी काम न हो तो घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। लोग घरों में ही रहें तो लू की चपेट में आने से बच सकते हैं।

# पीएम मोदी के ध्यान को टीवी पर नहीं होने देंगे टेलीकास्ट: ममता बनर्जी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बरुईपुर:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कन्याकुमारी दौरे को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी का कन्याकुमारी में ध्यान को टेलीविजन पर टेलीकास्ट किया जाता है तो उनकी पार्टी इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करेगी। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ध्यान कर सकते हैं, लेकिन इसको टेलीविजन इसे नहीं दिखा सकते। सीएम ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के ध्यान को टीवी पर दिखाना आचार संहिता का उल्लंघन होगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या ध्यान करने के लिए किसी को कैमरे की जरूरत होती है? सीएम ममता ने दावा किया कि यह प्रचार समाप्त होने और मतदान की तारीख के बीच मौन अवधि के दौरान प्रचार करने का एक तरीका है। इसी बीच, भाजपा नेताओं के हवाले से जानकारी सामने आ रही है कि पीएम मोदी 30 मई से एक जून तक कन्याकुमारी का दौरा करेंगे।

**चेतावनी**

▸▸ ध्यान को टेलीविजन पर टेलीकास्ट किया जाता है तो उनकी पार्टी इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करेगी

## मोदी ने की तुष्टीकरण की संस्कृति खत्म: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति या धर्म की परवाह किए बिना समान सार्वजनिक सेवा वितरण सुनिश्चित किया। इसके अलावा पिछली सरकार की तुष्टीकरण की संस्कृति को समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र ने यह सुनिश्चित किया कि सभी पात्र लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने की बात आती है तो किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता है।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ जयंत चौधरी ने नई दिल्ली के किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# मणिशंकर के बयान को भाजपा ने बताया देश विरोधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के विवादित बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए उसे देश विरोधी मानसिकता वाला बताया। भाजपा ने कहा कि मणिशंकर के बयान पर कांग्रेस भी चुप्पी साधे हुए है।

बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हिंदी चीनी भाई-भाई का नारा देने के बाद अब कांग्रेस के चाटुकार 1962 के चीनी आक्रमण को भी "कथित" बता रहे हैं। इन्हें शर्म करनी चाहिए। क्या डोकलाम के दौरान हक्का नूडल्स खाने वाले राहुल गांधी कुछ बोलेंगे या चीन के साथ गुप्त करार का पालन करते हुए मुंह में दही जमी रहेगी। यह कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी मानसिकता को साफ दर्शाता है।

# मुस्लिमों को आरक्षण देती रही कांग्रेस: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बना दी है। इस बार मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दुनिया में नंबर वन और यूपी देश में नंबर वन बनेगा। उक्त बातें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने शहर से सटे माल्देपुर मोड़ के पास हैबतपुर गांव में बलिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में बुधवार को आयोजित चुनावी जनसभा में कही। अमित शाह ने तय समय से आधे घंटे पूर्व मंच पर आते ही बिना किसी औपचारिकता के माइक संभाल ली। संबोधन के बाद सपा छोड़ने वाले पूर्व मंत्री नारद राय व पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अमित शाह ने इससे पहले कहा कि आज बलिया वालों को एक बात कहने आया हूं। गुजराती हिसाब-किताब में पक्के होते हैं। एक बार में कई काम करते हैं। एक ही बार में यदि तीन काम हों तो वह करना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट की इमारत को 'ध्वस्त' न करें'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर केंद्र सरकार और शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को सुप्रीम कोर्ट की इमारत को 'ध्वस्त' नहीं किए जाने का निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट भवन भारत की आजादी के बाद निर्मित महत्वपूर्ण स्मारक भवनों में से एक है।

**याचिकाकर्ता की मांग:** याचिकाकर्ता के-के रमेश ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट भवन को ध्वस्त करने के बजाय किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग करने की आवश्यकता है। रमेश ने जनहित याचिका में कहा है कि वर्तमान में शीर्ष अदालत में 17 कोर्ट रूम और दो रजिस्ट्रार कोर्ट रूम हैं और केंद्र पूरी इमारत को ध्वस्त करने जा रहा है।

**केंद्र को घेरा**

## भाजपा रुकवाने की कितनी भी कोशिश करें, महिलाओं को देंगे 1500 रुपए पेंशन: प्रियंका गांधी

# केंद्र ने हिमाचल को नहीं दी आपदा में मदद: प्रियंका गांधी



**श्याम कुल्वी/खेमचंद शास्त्री**

**कुल्लू/मंडी:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मंडी में पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में जनसभाएं की और ताबड़तोड़ प्रचार किया। उन्होंने रोड शो भी निकलाए जिसमें लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल प्रदेश को अपना घर बताते हैं, लेकिन जब राज्य में आपदा आई तो वह एक बार भी हिमाचल प्रदेश नहीं आए और केंद्र की ओर से आपदा प्रभावितों के लिए एक पैसा तक नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वहीं मदद प्रदान करती है, जहां भाजपा की सरकारें होती हैं और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार होने के कारण केंद्र सरकार ने एक रूपए की मदद भी नहीं भेजी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि पूरी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू आपदा में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़े रहे और प्रभावितों की मदद की। उन्होंने कहा कि सेवा ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है और हिमाचल प्रदेश की जनता जानती है कि संकट के समय उनके साथ कौन खड़ा रहा। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा ने एक साजिश के तहत विधायकों को ख?ीद कर राज्य के ईमानदार लोगों की चुनी हुई ईमानदार सरकार को गिराने का प्रयास किया हैए लेकिन लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में भाजपा विश्व की सबसे अमीर पार्टी बन गई क्योंकि छापे मारकर चंदा वसूल किया गया। जिस कंपनी के वैक्सीन के कारण मौतें हो रही हैं, भाजपा ने उसी कंपनी से 52 करोड़ का चंदा लिया। गुजरात में जिस कंपनी का पुल गिराए भाजपा ने उसी से चंदा लिया और जिन-जिन पर छापे मारे, उनसे चंदा लेकर छापे बंद कर दी। उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह कभी भी पार्टी के सेवा के लिए पीछे नहीं हटे, जबकि भाजपा की उम्मीदवार अपने ही पार्टी के कार्यकताओं के बारे में क्या कह रही हैं। उन्होंने सभी से विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और कहा कि सांसद बनकर वह पूरी निष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाएँगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दिया, जिससे छोटे-छोटे कारोबार फ ले-फू ले। लेकिन मोदी सरकार की नीतियाँ छोटे और मध्यम उद्योगों को कुचलने की हैं। पहले नोट बंदी की और कोविड के बाद पर्यटन उद्योग को राहत देने की बजाय मोदी सरकार ने जीएसटी थोप दिया।

**साधा निशाना**

▸▸ प्रियंका गांधी ने कुल्लू और मंडी जिला में विकमादित्य के लिए मांगे वोट, रोड शो भी किया

# बिहार: सरकारी विद्यालयों में बच्चे और शिक्षक समेत 95 की तबीयत बिगड़ी



**टीम एक्शन इंडिया**

**बेगूसराय:** बिहार के बेगूसराय, मुंगेर, शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, गोपालगंज और बांका सरकारी स्कूलों में भीषण गर्मी के कारण छात्र, छात्राएं, शिक्षक, प्रधानाध्यापिका और रसोइया समेत 95 लोग बेहोश हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सबसे अधिक बेगूसराय में 41 और जमुई में बच्चे और शिक्षक बीमार पड़ें हैं। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है। अभिभावकों का कहना है कि भीषण गर्मी में भी बच्चों को छुट्टी नहीं दी गई है। शिकायत करने पर कहा जाता है कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने स्कूल को बंद करने का आदेश नहीं दिया है। अभिभावकों का कहना है कि 42 से 45 डिग्री तापमान के कारण बच्चे स्कूल में ही बीमार पड़ रहे हैं।

**अस्पताल में चल रहा है बच्चों का इलाज:** बेगूसराय में बढ़ते गर्मी के बीच अलग-अलग स्कूलों में पढ़ रहे 41 से अधिक बच्चे बेहोश हो गए। बेहोशी के हालात में छात्र और छात्राओं को उसे जगह से उठाकर इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है।

शेखपुरा के एक स्कूल में लू के कारण कई छात्र बेहोश हो गए। सभी छात्रों के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# सरकार कर्मचारियों के पेंशन में करेगी कटौती: जयराम

## अब 50 के बजाय 30 प्रतिकात पेंशन देगी प्रदेश सरकार, फाइल हो चुकी है तैयार

**खेमचंद कास्त्री**

**मंडी:** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार लोकसभा चुनावों के बाद ओपीएस की राशि में बड़ी कटौती करने जा रही है। कर्मचारियों को अभी रिटायरमेंट पर मिलने वाली सैलरी का 50 प्रतिशत पेंकान के रूप में मिलता है लेकिन अब सरकार सिर्फ 30 प्रतिकात देने पर मुहर लगाने वाली है। पुख्ता जानकारी के मुताबिक इस संदर्भ में फाइल बनकर तैयार हो चुकी है और यह फ इल चीफ सेक्रेटरी के पास पहुंच भी गई है। कैबिनेट मीटिंग के लिए इस फ इल को एजेंडे में काामिल भी कर दिया गया है। चुनावों के बाद जो पहली कैबिनेट की मीटिंग होगी उसमें इस पर मुहर लग जाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर 30 प्रतिकात की पेंकान देनी है तो फि र ओपीएस और एनपीएस में क्या अंतर रह जाएगा। प्रदेका सरकार न अभी तक कर्मचारियों को डीए दे पाई है और न ही एरियर। उल्टा पेंकान में भी कटौती करने जा रही है। उन्होंने कर्मचारियों को चेताया कि कर्मचारी इस बात को लेकर सचेत हो जाएं कि लोकसभा चुनावों के बाद उनके साथ बड़ा अन्याय होने वाला है। जयराम ठाकुर से उनकी पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के बाद ओपीएस बंद करने को लेकर पूछे



गए सवाल के जबाव में कहा कि भाजपा कभी बदले की भावना से काम नहीं करती है। कांग्रेस ने बदले की भावना से काम करते हुए पूर्व सरकार के समय में खोले गए एक हजार संस्थानों को बंद किया है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा 55 लाख की राकि मिलने को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को भी कोरा झूठ बताया। उन्होंने कहा कि सीएम बताएं कि यह राकि कहां मिलीए किसकी थी और सबसे बड़ी बात कि क्या इसे पुलिस के हवाले किया गया या कोई मामला दर्ज करवाया गया। जयराम ठाकुर ने कहा कि सिर्फ नेता विकोष को टारगेट करने के लिए उन्होंने भारी सभा में यह झूठ बोल दिया कि फलां नेता के 55 लाख रूपए मिले हैं जबकि हकीकत में न तो कोई धनराकि मिली है और न ही कोई मामला दर्ज हुआ है। रोजाना बेबुनियाद आरोप लगाकर झूठ बोलना ही सीएम सुक्खू की आदत बन गई है। उन्होंने मंडी संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे विक्रमादित्य सिंह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोक निर्माण रहते बरसात के बाद सडकों से मलबा तक नहीं हटा सका हो और काहरी विकास मंत्री होने के बाबजूद कोई प्लान नहीं बना सका हो वो बड़े विजन की बात कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। पहले वो जनता को ये बताएं कि मंत्री पद छोडकर सांसद बनने के लिए इतने उतावले क्यों हो रहे हैं। जनता ये जानना चाहती है कि आपकी माता प्रतिभा सिंह जो पार्टी की अध्यक्ष भी हैं ने जब चुनाव लड ? से ही मना कर दिया तो आप क्यों तैयार हुए। क्या ये सच नहीं है कि आप को हाकिये पर धकेलने की साजिका मुख्यमंत्री ने ही रची। आप जनता को बताएं कि उस इस्तीफे का अब क्या हुआ जो आपने प्रेस कांफ्रें स में रोते हुए दिया था।

# जोगिंद्रनगर में मतदानकर्मियों की तीसरी व अंतिम चुनावी रिहर्सल पूरी

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर: एक** जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत 31-जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए तैनात मतदान कर्मियों की तीसरी व अंतिम चुनावी रिहर्सल आज पूरी हो गई। इस चुनावी रिहर्सल में 675 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त ईवीएम इंजीनियरएसेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिन्दर नगर मनीका चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात मतदान कर्मियों की तीसरी व अंतिम चुनावी रिहर्सल आज राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठकााला जोगिन्दर नगर के प्रांगण में पूरी हुई। इस दौरान उपस्थित मतदान कर्मियों को तमाम मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई।



सभी मतदान पार्टियों को उनके मतदान केंद्रों के लिए कल यानि कि 30 मई को मतदान सामग्री के साथ रवाना कर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि जोगिन्दर नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 168 मतदान दलों के अंतर्गत कुल 675 कर्मियों की तैनाती की गई हैं जिनमें 168 पीठासीन अधिकारीए 168 सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 339 मतदान कर्मी काामिल हैं।

इसके अलावा 37 मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है। महिला मतदान केंद्रों के लिए 20 महिला, जबकि एक युवा मतदान केंद्र के लिए 8 युवा मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। इसके आतिरिक्त पूरे जोगिंदर नगर-31 निर्वाचन क्षेत्र के लिए 12 सेक्टर ऑफि सर, 3 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 15 ईवीएम इंजीनियर मौजूद रहे।

# मोदी राज में 22 साल का युवा हो रहा रिटायर: पवन खेड़ा

## एक जून को शुभ मुहूर्त, हिमाचल और देश का बदलेगा तकदीर




**चमन शर्मा**

**शिमला: एक** जून को हिमाचल और देश की जनता तकदीर बदलने वाली है। देश की जनता पूर्ण बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। यह बात मीडिया व पब्लिकेकान विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने किामला में आयोजित एक पत्रकात वार्ता के दौरान कही। उन्होंने पीएम मोदी और भाजपा पर निकााना साधते हुए कहा कि देका में युवाओं के साथ दस सालों में छल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक देका में बेरोजगारी की दर 45.4 फ ीसदी हो गई। एक घण्टे में 2 नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। जो चिंता की बात है लेकिन पीएम मोदी न तो बेरोजगारी पर बात करते और और न ही महंगाई पर। खेड़ा ने कहा कि देका की जनता के 10 साल बेकार गए हैं देका को सिर्फ धोखा और झूठा आकवसन मिला है। उन्होंने कहा कि देका का राजा झूठ बोले तो दुख होता है। झूठ सुन-सुनकर आने वाली नस्लें बर्बाद होती हैं। पीएम मोदी ने अपने आपको देवतातुल्य मान लिया है। इसलिए वे असली मुद्दों पर बात नहीं करते हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि उनका काम पीएम मोदी को हवाई अड्डे पर ले जाने और लाना रह गया है। उन्हें खुद पता नहीं होता है कि वे ठश्रच के अध्यक्ष हैं या नहीं यह जानकारी उन्हें मीडिया के माध्यम से ही मिलती है। नड्डा ने पीएम मोदी को नरों के इंद्र ही नहीं सुरों के भी इंद्र कहा था। आजकल पीएम मोदी खुद को बायोलॉजिकल नहीं परमात्मा का अवतात मानते हैं। इसलिए उन्हें खुद पता नहीं है कि वे एक व्यक्ति भी हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में देका की जनता को कोरोना वैक्सीन लगाई जिस पर आपका चेहरा था और वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से आपने इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से 52 करोड़ का चंदा लिया

लेकिन जब कंपनी ने कहा साइड इफेक्ट हो सकता है तो अपना हंसता हुआ नूरानी चेहरा गायब कर दिया। बुरे वक्त में देका की जनता आपके साथ थी लेकिन देका का राजा आपदा के समय गायब था। खेड़ा ने कहा कि हिमाचल में आपदा से 9900 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ लेकिन जब मुआवजे की मांग की तो एक रुपए भी नहीं दिया।

# माइक्रो आब्जर्वर के लिए दूसरे प्रशिक्षण का आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला:** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत गत दिवस को बचत भवन के सभागार में किामला जिला के लिए तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए दूसरे प्रकिाक्षण किाविर का आयोजन किया गया और उन्हें जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों में तैनाती के आदेका भी प्रदान किए गए। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कानून एवं व्यवस्था अजीत भारद्वाज ने प्रकिाक्षण किाविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का कार्य मतदान केन्द्र में हो रही विभिन्न प्रकार की



गतिविधियों की देखरेख करना रहेगा। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर पोलिंग पार्टी का हिस्सा न होते हुए, मतदान केन्द्र में हो रही सभी प्रकार की गतिविधियों की देखरेख करेंगे तथा मतदान के उपरांत वह अपनी रिपोर्ट संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रिजाइडिंग ऑफिसर द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की देखरेख भी करनी होगी ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जिला के 50 प्रतिकात मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग भी की जाएगी। सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान केन्द्र में कैमरा मकीन के ऊपर न लगा हो ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे।

**ट्रेनिंग**

**माइक्रो ऑब्जर्वर का कार्य मतदान केन्द्र में हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की देखरेख करना रहेगा**

# मतदान केन्द्र में 4 या 4 से अधिक लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध

**शिमला:** जिला दण्डाधिकारी किामला अनुपम ककयप ने धारा 144 की काक्तियों का प्रयोग कर आदेका जारी करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला किामला में मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में मतदान के लिए लाइन में लगे लोगों और कानून एवं व्यवस्था में तैनात कर्मियों को छोडकर 4 या 4 से अधिक लोगों के एक साथ एकत्रित एवं चलने पर प्रतिबंध होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोडकर अन्य व्यक्तियों को मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में अग्नि कास्त्रए घातक हथियार, बैनर, स्टीक लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव ड्यूटी में काामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छोडकर 100 मीटर के दायरे में लाउड स्पीकर,मोबाइल फ ोन, माइक्रो फ ोन का उपयोग करने पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह आदेका सीआरपीसी की धारा 144 (2) के तहत स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पारित किए जाते हैं तथा यह आदेका सरकारी कर्मचारी, कानून एवं व्यवस्था, आवकयक सेवाएं एवं चुनाव संचालन से जुड़े लोगों पर लागू नहीं होंगे।

# मतदान कर्मियों की अन्तिम चुनावी रिहर्सल सम्पन्न



**टीम एक्कान इंडिया/गोहर**

**गोहर:** 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव 28-नाचन अ.जा. विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की तीसरी चुनावी रिहर्सल आज सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में ख्योड़ मेला मैदान में सम्पन्न हुई। इस चुनावी रिहर्सल में 650 मतदान कर्मियों तथा 14 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें 162 पीआरओ और 488 पीओ काामिल रहे। कार्यक्रम में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने पोलिंग पार्टियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष व पारदर्कीा चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। चुनाव को काांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर भी उपस्थित अधिकारियों को जरूरी निर्देका दिए गए। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टियों की मतदान के दौरान जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है।

कार्यक्रम में चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई चूक न होए इसीलिए चुनाव संपन्न कराने के लिये अधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेकान के माध्यम से दायित्वों से अवगत कराया। साथ ही मॉक पोल की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से समझाया गया। पोलिंग पार्टी को बताया गया कि कल सुबह 8 बजे से यानि 30 मई को सभी पोलिंग पार्टियों अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगीं तथा पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और वापस आने तक जीपीएस युक्त गाडियों की व्यवस्था की जाएगी तथा मतदान करवाने तक सभी पोलिंग पार्टियों अपने-अपने मतदान केंद्रों में ठहराव करेंगे वहां किसी भी पोलिंग पार्टी को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए सभी प्रबंध किए जा चुके हैं।





**31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही तथा समाप्त वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार**

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक: समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | पृथक: समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | पृथक: समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | पृथक: समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 46,168 | 49,675 | 2,53,359 | 2,93,541 | 48,291 | 50,377 | 2,57,937 | 2,93,835 |
| 2. | अपवादात्मक मदों एवं कर पूर्व लाभ | (3,350) | 24,317 | 1,09,523 | 1,76,176 | (3,245) | 25,487 | 1,10,440 | 1,76,729 |
| 3. | कर पूर्व लाभ | 7,034 | 23,109 | 1,17,408 | 1,73,213 | 7,139 | 24,279 | 1,18,325 | 1,73,766 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात् शुद्ध लाभ | 6,151 | 1,361 | 90,840 | 1,36,345 | 6,108 | 1,721 | 91,144 | 1,35,930 |
| 5. | कर पश्चात कुल व्यापक आय | 5,847 | 1,281 | 90,389 | 1,36,143 | 5,800 | 1,640 | 90,689 | 1,35,727 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (10/- रूपए प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू) | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 |
| 7. | पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर अन्य इक्विटी | 10,10,048 | 9,89,217 | 10,10,048 | 9,89,217 | 10,14,105 | 9,92,974 | 10,14,105 | 9,92,974 |
| 8. | नेटवर्थ | 14,03,028 | 13,82,197 | 14,03,028 | 13,82,197 | 14,07,085 | 13,85,954 | 14,07,085 | 13,85,954 |
| 9. | प्रदत्त ऋण पूंजी | 9,66,534 | 7,19,936 | 9,66,534 | 7,19,936 | 20,35,072 | 14,07,171 | 20,35,072 | 14,07,171 |
| 10. | निरंतर प्रचालनों के लिए प्रति शेयर आय (विनियामक आस्थगन खाता शेष में शुद्ध बदलाव से पूर्व) (10/- रूपए प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं)(रूपए में) | | | | | | | | |
| | - बेसिक एवं डायल्यूटेड | 0.19 | 0.37 | 2.34 | 3.50 | 0.19 | 0.38 | 2.34 | 3.49 |
| 11. | निरंतर प्रचालनों के लिए प्रति शेयर आय (विनियामक आस्थगन खाता शेष में शुद्ध बदलाव के पश्चात्) (10/- रूपए प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं)(रूपए में) | | | | | | | | |
| | - बेसिक एवं डायल्यूटेड | 0.16 | 0.03 | 2.31 | 3.47 | 0.16 | 0.04 | 2.32 | 3.46 |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.69 | 0.52 | 0.69 | 0.52 | 1.45 | 1.01 | 1.45 | 1.01 |
| 13. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | 1.35 | 2.41 | 2.30 | 4.05 | 1.35 | 2.68 | 2.33 | 4.22 |
| 14. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | 2.62 | 5.24 | 4.72 | 10.43 | 2.34 | 6.77 | 4.77 | 11.87 |

एसजेवीएन SJVN

**एसजेवीएन लिमिटेड**
**SJVN Limited**
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule "A" PSU

CIN : L40101HP1988GOI008409

**नोट:** 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। कंपनी के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप हमारी वेबसाईट **http://www.sjvn.nic.in** के निवेशक खण्ड तथा बीएसई लि. तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कारपोरेट खण्ड के तहत **http://www.bseindia.com** तथा **http://www.nseindia.com** वेबसाइटों पर उपलब्ध है। 2. निदेशक मंडल ने दिनांक 29.05.2024 को संपन्न हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 0.65 रुपए प्रति शेयर (10/- रुपए प्रति फेस वैल्यू) की अनुशंसा की है। कुल लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) 1.80 रुपए प्रति शेयर है। (गत् वर्ष : 1.77/- रुपए प्रति शेयर) (10/- रुपए प्रत्येक की फेस वैल्यू पर)

***पंजीकृत कार्यालय :*** एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला-171006 हि.प्र. (भारत)
***समन्वय कार्यालय :*** कार्यालय ब्लाक, टावर-I, 6वीं मंजिल, एनबीसीसी कार्यालय कॉम्पलैक्स, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023

**फोन** : 0177-2660075
**फैक्स** : 0177-2660071
**ई-मेल** : investor.relations@sjvn.nic.in
**वेबसाईट** : **www.sjvn.nic.in**

स्थान : शिमला
दिनांक : 29 मई, 2024

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता./-
**(अखिलेश्वर सिंह)**
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08627576

# किन्नौर भाजपा के गद्दार भाजपा संगठन में बने सरदार, पार्टी का कर दिया बंटाधार: तेजवंत

**अनिल**

**किन्नौर: वर्ष-2022** के विधानसभा चुनावों में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर किन्नौर भाजपा से बागी हुए नेता, पूर्व विधायक किन्नौर व आजाद संगठन के संस्थापक तेजवंत सिंह नेगी ने रिकांग पीओ में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि किन्नौर भाजपा में वे जब तक रहे जीजान लगाकर पार्टी को संगठित किया था, लेकिन भाजपा के अंदर प्रदेका के पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी के आने से पार्टी का बंटाधार हुआ है और कोई भी भाजपा का कार्यकर्ता सूरत नेगी से खुका नहीं है। जिसके चलते हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता आज भी मुझसे जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि किन्नौर भाजपा का जिला



अध्यक्ष ने भी हालही में प्रेस में जारी ब्यान में उन्हें मोदी विरोधी बताया था जबकि उनके पास इसके पुख्ता साक्ष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि वे देका के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल से देका का नायक और विकास पुरुष मानते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदर सूरत नेगी व भाजपा का जिला अध्यक्ष यकावंत सिंह नेगी व चंद लोगों ने मिलकर भाजपा को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी बना रखी है, जिन्होंने हमेकाा भाजपा संगठन में रहकर कम्युनिस्ट की तरह काम किया है जिनके साक्ष्य उनके पास है। उन्होंने कहा कि सूरत नेगी ने वर्ष 2012 से लेकर अबतक जब भी

**आरोप**

**भाजपा के अंदर प्रदेश के पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी के आने से पार्टी का बंटाधार हुआ**

विधानसभा के चुनाव हुए उसमे भाजपा के खिलाफ ही काम किया और सीटू के साथ मिलकर भाजपा के खिलाफ कई बार गतिविधियां भी की है। उन्होंने कहा कि वे अब भाजपा से निष्कासित है और उनपर भाजपा के जिलाध्यक्ष यकावंत सिंह नेगी व सूरत नेगी के द्वारा भाजपा से लोग आजाद संगठन की ओर रुख कर रहे है इससे भोखला कर अनाप शनाप टिपण्णीयां कर रहे है। उन्होंने कहा कि किन्नौर भाजपा में पार्टी के गद्दार सरदार बने है और ईमानदार कार्यकर्ता पार्टी में सूरत नेगी व जिलाध्यक्ष यकावंत सिंह नेगी व भाजपा के अंदर कुछ ठेकेदार जो केवल भाजपा संगठन को कमाई की एजेंसी सोचकर काामिल हुए है उनकी वजह से आजाद संगठन में काामिल हो रहे है। उन्होंने किन्नौर भाजपा के जिलाध्यक्ष यकावंत सिंह नेगी को सलाह दी है कि आजाद संगठन के खिलाफ ब्यानबाजी छोड़े और आजाद संगठन में कितने लोगो की संख्या उनसे जुडी है इसका जवाब उन्हें जल्द मिलेगा, फि लहाल आजाद संगठन देशाहित में अपने मत का प्रयोग करेगा।

# एचआरटीसी प्रबन्ध निदेशक की ओर से दिए गए बयान को झूठ का पुलिंदा व हास्यास्पद करार दिया

**चमन शर्मा**

**शिमला: रेहड़ी-फ ड़ी तयबजारी यूनियन** सम्बन्धित सीटू ने तहबजारियों को ओल्ड बस स्टैंड किामला से उजाडने पर एचआरटीसी प्रबन्ध निदेकाक की ओर से दिए गए बयान को झूठ का पुलिंदा व हास्यास्पद करार दिया है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि एचआरटीसी प्रबन्धन झूठ बोलना बन्द करे अन्यथा काहर में पर्चा छापकर व पोस्टर लगाकर प्रबन्धन के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाया जाएगा। यूनियन अध्यक्ष सुरेंद्र बिट्टू व महासचिव राकेका कुमार ने कहा है कि एचआरटीसी प्रबन्धन अपनी गलत कार्रवाई को सही ठहराने के लिए मनगढ़ंत झूठी कहानियां गढ़ रहा है व यह कह रहा है कि ये तहबाजारी गैर कानूनी हैं। ऐसे तर्क देकर प्रबन्ध निदेकाक अपने ही परिवहन विभाग



के तत्कालीन मंत्री द्वारा इन तयबजारियों को वर्ष 1990 में जारी किए गए प्रमाण पत्र को झूठा ठहरा रहे हैं व सरकारी ओहदों में बैठे हुए अपने से वरिष्ठ प्रतिनिधियों के आदेकाों की अवहेलना कर रहे हैं। इन तयबजारियों को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2007 में दिए गए आदकाों के आधार पर मई 2014 में बने स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के अनुसार नगर निगम किामला के आयुक्त की अध्यक्षता में बनी टाउन वेंडिंग कमेटी ने सर्वे व फोटोग्राफी करके ओल्ड बस स्टैंड किामला की उक्त जगह पर तहबाजारी के स्ट्रीट वेंडिंग सर्टिफिकेट व पहचान पत्र जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से तहबाजारी धारकों पर एफआईआर की बात करने वाले एचआरटीसी प्रबन्ध निदेकाक पर पुलिस आयुक्त शिमला व थाना प्रभारी शिमला सदर को उन पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### ईजमायट्रिप ने दर्ज किया अब तक का सबसे उच्च एबिटा

**धर्मशाला:** भारत के मशहूर ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफार्म्स में से एक ईजमायट्रिप ने इस तिमाही के दौरान अपनी वृद्धि को बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन से रेवेन्यूम 1640 मिलियन दर्ज किया गया। इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी का एबिटा 24 प्रतिशत की वार्षिक बढ़त के साथ 577 मिलियन रुपए रहा। इसी तरह कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 551 मिलियन रुपए पहुंच गया। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की बुकिंग से होने वाली कुल आय 20900 मिलियन रुपये रही है।वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी के गैर एयर सेगमेंट में मजबूत ग्रोथ देखने को मिली है। इस अवधि में कुल होटल नाइट बुकिंग 1.4 लाख रही। इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं अन्य बुकिंग 53 प्रतिशत बढ़कर 2.7 लाख पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2024 की बात करें तो होटल नाइट बुकिंग और अन्य बुकिंग क्रमशः 49 प्रतिशत बढ़कर 5.2 लाख और 67 प्रतिशत बढ़कर 10.4 लाख पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2024 के प्रदर्शन की बात करें तो इस अवधि में कंपनी का परिचालन से रेवेन्यू 5906 मिलियन रुपये रहा। इसमें सालाना आधारपर 32 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इसी तरह एबिटा 2282 मिलियन रुपये रही है। इसमें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2151 मिलियन रुपये रहा। यह मजबूत प्रदर्शन ईजमायट्रिप में लगातार हो रही वृद्धि को स्पष्ट करता है। इस मजबूत प्रदर्शन के चलते इंडस्ट्री में कुछ मुनाफे में चल रही नए जमाने की टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक के रूप में कंपनी स्थिति को और मजबूत करता है।इसके अलावा कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में 85126 मिलियन रुपये का जीबीआर दर्ज किया जिससे इसकी बाजार स्थिति और मजबूत हुई है।

### कैंब्रिज ने भारत में मार्च 2024 के परीक्षा परिणामों की घोषणा की

**शिमला:** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने भारत में अपने मार्च 2024 के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। देश में 400 स्कूलों से 15000 से ज्यादा विद्यार्थियों को कैंब्रिज आईजीसीएसई और इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। यह भारत में कैंब्रिज द्वारा आयोजित अब तक की सबसे बड़ी मार्च की परीक्षाएं थीं।इस साल मार्च की परीक्षाओं के लिए 76000 से ज्यादा प्रविष्टियाँ आई थीं जो पिछले साल के मुकाबले 17 प्रतिशत ज्यादा थीं। कैंब्रिज आईजीसीएसई के लिए 56000 से ज्यादा प्रविष्टियाँ मिली थीं जो पिछले साल के मुकाबले 17 प्रतिशत ज्यादा थीं।कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल के लिए 18400 से ज्यादा प्रविष्टियाँ मिली थीं जो पिछले साल के मुकाबले 18 प्रतिशत ज्यादा थीं।कैंब्रिज आईजीसीएसई और इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल के लिए सबसे लोकप्रिय विषय मैथमैटिक्स,फिजिक्स और कैमिस्ट्री रहे जिससे भारत में विद्यार्थियों के बीच स्टेम विषयों की लगातार लोकप्रियता प्रदर्शित होती है।इकॉनॉमिक्स सबसे तेजी से बढ़ने वाले कैंब्रिज आईजीसीएसई विषयों में से एक था जिसके लिए प्रविष्टियाँ पिछले साल के मुकाबले 30 प्रतिशत बढ़ीं।कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस लेवल में इंग्लिश जनरल पेपर की प्रविष्टियों में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई जो पिछले साल के मुकाबले 43 प्रतिशत ज्यादा रहीं। इससे पाठ्यक्रम में कम्युनिकेशन स्किल्स का बढ़ता महत्व प्रदर्शित होता है। इंग्लिश जनरल पेपर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए आवश्यक मुख्य कौशल का विकास करने में मदद करता है जैसे वो विचारों का विश्लेषण करने,तर्क स्थापित करने और अपने विचार स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने में समर्थ बनते हैं। अरुण राजामणि,मैनेजिंग डायरेक्टर,कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट,साउथ एशिया ने कहा हम अपने सभी लर्नर्स और स्कूलों को कैंब्रिज आईजीसीएसई और इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल की परीक्षाओं में उनके शानदार परिणामों के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।उनकी सफलता हर टीचर,पैरेंट और हमारे शैक्षणिक समुदाय के सदस्य की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कैंब्रिज आईजीसीएसई के कठोर और फ्लेक्सिबल पाठ्यक्रम ने इन युवाओं को शैक्षणिक सफलता पाने में समर्थ बनाया है और अपने जीवन में आने वाले विभिन्न अवसरों के लिए तैयार किया है।इन परिणामों के बाद कैंब्रिज के विद्यार्थी भारत और विश्व के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में आवेदन कर सकते हैं।विद्यार्थी जून और नवंबर में भी कैंब्रिज परीक्षाएं दे सकते हैं।भारत में कैंब्रिज की इंटरनेशनल शिक्षा 475 स्कूल प्रदान करते हैं। कैंब्रिज पाथवे द्वारा लर्नर्स को विश्व के लिए तैयार होने में मदद मिलती है और उसे 3 साल की उम्र से 19 साल की उम्र तक पाँच चरणों में शिक्षा एवं पूरे विश्व में मान्यताप्राप्त योग्यता मिलती है।

# प्रत्याशियों के चुनावी व्यय की हुई तीसरी जांच

**खेमचंद कास्त्री**

**मंडी:** लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की तीसरी जांच डीआरडीए हॉल मंडी में बुधवार को व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी राकेका झा द्वारा की गई। जांच में मंडी संसदीय क्षेत्र के 10 प्रत्याकियों में से 9 प्रत्याकियों के अधिकृत एजेंट चुनावी व्यय जांच हेतु उपस्थित हुए। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रत्याशी नरेंद्र कुमार का कोई भी व्यय एजेंट व्यय जांच के लिए उपस्थित नहीं हुआ। इस दौरान प्रत्याशियों के चुनावी व्यय का आकलन किया गया। राकेका झा ने व्यय निगरानी टीमों को चुनाव प्रचार के अन्तिम दिनों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देका देते हुए कहा कि प्रत्याकियों के चुनाव प्रचार का व्यय रजिस्टर में दर्ज करने से न छूटे।

उन्होंने कहा प्रत्याकियों के खर्चे की कड़ी निगरानी की जा रही है। इसलिए प्रत्याकियों के अधिकृत एजेंटों से चुनाव चार के खर्च का पूरा ब्यौरा रोजाना रजिस्टर में दर्ज करने करें ताकि सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा बनाए गए कौडो रजिस्टर से इसका मिलान कर खर्च का सही आकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# भाखड़ा विस्थापितों का पक्ष रखने में फ्लॉप साबित हुए चार बार के सांसद: संदीप

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: हिमाचल** प्रदेका कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने प्रैस को जारी बयान में आरोप लगाया है कि पूरे देका को अपनी कुर्बानियों से रौकान करने वाले भाखड़ा विस्थापितों के मसले को भाजपा के कीर्ष नेता हल करवाना तो दूर की बात है। इस मसले को नेकानल लेवल पर उठा तक नहीं पाए हैं। बिलासपुर ही नहीं बल्कि ऊना के सैंकड़ो परिवार इस दंका से ग्रसित है। चार बार के सांसद व केंद्रीय मंत्री एक बार भी



बिलासपुर के भाखड़ा विस्थापितों के हकों की पैरवी करने में नाकाम रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में यह मसला ऐसा है जिसे केवल भाजपाईयों ने वोट बैंक की राजनीति के लिए ही प्रयोग किया है। साठ के दकाक में उजड़े इस काहर की दास्तां सबसे अलग इसलिए भी है। कि यह काहर आजाद देका का पहला विस्थापित काहर है। एक बार बसाव के बाद इसे पूछा तक नहीं गया। विस्थापितों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की सरकार ने 150वर्ग मीटर की नीति का निर्माण कुछ राहत पहुंचाई है। लेकिन भाजपा ने इस संवेदनकाील मसले पर कभी गौर ही नहीं किया।

# देश का संविधान बदलना चाहती है भाजपा: शशि थरूर

**धर्मशाला**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है। देश का संविधान खतरे में हैं। ऐसा कर भाजपा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास कर सकती है। यह भाजपा नेताओं की मंशा से लगता है।

कांग्रेस नेता शशि थरूर बुधवार को धर्मशाला में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। शशि थरूर ने इलेक्ट्रोल बांड पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इससे भाजपा की सच्चाई जनता के सामने आई है।

# 1 जून को लोकसभा चुनावों की वोटिंग के दौरान छोटे-बड़े सभी उद्योग बंद रहेंगे

**विमल ग्रोवर**

**परवाणू:** औद्योगिक नगरी परवाणू में 1 जून को लोकसभा चुनावों की वोटिंग के दौरान छोटे बड़े सभी उद्योग बंद रहेंगे। इस दौरान उद्योगो में कार्यरत श्रमिकों व कामगारों का सवेतन अवकाश रहेगा ताकि वे लोकसभा चुनावों में अपना वोट दाल सके। परवाणू के लेबर इंस्पेक्टर ललित मोहन ठाकुर की अध्यक्षता में परवाणू के लेबर ऑफि स में आयोजित बैठक में परवाणू के औद्योगिक संगठनों ने प्रकाासन को यह भरोसा दिलाया है। बैठक में परवाणू औद्योगिक संघ के महासचिव सार्थक तनेजा,

**सम्मान**

**उद्योगो में कार्यरत श्रमिकों व कामगारों का सवेतन अवकाश रहेगा ताकि वे चुनावों में अपना वोट दाल सके**

कार्यालय सचिव सुधीर गुलेरिया, लघु उद्योग संघ परवाणू के अध्यक्ष राकेका भाटिया, प्रमोद कार्मा, पवन वर्मा व केप्को लिमिटेड से अरविन्द ठाकुर, गैबरियल की एचआर मैनेजर नेहा कपूर समेत विभिन्न औद्योगिक इकाइयो के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर लेबर इंस्पेक्टर ललित मोहन ठाकुर ने उद्योगपतियों को 1951 के पीपल एक्ट के सेक्कान 135-बी बारे जानकारी दी। उन्होंने उद्योगपतियों को अपने कामगारो व श्रमिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अपने अपने प्रतिष्ठानों में स्लोगन लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। परवाणू इंडस्ट्रीज एसोसिएकान पीआईए के महासचिव सार्थक तनेजा ने बताया की परवाणू औद्योगिक संघ समेत अन्य संगठनों ने लेबर इंस्पेक्टर ललित मोहन ठाकुर को आश्वासन दिया।

# मई से 1 जून तथा 4 जून को ड्राई डे घोषित

**चमन शर्मा**

**किामला:** जिला दण्डाधिकारी किामला अनुपम ककयप ने आदेका जारी करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला किामला तथा दूसरे राज्यों के साथ लगती सीमा में 3 किलोमीटर के दायरे तक 30 मई सांय 6 बजे से 1 जून, 2024 को सांय 6 बजे तक ड्राई डे घोषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त मतगणना के दिन 4 जूनए 2024 को मतगणना पूर्ण होने तक भी ड्राई डे रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान होटलों, ढाबों, दुकानों अथवा सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर भी मादक पदार्थों की बिक्री एवं वितरण पर पाबंदी रहेगी।

# सरकार को सबक सिखाएगी जनता: बलदेव



**एसपी जैरथ**

**नाहन: शिलाई** विधानसभा के विश्राम गृह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री एव नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आना प्रस्तावित था। लेकिन हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी के कारण उनका दौरा रद्द हो गया। जिसके बाद उन्होंने मोबाइल के माध्यम से लोगो को संबोधित किया गया। जय राम ठाकुर ने लोगो को संबोधन में कहा कि आगामी 1 तारीख को कमल का बटन दबा कर मोदी जी को 400 पार लेकर जाए और 4 तारीख को दो सरकारें बनने जा रही है। एक केंद्र में मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार व दूसरी हिमाचल में भाजपा की। पूर्व विधायक किालाई बलदेव तोमर ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा किालाई विधानसभा के 2 दर्जन संस्थान जो भाजपा सरकार द्वारा जनहित में खोले गए थे वो कांग्रेस की सरकार द्वारा बंद कर दिए गए।

विकासनगर से विधायक मुन्ना चौहान ने मंत्री हर्षवर्धन और प्रदेका

**वोट की अपील**

**आगामी 1 तारीख को कमल का बटन दबा कर मोदी को 400 पार लेकर जाए: जयरम ठाकुर**

सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहाँ कि वो हाटी समुदाय के नौजवानो के साथ खिलवाड़ कर रहे है और समाज को आपस मे लड़ाने का काम कर रहे है। उत्तराखंड के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक काक्ति लाल कााह ने कहा कि वो किसी प्रदेका की पहली ऐसी सरकार देख रहे है जो संस्थानों को खोलने का नहीं बल्कि बंद करने का काम कर रही है। इस दौरान जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दलीप चौहान अपने समर्थको सहित कांग्रेस छोड़ भाजपा मे काामिल हुए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष इंदर ठाकुर, सूरत चौहान, हरि सिंह, राकेका ठाकुर, टीटू नेगी, सहित आदि उपस्थित रहे।

# जनता मांग रही हिसाब, कांग्रेस कर रही नौटंकी

## प्रदेश की जनता अब इनके झूठ के पुलिंदे पर विकवास करने वाली नहीं है: बिंदल

**चमन शर्मा**

**शिमला: भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेका अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता जो हिमाचल में चुनावी रैलियों को सम्बोधित कर रहे हैं। उनसे पूछा कि डेढ़ साल पहले हिमाचल प्रदेश की जनता को जो झूठी गारंटियां परोसी थी, उनका हिसाब हिमाचल की जनता मांग रही है और यह नेता दोबारा से और बड़ी-बड़ी नौटंकियां करके जा रहे हैं। प्रदेश की जनता अब इनके झूठ के पुलिंदे पर विकवास करने वाली नहीं है। प्रदेका के मुख्यमंत्री घोषणा कर रहे है कि मेरा खजाना खाली है और



कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अरबों-खरबों रुपए की घोषणाएं करके जा रहे हैं।

डॉ. बिन्दल ने कहा कि प्रदेका की जनता से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को और प्रदेका के मुख्यमंत्री को माफ ी मांगनी चाहिए जिन्होनें प्रदेका के मतदाता के साथ धोखा किया, छल किया, कपट किया एक बार नहीं लगातार कर रहे हैं। डॉ. बिन्दल ने कहा कि हिमाचल का विकास जो विगत भाजपा सरकार में हो रहा था उस विकास कार्य को वर्तमान कांग्रेस सरकार ने ताला लगाकर जनता का नुकसान किया। मोदी द्वारा दी गई गरीब कल्याण की योजनाएं, सडकों के निर्माण की योजनाएं, पेयजल निर्माण की योजनाओं को भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार में समाप्त कर दिया जिसका हिसाब 1 जून को जनता मोदी को अपना आकीर्वाद देकर हिमाचल प्रदेका में कमल खिलाएगी और भाजपा चारों लोकसभा सीटें भारी बहुमत से जीतकर जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की लोकप्रियता से कांग्रेस के नेता पूरी तरह घबराए हुए है।

यही कारण है कि वह ऐसी बयान बाजी कर रहे हैं जिससे वह स्वयं का मनोबल बढ़ा सके पर यहसंभव नहीं है। आज कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा द्वारा दिया गया बयान हास्यास्पद है। अगर इन नेताओं को दो काब्दों में बताया जाए तो यह कांग्रेस के बुझते हुए दीपक है। यह नेता बुझता दीपक है।

# माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पार्टियों की रेंडमाइजेकान का आयोजन

**चमन शर्मा**

**किामला: लोकसभा** चुनाव 2024 के दृष्टिगत 4-किामला (अ.जा.) लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की निगरानी में माइक्रो ऑब्जर्वर की दूसरी एवं पोलिंग पार्टी की तीसरी रेंडमाइजेकान का आयोजन गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किामला अनुपम ककयप ने की। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि 4-किामला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए तीन जिलों में 148 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है, जो मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों पर अपनी नज? रखेंगे।




उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त चुनाव क्षेत्र के लिए 105 माइक्रो ऑब्जर्वर को रिजर्व रखा गया है ताकि आवकयकता अनुसार उनकी तैनाती की जा सके। अनुपम ककयप ने कहा कि 4-किामला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत जिला किामला में 34 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है तथा 9 माइक्रो ऑब्जर्वर को रिजर्व रखा गया है वहीं जिला सोलन में 56 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है तथा 73 को रिजर्व रखा गया है। इसके अतिरिक्त जिला सिरमौर में 58 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है तथा 23 को रिजर्व रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त आज 4.किामला लोकसभा चुनाव क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टी की तीसरी रेंडमाइजेकान का भी आयोजन किया गयाए जिसमें जिला किामला के 1026 पोलिंग बूथए जिला सोलन के 592 पोलिंग बूथ तथा जिला सिरमौर के 566 पोलिंग बूथ के लिए पोलिंग पार्टियों के आदेका जारी किए गए हैं।

**तैनाती**

**तीसरी रेंडमाइजेकान का आयोजन गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया**

# मतदान के अंतिम 48 घंटों में प्रिंट मीडिया में विज्ञापन का प्रमाणीकरण जरूरी

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति एमसीएमसी के अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि प्रिंट मीडिया में राजनीतिक दलों या प्रत्याकियों द्वारा विज्ञापन प्रकाकान के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटों में पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। एमसीएमसी द्वारा 24 घंटे लोकसभा चुनावों तथा विस उपचुनाव के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा बिना पूर्व प्रमाणीकरण के राजनीतिक विज्ञापन का प्रसारण करने अथवा प्रिंट मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत



निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेकाों के अनुसार राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने से पहले इसका पूर्व प्रमाणीकरण करवाना जरूरी है। पूर्व प्रमाणीकरण के लिए राज्य स्तर पर किामला में तथा जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोकाल मीडिया तथा बल्क एसएमएस इत्यादि के लिए पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। वहीं आवेदक निर्धारित प्रपत्र पर विज्ञापन संबंधी जानकारी, ऑडियो-वीडियो फाइल व स्क्रिप्ट की स्व-हस्ताक्षरित कॉपी भेज कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, विभिन्न संगठनों तथा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आग्रह किया है।

# अनुराग ठाकुर हवाई नेता, रायजादा जमीनी : हरिकृष्ण हिमराल

**चमन शर्मार्मा**

**किामला: हमीरपुर** संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याकाी सतपाल रायजादा भारी बहुमत से जीतने वाले हैं। जिस तरह से सतपाल रायजादा को जनता का समर्थन मिल रहा है वह विपक्षी पार्टी के खेमे में खलबली मचाने वाला है। एक जून को संसदीय क्षेत्र की जनता सतपाल रायजादा को अपना अपार समर्थन आकाीर्वाद के रूप में देने वाली है। यह बात कांग्रेस प्रदेका उपाध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल ने जारी एक मीडिया बयान को दी। उन्होंने कहा कि सतपाल रायजादा जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं जबकि अनुराग ठाकुर हवाई नेता हैं। जो जनता को सिर्फ बरगलाने का काम करते हैं। हिमराल ने कहा कि हमीरपुर संसदीय सीट पर क्षेत्र की जनता इस बार अनुराग ठाकुर को अग्निवीर की तरह रिटायर करने वाली है। क्योंकि क्षेत्र की जनता उनके बड़बोलेपन और जुमलों से परेकाान हो गई है। उन्होंने कहा कि एक ओर 4 बार के सांसद अनुराग ठाकुर हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याकाी सतपाल रायजादा है जो ईमानदार और लोगों की सेवा करने वाले नेकदिल इंसान हैं। हिमराल ने कहा कि क्षेत्र की जनता धूमल परिवार से ऊब चुकी है जो सिर्फ अपनी ठाठबाठ और ऊंचे रुतबे के चलते आम जनता की अनदेखी करती है।



हिमराल ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने 4 बार सांसद और केंद्रीय मंत्री रहते हुए ऐसी कौन सी तोप मारी है जिसके चलते वे आज पांचवीं बार क्षेत्र की जनता से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ऐसी 4 उपलब्धियां जनता को गिनवाएं जिसके चलते उन्हें वोट दिया जाए।

हर बार सिर्फ धर्म-जाति, हिंदू मुस्लिम की राजनीति कर वोट नहीं मांगे जाते। हिमराल ने कहा कि प्रदेका में आई भयंकर आपदा के दौरान जहां सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेका अग्निहोत्री समेत सतपाल रायजादा जैसे अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकताओं ने प्रभावितों के बीच जाकर राहत पहुंचाने का काम करते रहे तो वहीं सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सिर्फ राजनीति और दिल्ली में गायब रहे। उस दौरान उन्हें हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता की याद तक नहीं आई बल्कि उल्टा-सरकार को मिलने वाली आर्थिक सहायता और राहत सामग्री रोकने का काम करते रहे। अनुराग ठाकुर समेत दो अन्य भाजपा सांसदों ने लोकसभा सदन के भीतर हिमाचल से जुड़ा एक भी सवाल जवाब नहीं किया। प्रदेका में आपदा से 10 हजार करोड़ का नुकसान हुआ 551 लोगों की जान गई लेकिन केंद्र में मंत्री रहते हुए इन्होंने प्रदेका की कोई सहायता नहीं की।

हिमराल ने कहा कि अनुराग ठाकुर केंद्रीय खेल मंत्री हैं लेकिन जब महिला पहलवानों के साथ हुए अनैतिक दुर्व्यवहार पर एक भी काब्द नहीं निकला कहां तो महिला पहलवानों द्वारा भाजपा के सांसद पर लगाए गए आरोपों पर कार्रवाई करने की बात थी।

# चुनावी बॉन्ड से बीजेपी को मिले सबसे अधिक कुल 8,252 करोड़ रुपए का चंदा: संजय

**चमन शर्मा**

**शिमला: विश्व** की सबसे बडी पार्टी का दावा करने वाली पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पीएम नरेंद्र मोदी ने न खाऊंगा न खाने दूंगा जैसे लोकलुभावन नारा देकर देका की सत्ता पर कब्जा किया। पीएम मोदी के इस दावे की हवा तब निकल गई जब राजनीतिक इतिहास में काताब्दी का सबसे बड़ा घोटाला इलेट्रॉल बांड के रूप में सामने आया। यह देका की राजनीतिक पार्टियों के इतिहास का पहला लीगल घोटाला हुआ है जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों से इलेक्ट्रोल बांड के जरिये चंदा वसूला गया। यह बात प्रदेका कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने एक प्रेस बयान में कही। उन्होंने पीएम मोदी पर निकााना साधते हुए कहा कि इस घोटाले के सामने आने के बाद



प्रधानसेवक और ईमानदारी की कसमें खाने वाले मोदी की पोल खुल गई है। देका को भरष्ट्राचार मुक्त करने का दावा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलेट्रॉल बांड पर मूकदर्काक बन गए हैं। सब कुछ होता देख प्रधानमंत्री के मुंह से एक भी काब्द बोलने की हिम्मत नहीं दिखा सके।

अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन धर्म और गौ-रक्षा को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि गौ रक्षा की कसमें खाने वाले पीएम ने बीफ कंपनियों से भी 250 करोड़ रुपए चुनावी चंदे के रूप में वसूल लिए। क्या प्रधानमंत्री देकावासियों को बताएंगे कि गौ. रक्षा की कसमें खाने वाले श्चंदे के बदले धंधे की अधार्मिक वसूली क्यों कर रहे हैं। देकावासी क्या इसे प्रधानमंत्री का दोहरा चरित्र समझे मोदी देकावासियों को भ्रष्ट्राचार मुक्त, विदेकाों से कालाधन लाने, 2 करोड़ नौकरियों, 15 लाख रुपए लोगों के खाते में देने, किसानों की आय दोगुनी करने जैसे बड़े सपने दिखाकर सत्ता हथियाई जोकि दस साल में चुनावी जुमले साबित हुए हैं।

## हिमाचल की जनता कांग्रेस को मांग रही हिसाब: भाजपा

**शिमला: भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजीव बिन्दल ने हिमाचल में चुनाव प्रचार कर रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं से पूछा है कि कि डेढ़ साल पहले हिमाचल प्रदेश की जनता को जो झूठी गारंटियां परोसी थी, उनका हिसाब हिमाचल की जनता मांग रही है और यह नेता दोबारा से और बड़ी-बड़ी नौटंकियां करके जा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश की जनता अब इनके झूठ के पुलिंदे पर विश्वास करने वाली नहीं है। डॉ0 बिन्दल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा कर रहे है कि मेरा खजाना खाली है और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अरबों-खरबों रुपए की घोषणाएं करके जा रहे हैं।

# कामगार से डेढ़ लाख छीनकर 1500 से रिझाना चाह रही है कांग्रेस

**आरोप**

**▶▶जिस कल्याण बोर्ड के माध्यम से उनके बच्चों की शिक्षा के लिए डेढ़ लाख रुपए दिए जाने का जो प्रावधान किया**

**विवेकानंद वकिाष्ठ**

**हमीरपुर: बड़सर** मे भाजपा प्रत्याकाी इंद्रदत्त लखनपाल ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा है कि प्रदेका सरकार ने कामगारों के बच्चों के साथ कुठारघात किया है! उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखू ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा कामगारों को मजबूत बनाने के लिए जिस कल्याण बोर्ड के माध्यम से उनके बच्चों की



शिक्षा के लिए डेढ़ लाख रुपए दिए जाने का जो प्रावधान किया था। उसे बंद करके खुद को मजदूर विरोधी घोषित किया है! मुख्यमंत्री महिलाओं खास तौर पर कामगार महिलाओं को 1500 रुपए का झांसा देकर उन्हें रिझाने की कोकिाका कर रहे है! लेकिन काायद मुख्यमंत्री ये नहीं जानते है कि घर और रसोई का वजट संभालने बाली प्रबुद्ध महिला काक्ति कितनी सकाक्त और समझदार है! लखनपाल ने कहा प्रबुद्ध महिला काक्ति के कारीर मे बोझ उठाने की जितनी ताकत है उससे ज्यादा ताकतवर उनका दिमाग है! वह झूठ और सच के बीच का फर्क भलीभांति जानती है। भाजपा प्रत्याकाी लखनपाल बुधवार को बड़सर विस क्षेत्र के एक दर्जन नुक्कड सभाओं को संबोधित करते हुए इस बात को कह रहे थे! उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले चुनावों मे महिलाओं को 1500 रुपए का लालच देकर सतासीन हुई थी लेकिन कुर्सी मिलने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने कामगार कल्याण बोर्ड की छात्रवृति योजना को ही बंद कर दिया! कांग्रेस ने चुनावों से पहले सरकार की पहली केविनट मे 1500 रुपए प्रति माह देने का वायदा किया था लेकिन 15 माह बाद भी महिलाएं खुद को ठगा सा महसूस कर रहीं है! लेकिन अब उप चुनावों मे फिर सुखू सरकार महिलाओं को झांसा देकर महिला सम्मान निधि के फार्म भरने मे उलझा रही है!

उन्होंने कहा कि बिझड़ी में गत दिनों खुद को मजदूर हितैषी कहलाने वाले संगठन सीटू ने महिलाओं को कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ पुनः काुरू करने का झूठ बोलकर चुनावी सभा में बुला लिया। लेकिन सभी महिलाएं उनके इस झूठ को समझ गईं और तुरंत सभा से बाहर निकल गईं। यह बताता है कि यह कर्मचारी यूनियनें भी किस नीयत के साथ कांग्रेस से हाथ मिला रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आठ परिवारों ने भाजपा छोड़ थामा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हाथ

**चमन शर्मा**

**शिमला:** कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाघी से संदीप रंजटा, ग्राम पंचायत कलबोग से बिट्टू राजटा, विनी राजटा, अनुज भलेईक, ग्राम पंचायत रतनाड़ी के खमारवी गाँव से प्रेम भोलटा, जुब्बल तहसील के ग्राम पंचायत नंदपुर से कमल ठाकुर, ग्राम पंचायत बढाल के शड़ाहना से हरीश मलोकटा, ग्राम पंचायत सारी से प्रीतम मास्टा, ग्राम पंचायत नकराड़ी से मोहिंदर सिंह परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और उनके द्वारा जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में करवाएं जा रहे विकास कार्यो से प्रभावित होते हुए भाजपा छोडकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी का कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि सभी को पार्टी में पूरा मान.सम्मान दिया जाएगा ।

### मतदान कार्य में लगे अधिकारी व कर्मचारी संजीदगी और जिम्मेदारी से करें कार्य : अनुपम

**चमन शर्मा**

**शिमला : रिटर्निंग** अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना कार्य पूरी संजीदगी और जिम्मेदारी से करें। अनुपम कश्यप गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में मतदान और मतगणना दिवस की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों और अन्य सहायक स्टाफ के आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को अपनी तैयारी 30 मई तक पूर्ण करना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की कमी को 31 मई को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 01 जून 2024 को प्रातः 7 बजे से आरम्भ होगा परन्तु उससे 90 मिनट पहले मॉक पोल का आयोजन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में करवाया जायेगा। मॉक पोल की रिपोर्ट सही आने पर ही 7 बजे से मतदान आरम्भ होगा। उन्होंने मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारियों को 01 जून को प्रातः 5 बजे पहुँचने के निर्देश दिए ताकि 5 :30 बजे मॉक पोल का आयोजन किया जा सके। उन्होंने बताया कि 01 जून को जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग होगी जिसमें 16 क्रिटिकल, 12 शैडो एरिया और 7 लम्बी दूरी वाले मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने 16 क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग से कड़ी निगरानी करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्तए उन्होंने विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट तैयार करने के लिए समय रहते सभी प्रारूप प्राप्त कर उनमें डाटा एंट्री करने का अभ्यास करने के निर्देश दिए ताकि मतदान वाले दिन ऑनलाइन और ऑफलाइन रिपोर्ट में किसी प्रकार की कोई गलती न हो।

### अमेजन ने सामुदायिक सहभागिता प्रयासों के जरिये 7.8 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया

**शिमला:** अमेजन विभिन्न प्रभावशाली पहलों के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रगति कर रहा है। अमेजन ने देश भर में 7.8 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है ।अमेजन अपने विशाल संसाधनों और नवोन्मेषी क्षमताओं का लाभ उठाकर वंचित आबादी को आवश्यक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। अमेजन फ्यूचर इंजीनियर जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य है कंप्यूटर विज्ञान शिक्षा में अंतर को पाटना ताकि विभिन्न पृष्ठभूमि के युवा छात्रों को अपने करियर के लिए महत्वपूर्ण कौशल हासिल करने का अवसर मिले। इन शैक्षणिक प्रयासों के तहत कई तरह की छात्रवृत्तियों की व्यवस्था है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय बाधाएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच के लिए चुनौती न बनें ।इसके अलावा अमेजन ने घोषणा की कि उसने शेल्टर और स्वच्छता किट सहित अपनी आपदा राहत सामग्री की तैयारी शुरू कर दी है ताकि कंपनी 72 घंटे से कम समय में जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री प्रदान कर सके। इसके लिए अमेजन देश भर में राहत कार्य से जुड़ी चीजों को जल्दी और कुशलता से पहुंचाने के लिए अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का उपयोग करेगी ।अमेजन आपातकालीन प्रतिक्रियाओं से परे स्वास्थ्य,स्वच्छता और उद्यमिता को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों में निवेश करता है ।महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने पर विशेष जोर दिया गया है जो समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष और कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा अमेजन में हमारी सफलता मूल रूप से उन लोगों की भलाई से जुड़ी है जिनकी हम सेवा करते हैं।

# एड्स को खत्म करने के लिए सभी मिलकर आगे आएं: राजीव



**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल प्रदेश** राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने आज हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान परिमहल शिमला में सोसायटी द्वारा सामुदायिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय नेटवर्क, राज्य स्तरीय नेटवर्क, पीपल लिविंग विद एचआईवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम एवं उपचार साक्षरता कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस दो दिवसीय कार्यशाला का विषय ष्मेरा स्वास्थ्य . मेरी जिम्मदारीष है। कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में एचआईवी पॉजीटिव लोगों को राज्य स्तरीय तंत्र तथा जिला स्तरीय नेटवर्क के साथ जुड? के लिए प्रेरित करना है। इससे हिमाचल प्रदेश के सभी एचआईवी पॉजीटिव व्यक्ति मिलकर इस संक्रमण को रोकने के लिए कार्य कर सकेंगे और अपने अधिकारों व सुविधाओं के बारे में जागरूक बनेंगे। राजीव कुमार ने

**बैठक**

**▶▶पीपल लिविंग विद एचआईवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम एवं उपचार साक्षरता कार्यशाला की अध्यक्षता की**

कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों को शीघ्रातिशीघ्र जिला स्तरीय नेटवर्क का गठन कर पंजीकरण करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आईए! हम सभी मिलकर एचआईवी तथा एड्स को खत्म करने के लिए आगे आएंए जिसके

लिए एचआईवी जांच अवश्य करवाएं। एचआईवी पॉजीटिव लोगों को इस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आगे आना होगा तभी हम मिलकर इस बीमारी को जड़ से खत्म करने में कामयाब होंगे। कार्यशाला के दौरान उपचार साक्षरता कार्यक्रम मेरा स्वास्थ्य -मेरी जिम्मेदारी पर भी विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।

## जंगलों में भीषण आग से करोड़ों की संपदा हो रही राख

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश में प्रचंड गर्मी के साथ ही जंगलों में आग का तांडव भी देखने को मिल रहा है। शिमला सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी जंगलों में भीषण आग से करोड़ों की वन संपदा स्वाह हो रही हैं। भाजपा ने जंगलों की आग को लेकर सरकार को घेरा है और इसे कांग्रेस सरकार की नाकामी बताया है। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में 9480 हेक्टेयर भूमि आग की चपेट में हैं। जंगलों की आग बस्तियां तक पहुंच गई है लेकिन सरकार और विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। आग के कारण टूटी कंडी बालिका आश्रम से बच्चियों को मसोबरा सिफ्ट करना पड़ा हमीरपुर में पंप हाउस जल गया। प्रदेश में वन विभाग का कोई मंत्री नहीं है मुख्यमंत्री स्वयं जो इस विभाग को देख रहे है।

# राजनीति विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग : डॉक्टर गोपाल

**खेमचंद काास्त्री**

**मंडी: राजीव** गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटकोरा किामला 4 के राजनीति काास्त्र विभाग द्वारा राजनीतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार के विविध अवसरों पर ऑनलाइन कार्यकााला का आयोजन किया गया। यह जानकारी प्रो. प्रतिभा ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि कार्यकााला में मुख्यतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल कृष्ण चौहान रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एसोसियेट प्रोफे सर डॉ सुनील चौहान ने कार्यकााला के उद्देकयों पर प्रकाका डाला और छात्रों को व्यक्तिगत समस्याओं के प्रबंधन एवं जीवन में कड़ी मेहनत व उद्देकय निर्धारण के विषय संबंधी ज्ञान दिया।



कार्यक्रम के मुख्यवक्ता सेंट बिड्स कॉलेज से डॉ रमेका कुमार ने छात्रों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के विषयों पर जानकारी देते हुए कहा कि राजनीति विज्ञान हमारे जीवन का अभिन अंग है तथा हर सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार के बहुत से अबसर विद्यमान है प्रोफे सर अजय कुमार ने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस प्रकार की जाये तथा अनुसंधान के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के विषय में जानकारी दी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रतिभा ठाकुर ने छात्रों को पढ़ाई के दौरान टाइम मैनेजमेंट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी कार्यकााला में राजीव गांधी महाविद्यालय सहित धामी, पनारसा, धर्मकााला, सुन्नी, दारलाघाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

# शिमला शहर में पानी का संकट, मैन लाइन में लीकेज से बर्बाद हो रहा था लाखों लीटर पानी, मौके पर पहुंचे महापौर

**चमन शर्मा**

**शिमला:** शिमला में गर्मियों में पानी का संकट गहरा गया है कई क्षेत्रों में दो से तीन दिन बाद लोगों को पानी मिल रहा है वही शहर में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं और पानी की मुख्य लाइनों में से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है ।मशोबरा में पानी की मुख्य लाइन से पानी लीकेज हो रहा था ओर पानी खुले में बह रहा था। जिसका वीडियो बना कर स्थानीय लोगो ने नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान को भेजा। वही महापौर भी अधिकारियों के साथ बुधवार को मशोबरा पहुचे ओर मौके का जायजा लिया और अधिकारियों को लीकेज को बन्द करने के निर्देश दिए।

**संकट गहराया**

**▶▶शिमला में गर्मियों में पानी का संकट गहरा गया है कई क्षेत्रों में दो से तीन दिन बाद लोगों को पानी मिल रहा हैं**

नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि मशोबरा में पानी की लीकेज की शिकायत मिली थी और यहां पर आज अधिकारियों के साथ आए हैं अधिकारियों को यहां पर लीकेज बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला के लिए जो पाइपलाइन बिछाई गई है वह काफी पुरानी है जिसके चलते पानी काफ ी जगह से लीकेज हो रही है। जिससे पानी बर्बाद हो रहा है उन्होंने कहा कि शिमला में पानी का वैसे भी इन दोनों संकट गहराया हुआ है और यदि लीकेज पूरी तरह से रोक दी जाए तो पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। गुम्मा से जो शिमला के लिए पानी की लाइन 100 साल पुरानी है इसे बदलने का लेकर भी कार्य शुरू किया गया है जिस पर 4 करोड रुपए खर्च होंगे।जिससे पानी की लीकेज काफी हद तक बंद की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में हर रोज 40 एमएलडी पानी आ रहा है बावजूद इसके 2 लाख की आबादी को पानी न मिलाना यह चिंता का विषय है इसको लेकर जल निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं। बता दें शिमला शहर में इन दोनों पानी का संकट गहराया और कई क्षेत्रों में तीन दिन बाद भी लोगों को पानी मिल रहा है हालांकि शिमला शहर में 40 से 42 एचडी पानी की जरूरत रहती है और इन दोनों भी 40 के करीब एमएलडी पानी आ रहा है बावजूद इसके शिमला शहर के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है जल निगम का तर्क है कि पर्यटन सीजन के चलते पानी की ज्यादा खपत रहती है और परियोजनाओं में भी पानी का स्तर कम हो गया है।

# भाजपा को हिमाचल में भारी बहुमत, मोदी बनेंगे फिर प्रधानमंत्री: सुरेश कश्यप

**एसपी जैरथ/मनीष**

**नाहन/सोलन:** भाजपा को हिमाचल प्रदेश की चारों लोक सभा सीटों पर जनता के आशीर्वाद से भारी बहुमत मिलने का पूर्ण विश्वास है, जिससे कमल एक बार फि र खिलेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 सीटों के साथ लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा सांसद एंव प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने पच्छाद और सोलन विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य में त्रासदी और विकास के लिए भेजे गए पैसों का दुरूपयोग किया और अपने चहेतो में बंदरबांट किया है। उन्होंने कहा



कि आपदा प्रभावित लोगों तक उस राशि को नहीं पहुंचने दिया जिन्हें उनकी असल में आवश्यकता थी। कांग्रेस सरकार ने पीड़ितों को बेसहारा छोड़ दियाए जबकि भाजपा पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी रही। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने हरसंभव मदद उपलब्ध कराई है। सांसद कश्यप ने कहा कि कांग्रेस का झूठ अब सामने आने वाला है हर बात पर रोने वाली कांग्रेस अपने आने वाले कार्यकाल में भी मात्र रोने का ही कार्य करेगी। इसलिए हिमाचल के जागरूक मतदाताओं को अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए इस झूठी सरकार को निकाल बाहर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चाशनी में जहर देने का काम कर रही है और दलितए पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालने का प्रयास कर रही है। भारतीय जनता पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है और किसी भी सूरत में एससीए एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को छीनने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिनके नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर इंडी गठबंधन के रूप में भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है जिसे देश की महान संस्कृति से नफ रत है। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, झारखंड सरकार और आम आदमी पार्टी के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। ममता बनर्जी के मंत्रियों के घरों से पैसे बरामद हुए हैं, कांग्रेस के सांसद के घर से 365 करोड़ से ज्यादा रुपए मिले हैं, झारखंड के मंत्री के पीए के घर में 29 करोड़ रुपए कैश मिले हैं और अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में जेल से बेल पर हैं।

राहुल गांधी खुद जमानत पर चल रहे हैं। कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार सीमा पर सडक बनाने से डरती थी कि दुश्मन आ जाएगा, लेकिन मोदी ने बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर की नई कहानी लिखी है और अटल टनल को भी पूरा कराया है।

# पूरा देश मोदी के साथ, देवभूमि की बेटी के अपमान का जवाब देंगे लोग: जयराम ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुंदरनगर में कहा कि पूरा देश ही मोदीमय हुआ है, भारत के साथ दुनिया भर से लोग चाहते हैं कि नरेन्द्र मोदी ही तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। दुनिया के देशों में उनके तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी को अपने देश में बुलाने के लिए होड़ मची है। समय के साथ-साथ नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पहली बार जब वह प्रधानमंत्री बने, उससे ज्यादा जन समर्थन दूसरी बार मिला। इस बार और बड़ा जनसमर्थन देश के लोग देने जा रहे हैं। ऐसा इसलिए



है कि देश के लोग सिर्फ मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हैं। इस मौके. पर उनके साथ सुंदरनगर विधायक राकेश जंवाल सहित स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चुनाव के नतीजों पर चर्चा की



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** चुनाव के बाद देवेंद्र कादियान ने समालखा और ग्रामीण हल्का के पदाधिकारियों के साथ बैठक की करनाल लोकसभा चुनाव होने के बाद करनाल लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का व ग्रामीण हल्का के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके विचार विमर्श कर चुनाव के नतीजों पर चर्चा की।

देवेंद्र कादियान ने कहा की जनता का जो भी फैसला होगा वो सर्वपीर्य होगा जनता जो भी आशीर्वाद देगी वो सिर माथे पर होगा और हमारे कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का जोश और हिम्मत काबिले तारीफ है उन्होंने अभी से ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है उन्होंने कहा की जनता के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं लोकसभा चुनाव में करनाल की जनता ने जो प्यार,आशीर्वाद,सम्मान दिया सभी का हाथ जोड़कर तह दिल से धन्यवाद करता हूं उन्होंने कहा की आपका बेटा आपका भाई सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा। इस मौके पर हल्का प्रधान रामनिवास पटवारी,बलराज मछरोली,कृष्ण चंदौली,लेखराज खटर,सुभाष धीमान,विपिन छाबड़ा,सुभाष शर्मा,कवरभान डिकाडला,विनोद वाल्मीकि,बुबा खान,राजेश खन्ना,लालचंद बिंझोल,सतबीर भगत,ईश्वर एक्स सरपंच,रियासत खान,विनोद वाल्मीकि,महाबीर कश्यप,मिनाक्षी चावला,सुशीला त्यागी,सुमन नरवाल,पुष्पा त्यागी मौजूद रहे।

### थेलिसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर 2 जून को

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** श्री सनातन धर्म सभा, जेसीआई करनाल गोल्ड, इक्विटस स्माल फाइनेंस बैंक, करनाल केमिस्ट एसोसिएशन और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थेलिसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 2 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड़, करनाल में किया जाएगा।

यह जानकारी शिविर के संयोजक कपिल किशोर, शाखा प्रबंधक सारिका मालिक, जेसी रवि नंदन गर्ग, जेसी नवीन गुप्ता, जेसी कपिल गुप्ता, जेसी प्रमोद बंसल, जेसी सुनील मलिक, जेसी डॉ. राजीव पंवार, जेसी रजत गुप्ता और जेसी आशीष जिंदल ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि 18 साल से 60 साल तक का हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया जाएगा।

### बैंक से लोन नहीं मिलने पर खेड़ी गुज्जर में उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव की सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की शाखा में लोन के लिए आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं ने बुधवार को बैंक के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक द्वारा उनका लोन कागजों में तो पास कर दिया गया और बैंक में गिरवी रखे उनकी जमीन के कागजों में भी लोन चढ़वा दिया, लेकिन आज तक उनके खातों में रुपये नहीं पहुंचे। उन्होंने बैंक की शाखा प्रबंधक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बैंक प्रबंधन निजी व्यक्ति के माध्यम से लोन फाइल तैयार करवाने वाले लोगों को ही लोन देता है। उन्होंने एसडीएम गन्नौर को शिकायत दे कर कार्रवाई की मांग भी की है। बैंक में उपभोक्ता सुनील, प्रदीप, विकास, विरेंद्र, पूनम, सुमन, सुरजीत व बालिस्टर ने बताया कि उन्होंने बैंक में कई महीने पहले लोन के लिए आवेदन किया था।

# डोमेस्टिक एयरपोर्ट का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए: अनिल विज

## पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री विज ने अम्बाला डोमेस्टिक एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी से विधायक अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी में सिविल एन्कलेव (डोमेस्टिक एयरपोर्ट) निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाए ताकि नागरिकों को अम्बाला से जल्द उड़ान सेवा का लाभ मिल सके। विज अंबाला में अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन के निकट सिविल एन्कलेव (डोमेस्टिक एयरपोर्ट) के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं निर्माण



एजेंसी के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गत दिनों अम्बाला रैली में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से घोषणा की थी कि अम्बाला से उड़ान सेवा को जल्द प्रारंभ किया जाएगा, इसलिए अधिकारी निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करें। उन्होंने डोमेस्टिक एयरपोर्ट में हार्टिकल्चर (बागवानी) कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एंट्रेस एवं आसपास क्षेत्र खूबसूरत दिखे इसलिए यहां हार्टिकल्चर के कार्य को शुरू किया जाए। पूर्व मंत्री अनिल विज ने एयरपोर्ट में यात्रियों के आने-जाने के मार्गों की जानकारी ली, साथ ही यात्रियों के चेक-इन करने के दौरान बैठने एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वाहनों की पार्किंग सुविधा, एयरपोर्ट में बिजली की आपूर्ति के लिए क्या-क्या प्रबंध है इसकी जानकारी ली। यात्रियों को एयरपोर्ट से अंदर किस स्थान से ले जाया जाएगा उन्होंने इस बारे भी जानकारी ली। एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल, यहां पर स्ट्रीट लाइट एवं अन्य क्या-क्या व्यवस्थाएं होगी इसको लेकर उन्होंने चर्चा की। उन्होंने एंट्रेंस एरिया, पार्किंग, कैंटीन, मुख्य टर्मिनल सहित अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने पूर्व गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि टर्मिनल में काफी कार्य कर लिया गया है और जून के अंत तक निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से अम्बाला में भारत सरकार की आरसीएस (रिजनल कनेक्टिविटी स्कीम) उड़ान योजना के तहत अम्बाला छावनी में सिविल एन्कलेव डोमेस्टिक एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है जिसका नागरिकों को लाभ मिलेगा। अम्बाला एयरफोर्स स्टेशन के ठीक साथ 20 एकड़ भूमि निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय से सिविल एविएशन विभाग को दी गई थी।

# हीटवेव से पशुधन के बचाव के लिए आगे आया विभाग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश में चल रही हीट वेव के प्रभाव से पशुधन के बचाव के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी सभी अधीनस्थ कार्यालयों को भेजकर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। जिला उपनिदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभाग द्वारा प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अतिरिक्त पशु चिकित्सालय एवं औषधालयों पर कार्यरत अमले के माध्यम से पशुपालकों को पशुधन को लू से बचाने के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की पशु संस्थाओं में आवश्यक दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके अलावा, विभाग के अमले को पशु संस्थाओं में बनी हुई पानी की खालों की मरम्मत करवा कर उनमें पानी भरवाने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभाग ने पशुओं को मुंह खुर व गलघोटू आदि रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण समय पर पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि पशुधन को लू के प्रकोप से बचाने के लिए पशुपालकों द्वारा विभिन्न उपाय किए जाने चाहिएं। पशुओं को छाया वाले स्थान जैसे पेड़, शेड या छत वाली संरचनाओं में रखें ताकि वे धूप से बच सकें। पशु आवास की छतों को पुआल या टाट आदि से ढक दें या इंसुलिन लगाएं ताकि बाड़े में गर्मी कम हो। पशु आवास में पंखे, स्प्रिंकलर या फगर का उपयोग करें ताकि हवा का संचार और ठंडक बनी रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह के दिशा निदेर्शानुसार तथा आयुष विभाग के महानिदेशक अंशज सिंह के मार्गदर्शन में जिला में 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 को सफलतापूर्वक मनाने के लिए प्रथम कड़ी में 29 मई से 31 मई तक जिला के 6 ब्लॉक असन्ध, घरौण्डा, निसिंग, इन्द्री, नीलोखेड़ी तथा करनाल में ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग के कुल 226 पीटीआई तथा डीपीई, आयुष योग सहायकों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के प्रशिक्षण में प्रथम दिन भाग लिया। आयुष विभाग करनाल के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.सतपाल ने बताया कि करनाल ब्लॉक में अटल पार्क सेक्टर 8 के योग शेड, जेपीएस अकादमी असंध, पीएमएस जीएसएसएस घरौंडा, जीजीएसएसएस इंद्री, पीएमएस जीएसएसएस नीलोखेड़ी, जीएसएसएस निसिंग में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करनाल ब्लॉक में योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने प्रथम दिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया, अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकोल के तहत प्रार्थना के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया।

# कर्मचारी प्रॉपर्टी आई.डी. को करेंगे स्व-प्रमाणित

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र की प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने के लिए निगम की ओर से 20 टीमों का गठन किया गया है, जो निर्धारित वार्ड अनुसार घर-घर जाकर सभी सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित करने का काम करेंगी। इसे लेकर बुधवार को उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने नगर निगम के सभागार में सम्पत्ति कर शाखा के अधिकारियों तथा गठित टीमों के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में उप निगमायुक्त ने प्रत्येक टीम को रोजाना कम से कम 50 सम्पत्तियों को स्व-प्रमाणित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्रत्येक कर्मचारी प्राथमिकता पर लेकर करें। उन्होंने शहर वासियों से भी अपील करते कहा है कि नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए निगम कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अब तक 27 हजार 989 प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सभी सम्पत्ति धारकों की सम्पत्ति का स्व-प्रमाणित होना आवश्यक है और यह उन्हीं के हित में भी है। प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित होने के बाद केवल सम्पत्ति मालिक ही उस डाटा को देख सकता है, कोई अन्य नहीं। क्योंकि ऐसा करने से प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इस कारण कोई अन्य व्यक्ति न तो उस डाटा को देख पाएगा और न ही उसमें किसी प्रकार की छेडखानी कर सकता है। उन्होंने कहा कि सेल्फ सर्टिफिकेशन का कार्य नागरिकों की भागीदारी से ही पूर्ण होगा, इसलिए ज्यादा से ज्यादा नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाने के लिए नगर निगम का सहयोग करें।

प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित- उप निगमायुक्त ने बताया कि अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को नागरिक स्वयं भी स्व-प्रमाणित कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले एन.डी.सी. पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) साईट पर जाना होगा। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साईट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें। इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें।

प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनों विकल्प मिलेंगे। उसे ध्यान से पढने के बाद, सारा डाटा ठीक दिखाई दे, तो उसे येस कर दें। सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी।

# तदर्थ कमेटी का कार्यकाल न बढ़ाएं : जगदीश सिंह झिंडा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झिंडा ने प्रदेश के राज्यपाल और सिख गुरुद्वारा निर्वाचन आयोग से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तदर्थ समिति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद कमेटी को भंग कर इस पर रिसीवर बिठाने की मांग की है। इसके बाद कमेटी के चुनाव जल्द करवाकर इस कमेटी का कार्यभार सिख संगत द्वारा निर्वाचित कमेटी को सौंपने की मांग की है।

आज डेरा कार सेवा में पत्रकारों से बातचीत में सरदार जगदीश सिंह झिंडा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सिख पंथ की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाई है। इसमें



शामिल प्रधान तथा अन्य बड़े पदाधिकारियों ने गोलक के पैसे को अपने हितों के लिए प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लिए अलग कमेटी की मांग को लेकर उन्होंने अपने साथियों के साथ 22 साल तक संघर्ष किया। जब कमेटी तदर्थ बनी तो इस पर वह लोग काबिज हो गए, जो इस कमेटी का विरोध करते थे।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तदर्थ

**मांग**

**31 मई को कार्यकाल समाप्त होने के बाद भंग कर बिठाएं रिसीवर, प्रधान ने गौलक का पैसा राजनीति दल के प्रचार पर किया खर्च**

कमेटी का अठारह माह का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो रहा है। उसके बाद इसका कार्यकाल नहीं बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कमेटी के प्रधान तथा अन्य पदाधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने गुरुद्वारों की गौलक का पैसा राजनीतिक हितों के लिए प्रयोग किया। गौलक का पैसा एक राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार के लिए खर्च किया। झिंडा ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्राचीन और ऐतिहासिक गुरुद्वारों की मयार्दा की रक्षा नहीं कर पाई। इसलिए कार्यकाल समाप्त होने के बाद इसका कार्यकाल किसी भी कीमत पर नहीं बढ़ाना चाहिए। यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह कुरुक्षेत्र में सिख संगत का बड़ा सम्मेलन कर आंदोलन का ऐलान करेंगे।

उन्होंने सिरसा पर पलटवार करते हुए कहा कि वह जिन लोगों की गोद में बैठे हैं, वह आठ सौ किसानों की शहादत के दोषी हैं। इनमें बड़ी संख्या में सिख पंथ के लोग भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही राज्यपाल से मुलाकात कर अपनी बात उनके सामने रखेंगे। इस अवसर पर जोगिंदर सिंह झिंडा, अमरजीत सिंह बस्सी भी मौजूद रहे।

# फायरिंग कर जान से मारने की धमकी भी दी, सात के खिलाफ केस दर्ज

**विवाद**

**शिकायत में सनपेडा गांव के राजबीर ने बताया कि उसने व उसके भाई ताहर सिंह ने अपनी खेत की जमीन से प्लाट बेचे हुए हैं**

**गन्नौर:** सनपेड़ा गांव में प्लाट की दीवार तोड़ने से मना करने पर सात लोगों ने गांव के एक व्यक्ति व उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान हमलावरों ने फायर भी किए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में सनपेडा गांव के राजबीर ने बताया कि उसने व उसके भाई ताहर सिंह ने अपनी खेत की जमीन से प्लाट बेचे हुए हैं। जिसमें से गांव के चतर सिंह ने 10 मरले का प्लाट उसके भाई ताहर सिंह से खरीदा था। रास्ता न होने के कारण चतर सिंह ने रास्ते के लिए उस पर अदालत मे केस किया था, जिसमें चतर सिंह हार गया। जिसके बाद उसने दो महीने पहले अपने प्लाट कि दीवार बना कर उस पर गेट लगा लिया था।

आरोप है कि 28 मई को गांव के सजंय, रोहतास, राजकुमार, पप्पी व राजकुमार, रोहतास और राजेंद्र बेटे उसके प्लाट की दीवार तोड़ने लगे। जब राजबीर ने उन्हें दीवार तोड़ने से रोका तो आरोपितों ने उसके व उसके बेटे रविंद्र के साथ मारपीट की। पप्पी ने उन्हें डराने के लिए 2 फायर भी किए। इसके बाद आरोपित उन्हें जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। पुलिस ने राजबीर की शिकायत पर उक्त सातों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया का संकल्प हर बच्चा हो आत्मनिर्भर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** विख्यात ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से सेवा भारती के प्रान्त अध्यक्ष सतीश चावला व सतीश पूरी मौजूद रहे, जो विद्या भारती जैसे स्कूल में बच्चों का भविष्य और बेहतर बनाने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के अध्यक्ष राकेश सचदेवा ने बताया कि मीटिंग में विस्तार रूप से युवा पीढ़ी और स्कूली बच्चों के स्किल



डेवलोपमेन्ट को और ज्यादा बेहतर बनाने और उन्हें आगे चलकर रोजगार जैसे अवसर पाए जाने के लिए सिखाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 1 जून से उन बच्चों के लिए कंप्यूटर क्लास, इंग्लिश बोलने और स्किल डेवलोपमेन्ट से जुड़े प्रोग्रामों की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# 4 को होगी मतगणना, तैयारियां जोरों पर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उप चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं। सभी सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध करवा रहे हैं। मतगणना के मद्देनजर अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना



प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**इन स्थानों पर होगी मतगणना:** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि नीलोखेड़ी-19 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, इंद्री-20 की मतगणना एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, करनाल-21 की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के हॉल नम्बर 1, करनाल-21 उप चुनाव की मतगणना डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लाईब्रेरी हॉल, घरौंडा-22 की मतगणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद हॉल में तथा असंध-23 के मतों की गणना एसडी मॉडल स्कूल के विवेकानंद ब्लॉक में की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक काउंटिंग सैंटर पर 14 काउंटिंग टेबल की व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक टेबल पर 3 काउंटिंग स्टाफ उपलब्ध रहेगा, जिसमें माईक्रो ऑब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाईजर तथा काउंटिंग असिस्टेंट शामिल है। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाफ को रिजर्व में रखा जा रहा है।

**सुरक्षा के मद्देनजर स्ट्रांग रूम की 24 घंटे की जा रही मॉनिटरिंग:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम मशीन को वीवीपैट सहित पूर्ण सुरक्षात्मक तरीके से स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ईवीएम व वीवीपैट की निगरानी के लिए जहां ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं वहीं सीसीटीवी से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है।

# यू.जी. कोर्स में दाखिला प्रक्रिया को लेकर शैड्यूल जारी

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा यू.जी. कोर्स में दाखिला प्रक्रिया को लेकर शैड्यूल जारी होने के बाद गन्नौर के राजकीय कालेज गन्नौर में तैयारियां शुरू कर दी। कालेज को एजुकेशन होने के कारण प्रवेश लेने वाले लड़के व लड़कियों ने कालेज में प्रवेश को लेकर जानकारी के लिए आना शुरू कर दिया है। कालेज की तरफ से कालेज में आने वाले लड़के व लड़कियों को प्रवेश संबधित जानकारी के लिए पूरी व्यवस्था कर दी ताकि प्रवेश संबधित जानकारी के लिए छात्रों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कालेज के सहायक प्रोफेसर डा. सुनील ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा




बोर्ड व सीबीएसई द्वारा बाहरवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। अब छात्र कालेज में एडमिशन को लेकर तैयारी में लग गए है। आनलाईन की प्रक्रिया 3 से 25 जून तक होगी, दस्तावेज सत्यापन 5 से 28 जून तक होगा। पहली प्रोविजनल मेरिट सूचि 2 जुलाई, फाइनल लिस्ट 3 जुलाई व फीस जमा 4 से 8 जुलाई तक होगी। दूसरे चरण में काऊसलिंग 9,10 जुलाई , फीस जमा 10 से 12 जुलाई को होगी। पहले व दूसरे चरण में काऊसलिंग से वंचित आवेदकों की फिजिकल तीसरे चरण की काऊसलिंग 15 जुलाई को होगी।

**आमंत्रण**

**लड़के व लड़कियों ने कालेज में प्रवेश को लेकर जानकारी के लिए आना शुरू कर दिया है**

**कालेज में सभी विषयों में स्नातक व बी.काम की पढ़ाई कर सकेंगे छात्र : सपरा**

- कालेज की प्रधानाचार्या संगीता सपरा ने बताया कि बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए 80 सीटें है। बी.काम में 80 सीटें है। उनमें लड़के व लड़कियां प्रवेश के लिए आवेदन कर सकती है। कालेज की तरफ से प्रवेश लेने वाले छात्रों को कोई दिक्कत नही आने दी जाएगी।

**उपायुक्त कालेज के नए भवन निर्माण को लेकर अधिकारियों को दे चुके आदेश**

गन्नौर में राजकीय महाविद्यालय की बिल्डिंग निर्माण के लिए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि तय मानक के अनुसार जमीन की तलाश करें जहां निर्धारित मानकों की अनुपालना पूर्ण होती हो।

# पुलिस अधीक्षक ने किया अपराधिक गोष्ठी का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन द्वारा लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय के सभागार में अपराधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके द्वारा सभी प्रबंधक थाना व चौंकी प्रभारियों के कार्यों का आंकलन कर उन्हें अनुसंधान के कार्य में तीव्रता व स्पष्टता लाने के आदेश दिए गए। उन्होंनें पुलिस को आम जनता के लिए सुगम बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अपनी कार्यशैली को इस ढंग से बनाएं



कि थाना में आने वाली सभी शिकायतों का निपटारा सही ढंग से हो और किसी प्रकार की कोई देरी न हो। एसपी ने कहा कि यदि किसी अधिकारी को किसी प्रकार के अपराध के संबंध में कोई सुचना प्राप्त होती है तो उस पर तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए थाना के अलग-अलग क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि उस क्षेत्र के अधिक से अधिक युवा इसमें भाग लें व उनको नशे से दूर रहकर स्वस्थ व अपराध मुक्त समाज का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करें।

# संपादकीय

## हिन्दी के पत्र-पत्रिकाओं का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान

**भारत-चीन लड़ाई का** उल्लेख करें अथवा भारत-पाकिस्तान युद्ध का या फिर कोरोना से जंग के कठिन दौर का, प्रेस ने प्रत्येक ऐसे विकट अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत नहीं होगा कि इसमें हिन्दी पत्रकारिता का स्थान सर्वोपरि रहा है। चाहे हिन्दी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ उनका विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 198 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र ह्यउदन्त मार्तण्डह्ल के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था ह्यसमाचार सूर्यह्ल। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र ह्यउदन्त मार्तण्डह्ल 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थीं। चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। उदन्त मार्तण्ड के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की बात हो या, व्यवसायीकरण के आरोपों या घर बैठे दुनिया की सैर कराने की, तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है।

# आग बरसती गर्मी और मेहनतकश कामगार

निर्मल रानी

> “मिसाल के तौर पर शिमला व नैनीताल जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों पर भी अब खूब गर्मी पड़ने लगी है। कारों की कतारें ,ट्रैफिक जाम,असंख्य होटल,पार्किंग समस्या लगभग सभी पर्वतीय पर्यटन क्षेत्रों की नियति बनकर रह गयी है। ऐसे में प्रत्येक साधन संपन्न व धनाढ्य लोगों का कर्तव्य है कि वे इस आग बरसती भीषण गर्मी में जहाँ स्वयं वातावरण को और अधिक प्रदूषित करने से परहेज करने का प्रयास करें वहीँ मेहनतकश व कामगार लोगों पर तरस खायें और उन्हें यथा संभव सहयोग करें। यकीन जानिये आपकी थोड़ी सी सहायता व सहयोग से किसी कामगार,मजदूर व जवान के दिल से निकली दुआ आपको न केवल पुण्य का भागीदार बनायेगी बल्कि आपकी आत्मा को भी तृप्त करेगी”

**लगभग पूरे** विश्व में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा इस बात की जानकारी पहले ही दी जा चुकी थी। आज जब सूर्य आग उगल रहा है और धरती पर आग बरस रही है तो मौसम वैज्ञानिकों की इस भविष्यवाणी को सही साबित होते हुये देखा भी जा रहा है। खासकर भारत सहित कई दक्षिण एशियाई देश इस समय भयंकर गर्मी व तपिश की मार झेल रहे हैं। न केवल सुबह होते ही आग बरसनी शुरू हो जाती है बल्कि गर्मियों की रात में जो मौसम थोड़ा बहुत खुशगवार हुआ करता था वह रातें भी अब पूरी तरह से गर्म होने लगी हैं। परिणाम स्वरूप बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। आम लोग सिर्फ किसी बेहद जरूरी कामों से ही बाहर निकलते हैं अन्यथा बाजार की खरीद फरोख़्त के लिये शाम को ही घरों से निकल रहे हैं। परन्तु अपनी ड्यूटी निभाने वाले और मेहनतकश रिक्शा रेहड़ी वालों की किस्मत में आराम कहाँ ? रेलवे के मेहनतकश कर्मचारी,खलासी,गैंगमैन इसी प्रचंड गर्मी में तपते हुये रेल ट्रैक पर कहीं रेल की पटरी बदल कर रहे हैं तो कहीं भारी भारी स्लीपर इधर से उधर ले जा कर हमारी सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित कर रहे हैं। पुलिस के जवान मोटी वर्दियां टोपियां पहन कर सड़कों पर ड्यूटी दे रहे हैं। ट्रैफिक के जवान तपते सूरज की परवाह किये बिना चौक चौराहों पर खड़े होकर हमसबको सुरक्षित यातायात देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। भारत में अब तक सौ से अधिक लोगों के इस गर्मी की चपेट में आकर मरने की खबर है। जरा सोचिये इसी गर्मी में होने वाले भीषण अग्निकांड में जो फायर फाइटर्स आग बुझाते हैं वे कितनी गर्मी का सामना करते होंगे ? भारत के जिन शहरों में 40 डिग्री तापमान में हाहाकार मच जाता था उन्हीं इलाकों में पारा 50 तक पहुँच गया है और कहीं कहीं तो 50 डिग्री से भी ऊपर चले जाने का समाचार है। जैसलमेर में बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला 173 बटालियन का अजय कुमार नामक एक बी एस एफ का जवान अपनी ड्यूटी पर गर्मी के ताप को सहन न कर पाने के कारण अपनी जान गँवा बैठा। उत्तर भारत के कई इलाके गर्म हवा और लू की चपेट में हैं। इसी मौसम में कहीं कोई बुजुर्ग रिक्शा चलाते दिखाई देगा तो कोई भरी वजन सिर पर उठाये। निर्माण क्षेत्र में तो करोड़ों लोग मिस्त्री व मजदूर तपती धूप में खड़े होकर काम करते दिखाई देंगे। दूसरी तरफ ईश्वर की कृपा प्राप्त सुविधाभोगी व आराम परस्त वर्ग प्रकृति के इस प्रकोप से बचने के लिये तरह तरह की सुविधाओं का उपभोग कर गर्मी सी निजात पाने की कोशिश करता है। संपन्न वर्ग घरों में ए सी से लेकर कारों व कार्यालयों में भी ए सी का इस्तेमाल करता है। इसका परिणाम यह होता है कि जहाँ कारों से निकलने वाला जहरीला धुआं गर्मी के साथ साथ वातावरण के प्रदूषण को बढ़ता है वहीँ ए सी से निकलने वाली गर्मी भी पूरे वातावरण को और भी गर्म करती है। अत्यधिक बिजली खपत के चलते इन दिनों बिजली की कटौती भी खूब होती है। बेशक यह सुविधासंपन्न लोगों का अधिकार भी है कि वे अपनी जरुरत के अनुसार सुविधाओं का इस्तेमाल भी करें। परन्तु इस तपती घूप व आग उगलती गर्मी में हम सब की सुविधाओं के लिये अपनी ड्यूटी निभाने वालों को नजरअंदाज करना भी कतई इंसानियत नहीं। ऐसे में यदि हम देखें कि कोई भारी वजन लादे हुये मेहनतकश अपनी रेहड़ी ठेला खींच रहा है तो जल्दी रास्ता देने के लिये बार बार हॉर्न बजाकर उसे परेशान करने या उसपर गुस्सा दिखाने के बजाये कार से उतरकर उसकी रेहड़ी ठेले को धक्का देकर उसकी मदद करने की कोशिश करें । इससे उसे सहायता भी मिलेगी साथ ही आपको यह एहसास भी होगा कि इतनी गर्मी में भारी वजन खींचने वाले हम जैसे दूसरे इंसान पर क्या गुजर रही होगी । कोई रेल कर्मी ,पुलिस कर्मी या ट्रैफिक वाला अथवा फौजी धूप में ड्यूटी करता दिखाई दे तो उसे ठंडा पानी देने का प्रयास करें, किसी को छाता देकर उसे धूप से बचाने की कोशिश करें। संभव हो तो इस गर्मी में हाथ से हिलाने वाले पंखों का वितरण करें। ककड़ी,खीरा,तरबूज व खरबूजा जैसे गर्मियों में राहत देने वाले फल जरूरतमंदों को वितरित करें। ठन्डे पानी की छबीलें लगायें। अपने घरों दुकानों के आसपास सड़क पर जल छिड़काव करें। सरकार को भी सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के लिये सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। गरीबों व आम लोगों के दान दक्षिणा से चलने वाले धर्मस्थलों को भी इस भयंकर गर्मी में अपनी दान पेटी का मुंह ऐसे रहत कार्यों के लिये खोलना चाहिये। अनावश्यक आग जलाने व धुआं फैलाने से भी परहेज करें। पेड़ काटने के बजाये वृक्ष लगाने के अभियान चलायें।



**ऐसे में यदि हम देखें कि कोई भारी वजन लादे हुये मेहनतकश अपनी रेहड़ी ठेला खींच रहा है तो जल्दी रास्ता देने के लिये बार बार हॉर्न बजाकर उसे परेशान करने या उसपर गुस्सा दिखाने के बजाये कार से उतरकर उसकी रेहड़ी ठेले को धक्का देकर उसकी मदद करने की कोशिश करें**

याद रखिये आज जिस भीषण गर्मी का सामना हमसबको करना पड़ रहा है उसकी जिम्मेदार प्रकृति नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। विकास के नाम पर फैलते कंक्रीट के जंगल, औद्योगीकरण के नाम पर समाप्त होती हरियाली,बढ़ता शहरीकरण,सम्पन्नता के नाम पर बढ़ते वाहन व ए सी,जंगलों की होती अंधाधुंध कटाई आदि मानव जनित है। और यही ग्लोबल वार्मिंग का भी कारण है ,इसी के चलते ग्लेशियर भी पिघलने लगे हैं। गोया आने वाले वर्ष और भी भयंकर गर्मी व तपिश लाने वाले हैं। हम भारतीय लोग जो 40 डिग्री तापमान सहन नहीं कर पाते थे अब 50 डिग्री यानी अरब देशों में पड़ने वाली सामान्य गर्मी झेलने के लिये मजबूर हैं। धनाढ्य लोग जो गर्मी के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में चले जाया करते थे उनकी बढ़ती संख्या ने वहां के मौसम को भी बदल दिया है। मिसाल के तौर पर शिमला व नैनीताल जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों पर भी अब खूब गर्मी पड़ने लगी है। कारों की कतारें ,ट्रैफिक जाम,असंख्य होटल,पार्किंग समस्या लगभग सभी पर्वतीय पर्यटन क्षेत्रों की नियति बनकर रह गयी है। ऐसे में प्रत्येक साधन संपन्न व धनाढ्य लोगों का कर्तव्य है कि वे इस आग बरसती भीषण गर्मी में जहाँ स्वयं वातावरण को और अधिक प्रदूषित करने से परहेज करने का प्रयास करें वहीँ मेहनतकश व कामगार लोगों पर तरस खायें और उन्हें यथा संभव सहयोग करें। यकीन जानिये आपकी थोड़ी सी सहायता व सहयोग से किसी कामगार,मजदूर व जवान के दिल से निकली दुआ आपको न केवल पुण्य का भागीदार बनायेगी बल्कि आपकी आत्मा को भी तृप्त करेगी।

# कविता

## शुभकामना,मंगल कामना गीत

छूटे कुछ पल,
बीते कुछ पल,
कुछ पलों ने दिल को छुआ,
कुछ पलों ने मन को दी पीड़ा,
कुछ पल थे सादे सादे,
कुछ पलों में थी रोशनाई,
कुछ फूलों ने बगिया अपनाई,
कुछ भवरों ने कलियों को छेड़ा,
कुछ कलियां भी बहुत शरमाई, मुस्कुराई,
कुछ पुष्प साथ छोड़ गए,
कुछ फूलों ने गगन को चूमा,
कुछ पल धरा पर लेट गए,
कुछ पल कानों में मधु रस घोल गए,
कुछ पल वियोग का रस छोड़ गए,
चलो भूले कल की उदासी को,
आया तेजस्वी युवा सवेरा,
सूरज की रोशनी में,
ऊर्जा शक्ति का बसेरा है,
स्वीकारे,
नव वर्ष की स्फूर्त किरणों को,
नव संकल्प, नव उद्देश,नव आकाशों को,
स्वागत करें ईश्वर के नव वर्ष के आशीर्वचनो को,
नव वर्ष की असीम शुभकामनाएं ,
आपकी समस्त मंगल कामनाएं पूर्ण हो,
इसी अभिलाषा, आकांक्षा

संजीव

## ... ज़िंदा रहे इस देश की मनीषा

प्रसांत वीर सिंह

**देश** केवल महंगाई, रोजगार, गरीबी, भूख, पेयजल, स्वच्छ वायु और स्वस्थ पर्यावरण जैसे आधारभूत मुद्दों से नहीं जूझ रहा है। ये सब मुद्दे तो वस्तुतः अस्थायी प्रकृति के हैं, जिसमें कोई भी ईमानदार और दृढ़ संकल्पित सरकार आगामी कुछ वर्षों में प्रयास करके सुधार कर सकती है। असल में वास्तविक क्षति तो मानव संसाधन के रूप में लोगों के सोचने-विचारने और तर्कपूर्ण चिंतन करने की क्षमता के क्षय के रूप में हुआ है, जो हमारे आकलन से भी परे है। हाल के समय में लोग वैचारिक तौर पर इतने असहिष्णु हो चुके हैं कि किसी की, कोई भी बात बिना विचार किए खारिज कर देने / स्वीकार कर लेने की स्थिति में आ गए हैं। आपको यह टिप्पणी सामान्य तौर पर राजनीतिक लग रही होगी लेकिन इससे कहीं अधिक यह जैविकी है, हमारी-आपकी अगली पीढ़ी के बारे में है। सामान्य तौर पर मेरा विश्वास है कि हम सभी डॉर्विन के विकासवाद के सिद्धांत से परिचित हैं, आसान शब्दों में कहें तो कोई सजीव / प्रजाति जिस शारीरिक हिस्से / अंग को प्रयोग में लेना बंद कर देता हैं, अगली पीढ़ियों में धीरे-धीरे उसका विलोपन होने लगता है और जिस शारीरिक हिस्से / अंग का प्रयोग बढ़ा देता है, अगली पीढ़ियों में वह अधिक उन्नत अवस्था में प्रकट होता है। इस हिसाब से हमारे मस्तिष्क का कार्य सोचना-विचारना और तर्कपूर्ण चिंतन करना है, लेकिन हम तो वह कर ही नहीं रहें, सुनी-सुनाई बात पर भरोसा करके लकीर के फकीर बने हुए हैं। अब आप कह सकते हैं कि क्या इतनी छोटी अवधि में सोचने-समझने की क्षमता में परिवर्तन हो जाएगा? जी नहीं, बिल्कुल नहीं, पहले तो ऐसा परिवर्तन लाखों वर्षों की निरंतरता का परिणाम होता है दूसरे यह परिवर्तन उक्त सजीव / प्रजाति की पूरी आबादी की सामूहिक सहभागिता से निर्धारित होता है। लेकिन ध्यान रखिए भले ही लाखों वर्षों के सापेक्ष 10-15-20-30 वर्षों की अवधि अत्यंत अल्प है किंतु आपकी आयु के सापेक्ष, आपकी अगली पीढ़ी में, परिवर्तन के लक्षण प्रकट करने के लिए यह अवधि पर्याप्त है। इसलिए जीवन में लंबे समय तक यही प्रवृत्ति अपनाए रखना निश्चित तौर पर हमारे-आपके जीन को कमजोर करेगा और अगली पीढ़ियों तक इसका दुष्प्रभाव पहुँचेगा, जो देश और समाज की वैचारिकी तथा प्रगति को सैकड़ों साल पीछे कर सकता है, और ऐसा केवल और केवल हमारे जीन में नकारात्मक परिवर्तन के कारण होगा।

जीन में प्रतिक्षण होने वाले इस परिवर्तन की तीव्रता और उपयोगिता को हम इस बात से समझ सकते हैं कि बच्चे सुंदर और स्वस्थ मस्तिष्क के पैदा हों इसलिए चिकित्सक गर्भवती महिलाओं को गर्भ के दौरान शयनकक्ष में सुंदर बच्चों की तस्वीर लगाने और अच्छी किताबों को पढ़ने का सुझाव देते हैं ताकि सकारात्मकता से परिपूर्ण हार्मोन जीन को और अधिक समृद्ध कर सकें, बेहतर कर सकें। इसलिए आप वोट चाहे किसी को भी दीजिए किंतु आपका यह मतदान किसी भीड़ के सामूहिक स्वीकृति से प्रभावित न होकर, आपके स्वयं के स्तर पर सोच-विचार का निकष होना चाहिए, कि आप अमुक व्यक्ति / पार्टी को ही क्यों वोट देना चाहते हैं। ताकि आपकी तार्किकता ज़िंदा रहे, आपका वैचारिक वजूद ज़िंदा रहे और ज़िंदा रहे इस देश की मनीषा और भारत के पुनः विश्व गुरू बनने की उम्मीद। जय हिंद।

# विचार

## जलवायु संकट से जूझती महिलाएं

विजय गर्ग

**हाल में** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए एक आंतरिक शोध से पता चला है कि बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन संबंधी आपदाओं के प्रति संवेदनशील हैं। जलवायु परिवर्तन संबंधी खतरों के संपर्क में आने वाले बच्चों में बौनापन, कम वजन और जल्दी गर्भधारण की संभावना अधिक देखी जा रही है। हमारे देश में महिलाओं और बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर बहुत कम शोध हुए हैं, साथ ही नीति निर्माण में अक्सर इनकी अनदेखी की जाती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कराए गए अध्ययन के मुताबिक भारत के 70 फीसद जिलों में बाढ़, सूखा और चक्रवात का खतरा बढ़ गया है। 183 जिले चक्रवात और बाढ़ जैसी आपदाओं के प्रति संवेदनशील हैं, वहीं 349 जिले सूखे की मार झेल रहे हैं। इन जिलों में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण, किशोरावस्था में गर्भ धारण और घरेलू हिंसा संकेतक भी बहुत गंभीर हैं।

देश के करीब 51 फीसद बच्चे गरीबी और जलवायु संकट की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। आंकड़ों के मुताबिक भारत के करीब 35.2 करोड़ बच्चे वर्ष में एक बार प्राकृतिक आपदा का सामना जरूर करते हैं। ऐसे में हम भले विकसित बनने का दम भर लें, लेकिन कहीं न कहीं यह हकीकत से काफी परे है और वर्तमान के साथ ही भारत का भविष्य भी चिंतित करने वाला है। हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में पहले स्थान पर धाक जमाएं या न जमाएं, लेकिन जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सार्थक कदम की सख्त जरूरत है। मगर हमारे देश में राजनेताओं के लिए पर्यावरण संकट कभी मुद्दा नहीं रहा और शायद यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकट विकराल हो चला है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। अब तो हालात इस हद तक बदतर हो चले हैं कि मां की कोख में पल रहा बच्चा तक सुरक्षित नहीं है। आज समूचे विश्व में बढ़ते तापमान के चलते समयपूर्व बच्चों के जन्म का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि तापमान के बढ़ने से न केवल नवजात शिशुओं, बल्कि भ्रूण में पल रहे बच्चे तक के प्राण संकट में हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण हवा की गुणवत्ता खराब हो रही है। बदलता मौसम संक्रामक रोगों के संचरण, पानी की गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा में कमी का कारण बन रहा है। वैसे तो जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करता है, लेकिन जैविक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारणों से पुरुषों और महिलाओं को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करता है। बढ़ते तापमान के कारण गर्भवती स्त्रियों के लिए गंभीर जोखिम का कारण बन रहा है। समय से पहले प्रसव, गर्भ के समय उच्च रक्तचाप और 'प्री-एक्लेमप्सिया' का खतरा काफी बढ़ रहा है। गर्भवती महिलाओं का अधिक गर्मी के संपर्क में आने से गर्भपात और समय पूर्व प्रसव का खतरा कई गुना बढ़ गया है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ के एक अध्ययन की मानें, तो गर्भावस्था के पहले सात हफ्तों के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने वाली महिलाओं में जल्दी प्रसव होने की संभावना ग्यारह फीसद तक बढ़ जाती है।

. जलवायु परिवर्तन के चलते बीमारियों का प्रसार बढ़ता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए संकट पैदा करता है। भारत में गरीब समुदाय की महिलाएं स्वास्थ्य से जुड़े जोखिमों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होती हैं।

इसकी सबसे बड़ी वजह है कि वे ऐसे वातावरण में रहने को मजबूर हैं, जो स्वास्थ्य और साफ-सफाई की दृष्टि से काफी प्रदूषित है। साथ ही, ऐसी महिलाओं को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं भी मयस्सर नहीं हो पाती हैं। बढ़ती बीमारियां महिलाओं के जीवन पर सीधे असर डालती हैं। अगर स्वास्थ्य खराब है, तो दिक्कत होना स्वाभाविक है, लेकिन अगर परिवार का कोई अन्य सदस्य भी बीमार हो जाए तो इससे घर की महिलाओं की दिनचर्या सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। इस तरह महिलाएं बीमारी के चक्र में फंसी रहती हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती

**विगत दो** दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं,

जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है।

## हार का ठीकरा तैयार है फूटने के लिए

रामविलास जांगिड़

इधर हार का ठीकरा बहुत डिमांड में है। हर दल, हर पार्टी, हर नेता हार के ठीकरे को इधर-उधर ढूंढ़ रहा है। हर एक ठीकरे को तैयार किया जा रहा है। हारे नहीं कि उसे फोड़ा नहीं! हार का ठीकरा मिल जाए तो उसको फोड़-फूड़ कर काम खत्म करें। उसे भी लग रहा है कि टाइम से फूट जाए तो वह भी आराम से सांस ले। फूट जाए तो बेचारे ठीकरे की जान छूटे! दलांतर, दल-दल, दलबाज सब आएंगे और अपने-अपने ढंग से उस ठीकरे को फोड़ेंगे। कोई कुनबा, कोई पार्टी, कोई दलदल, कोई परिवार हार के ठीकरे को फोड़ने के लिए पाकिस्तान का हाथ बताना ज्यादा उचित समझेगा। पाकिस्तान पर हार का ठीकरा फोड़ते हुए कहेंगे कि हम पाकिस्तान की वजह से हारे। कोई दलदल, कोई पार्टी हार का ठीकरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर फोड़ने के लिए तैयार है। वे कहते हैं कि सारा ही किया धरा इस ईवीएम मशीन का है। बोट किसको दो और बोट किसके यहां चले जाते हैं। दूसरों के सबके खटके में करंट चेप रखा है। बटन कोई दबावो फलानी पार्टी को ही वोटवा जाता है। चुनाव का मेला है। चुनाव का झमेला है। बहुत बड़ा खेला है। यही तो बड़ा रेला है। चुनाव में सर्कस सजाया हुआ है। एक जोकर चिल्ला रहा है। आओ! आओ! देखो! देखो! अंदर आ जाओ। इधर विभिन्न पार्टियों के खेल देखो। सियासी गेम देखो। सामने वह ठीकरा पड़ा है। उसे कहते हैं हार का ठीकरा! इसको हर कोई फोड़ना चाह रहा है। गली के पिछवाड़े रहने वाले नाथूलाल ने भैया जी द्वारा नामांकन भरते समय छींक दिया था, इसलिए हार गए। तीसरी गली के चौथे मोड़ पर पांचवें कोने पर जैसे ही भैया जी गुजरे एक काला कुत्ता ठीक उनके सामने आ गया, इसलिए हम लोग हार गए। असल में पार्टी कार्यालय के आगे मिर्ची के साथ नींबू बांधना था। उसे लटकाना था। विरोधी पार्टी ने ऐसा नहीं होने दिया, इसलिए हम हार गए। इन सबमें ये जीतने वाली जो पार्टी है, सब उसका षड्यंत्र है। इन सबके आदमी इनसे मिले हुए हैं। इन्हीं के आदमियों ने आगे गली में नाथूलाल को छींकने के लिए उकसाया। विरोधी पार्टी के नेताओं ने नाथूलाल को छींकने के लिए बहुत सारा रोकड़ा घर पहुंचाया।

## विराट प्रकृति

### सुदर्शनजी महराज

पतंजलि ने अपने योग सूत्र में लिखा है कि कान को अगर सूक्ष्म बना लिया जाए तो वह आकाश को भी सुन सकती है। मनुष्य का शरीर जब कभी सूक्ष्म बन जाता है या मनुष्य का सूक्ष्म शरीर जब सक्रिय हो जाता है तो वह सूर्यमंडल निहारिका अथवा आकाशगंगा से आसानी से जुड़ पाता है। ज्योंही वह अंतरिक्ष से जुड़ता है, उसे अनहदनाद सुनाई पड़ता है। कबीरदास जी इसी अनहद की चर्चा करते हैं। प्रश्न है कि हम अपने शरीर को कितनी सावधानी से नक्षत्रों से जोड़ सकते हैं। जीव परमात्मा से जुड़ा है लेकिन पंचभूतों के कारण अलग महसूस करता है। ज्योंही वह पंचभूत से बाहर निकलता है, वह परमात्मा से जुड़ जाता है। यह परमात्मा कुछ और नहीं परमतत्व है, महाशून्य है। इस विद्या का ज्ञान हमारे संतों को बहुत पहले ही हो चुका है इसीलिए हमारे संत ''अहं ब्रह्मास्मि' में ब्रह्म हूं की घोषणा करते हैं। यह सारा ब्रह्मांड उसी महाशून्य की अभिव्यक्ति है। वहीं से प्राण ऊर्जा का प्रवाह होता है। जिससे पंचभूतों वाले जीव स्वरूप ग्रहण करते हैं। यह जो संसार दिख रहा है वह सब उसी महाशून्य की अभिव्यक्ति है, जिसका कोई रूप नहीं है। शायद इसीलिए ''मूलडॉल' नामक वैज्ञानिक ने ''द प्रोजेक्शन ऑफ एस्ट्रल बॉडी' नाम की पुस्तक लिखी। यह जो हमारा शरीर है वह दिव्य शक्तियों का प्रोजेक्शन है। इसी पृवी को अभी बहुत लोग क्रिएशन कहते हैं। लेकिन यह क्रिएशन नहीं है, पृवी भी प्रोजेक्शन है। क्योंकि इस प्राण शक्ति से सम्पूर्ण ब्रह्मांड जुड़ा है। एक बहुत बड़े वैज्ञानिक एक्सेल पारसे ने यहां तक कहा है कि क्वांटम किरण प्रकाश की गति से चलती है। उसकी फ्रीक्वेंसी एक अरब हर्ट्ज की होती है। उसी गति के कारण जीव अंतरिक्ष से जुड़ा है। इसलिए अब इस बात को विज्ञान भी मानने लगा है कि अंतरिक्ष और जीव अलग नहीं है। फ्रांसीसी थाम्पसन ने तो यहां तक कह दिया कि अगर पृवी पर तुम एक फूल तोड़ते हो तो उससे अंतरिक्ष प्रभावित होता है। यह बात ठीक लगती है कि अगर हम ग्रहों से प्रभावित होते हैं, शनि ग्रह से हम प्रभावित होते हैं तो हमसे भी शनि प्रभावित होते हैं। क्योंकि यह विज्ञान का नियम है कि किसी क्रिया की प्रतिक्रिया भी होती है। न्यूटन का गति सिद्धांत अंतरिक्ष पर भी तो लागू हो सकता है। सूक्ष्मता के कारण सबकुछ जुड़ा हुआ है। जिस दिन हम अपनी स्थूलता को छोड़ देंगे, उस दिन परमात्मा में मिल जाएंगे।



## खबरें जरा हटके

# जागी भूखी शेरनी की ममत, बख्श दी हिरण के बच्चे की जान



**नई दिल्ली।** इंसानों में ही नहीं जानवरों में भी ममता का भाव होता है। कमसे कम इस किस्से को सुनने के बाद तो आप यही कहेंगे। इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो साउथ अफ्रीका के क्रूजर नेशनल पार्क का है। एक भूखी शेरनी के हाथ आया एक नन्हा सा हिरण का बच्चा, लेकिन इस शेरनी ने जो किया वह काबिले तारीफ था।

नेशनल पार्क में हिरण का छोटा सा बच्चा रास्ता भटक कर शेरनी के पास पहुंच गया था। हिरण का बच्चा शेरनी के मुंह के पास जैसे ही पहुंचा पहले तो शेरनी ने उसे खाने की कोशिश, लेकिन फिर अचानक उसे छोड़ दिया। हिरण के बच्चे की हरकतें देखकर शेरनी का भी दिल पिघल गया और वह हिरण के बच्चे के साथ खेलने लगी।

जो शेरनी उसे खाने वाली थी, अब वही उसकी रक्षक बन गई। हिरण जैसे ही शेरनी से दूर जाने की कोशिश करता, शेरनी उसे पकड़कर चाटने लगती। इसके बाद शेरनी उसके साथ खेलने लगी, लेकिन तभी किसी दूसरे शेर ने उस बच्चे को देख उसका शिकार करने की कोशिश की, लेकिन रखवाला बनी शेरनी ने उसे बचा लिया।

शेरनी ने दूसरे शेर पर हमला बोल कर हिरण के बच्चे को बचा लिया। शेरनी को हिरण के बच्चे की रखवाली करते देख दूसरा शेर वहां से चला गया। वहां मौजूदा लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया और इसे सोशलम मीडिया पर डाल दिया।

# हनीमून मनाने गया था यह कपल, एक गलती ने पहुंचा दिया जेल



**नई दिल्ली।** शादी के बाद हनीमून पीरियड हर कपल के लिए स्पेशल होता है। इस नई जिंदगी की शुरुआत के लिए वो बहुत से सपने सजाते हैं, लेकिन जरा सोचिए कि एक गलती से अगर हनीमून की जगह कपल पुलिस स्टेशन पहुंच जाए तो। दरअसल दिले के रहने वाले नीरज ठाकुर के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। वे पत्नी के साथ हनीमून पर निकले थे, लेकिन उनकी एक गलती ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।

दरअसल यह दंपत्ति ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे ही थे। कि गलती से उन?होंने दूसरे का बैग उठा लिया और ट्रेन में चढ़ने लगे, तभी दूसरे यात्री की नजर अपने सामान पर पड़ी और उसने पुलिस बुला ली। नव दंपत्ति को तुरंत ट्रेन से उतारकर जीआरपी थाने ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में नीरज ने बताया कि उसकी एक महीने पहले ही शादी हुई थी। और वह हनीमून मनाने ऊटी जा रहा था। और उसने गलती से दूसरा बैग उठा लिया। हालांकि सीसीटीवी में नीरज को बैग उठाते देखा गया है। इसके बाद जब जीआरपी ने ये मामला कैमरे में देखा को दंपत्ति को स्टेशन पर ही गिरफ्तार कर सारा सामान बरामद किया। इसके बाद उनको मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## सेहत

# गर्मी में ज्यादा पनपते हैं फूड पॉइजनिंग के बैक्टीरिया




**फूड पॉइजनिंग क्या है?**
यह बैक्टीरिया जनित रोग हैं जो पुराने, खराब या दूषित भोजन से होता है। बैक्टीरिया या उसके विषैले तत्व जब हमारे पेट में जाकर आंतों में संक्रमण फैलाते हैं तो फूड पॉइजनिंग की समस्या होती है।

**इसका कारण क्या है?**
दूषित भोजन, गंदे हाथों से सब्जियां काटना और पकाना इसकी मुख्य वजह है। बिना ढका खाना खाने से भी फूड पॉइजनिंग हो सकती है।

**प्रमुख लक्षण क्या हैं?**
जी घबराना, पेटदर्द, उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन। लेकिन जब सामान्य लक्षणों के अलावा बेहोशी, सुस्ती, ब्लड प्रेशर और डिहाइड्रेशन की वजह से पेशाब कम आने लगे तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करें।

**ये बैक्टीरिया कब सक्रिय होते हैं?**
गर्मी के मौसम में ये बैक्टीरिया और वायरस सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। इसकी वजह वातावरण में मौजूद मक्खी व मच्छर हैं।

**इसका इलाज क्या है?**
ज्यादातर मामलों में फूड पॉइजनिंग की समस्या थोड़े समय बाद अपने आप ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार स्थिति गंभीर भी हो सकती है। जिसके लिए डॉक्टर तुरंत राहत के लिए ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सोल्यूशन) का घोल और जरूरत पडने पर एंटीबायोटिक दवाएं देते हैं।

**बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?**
हमेशा ताजा और गर्म खाना खाएं। जहां तक संभव हो घर का बना भोजन करें। खाना बनाने और खाने से पहले व बाद में हाथों को अच्छी तरह साबुन से धोएं। बाजार की चाट, जूस या कटे हुए फलों से परहेज करें। फ्रिज में रखे खाने को गर्म करने के बाद ही प्रयोग में लेना चाहिए।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

## लॉफिंग ज़ोन

संता: 'बचपन में मैं एक बार दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया था।'

बंता: 'फिर क्या हुआ ? तुम मर गए या जिंदा बचे ?'

संता: 'बहुत पुरानी बात है यार ... अब याद नहीं।'

□ □ □

संता - बंता एक कार में बम लगा रहे थे।

संता: 'अगर बम लगाते समय यह फट गया तो ?'

बंता: 'अरे तो क्या हुआ मेरा पास एक और बम है।'

□ □ □

पत्नी- घर में सिर्फ1 चम्मच चीनी पडी है और तुम दोस्त के लिए चाय बनाने को कह रहे है।

पति- कोई बात नही, तुम मेरी चाय में चीनी मत डालना।

बस 1 किस दे देना, चाय मीठी हो जाएगी।


पत्नी- आइडिया अच्छा है। मै दोनों ही कंपो में चीनी नही डांलूगी।

□ □ □

शादी पर शहनाई बज रही थी। संतो ने संता से पूछा, ये कौन सी धून बज रही है।


संता बोला, वही जो तूफान के आने से पहले बजाई जाती है।

## काकुरो पहेली - 4069




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


उदाहरणत:




काकुरो -4068 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4069



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्रिहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली-4068



## सूडोकु -4069


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4068 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 4069



**बाएँ से दाएँ**

1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

शब्द पहेली ·4068 का हल



# कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमत में कुछ तेजी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फेरबदल नहीं किया है। इस हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.17 डॉलर यानी 0.20 फीसदी की उछाल के साथ 83.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.29 डॉलर यानी 0.35 फीसदी बढ़कर 80.11 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।



# भारत में स्कोडा कोडियाक एसयूवी की बुकिंग निलंबित कर दी गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्कोडा ने भारत में कोडियाक एसयूवी के लिए ऑनलाइन आरक्षण बंद कर दिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह अस्थायी या स्थायी परिवर्तन है। हालाँकि, कुछ डीलर अभी भी चुनिंदा रंगों और वेरिएंट में 2023 मॉडल के लिए ऑफ़लाइन बुकिंग ले रहे हैं। हालाँकि कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि स्कोडा मौजूदा मॉडल की बुकिंग बंद करके नए मॉडल के लिए रास्ता बना रही है। नई कोडियाक, जिसे पिछले साल वैश्विक स्तर पर पेश किया गया था, में एक तेज डिजाइन, अधिक शानदार इंटीरियर और बेहतर विशेषताएं हैं। इसके जल्द ही भारत में लॉन्च होने की उम्मीद है, जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होगी। अपडेटेड स्कोडा कोडियाक, जिसने पिछले अक्टूबर में वैश्विक स्तर पर शुरुआत की थी, इस साल के अंत में भारतीय बाजार में आने की उम्मीद है। इस नए संस्करण में स्कोडा की मॉडर्न सॉलिड डिज़ाइन भाषा है, जिसे 2022 विज़न 7स कॉन्सेप्ट में पेश किया गया है। मुख्य संवर्द्धन में चौकोर पहिया मेहराब, एक प्रबुद्ध पट्टी के साथ एक बड़ा ग्रिल, और एलईडी मैट्रिक्स हेडलाइट्स के साथ एक क्वाड-हेडलाइट सेटअप शामिल है जो 15त्र अधिक रोशनी प्रदान करता है। नए कोडियाक में नए बंपर, एयरोडायनामिक विंग मिरर और नए डिज़ाइन वाले पहिये भी हैं। एमक्यूबी-ईवीओ प्लेटफॉर्म पर निर्मित, एसयूवी अब 61 मिमी लंबी है, जो अधिक विशाल और परिष्कृत ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है।

## मृणालिनी श्रीनिवासन नया सीएफओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** पी एंड जी हाइजीन एंड हेल्थ केयर ने मृणालिनी श्रीनिवासन को नया सीएफओ नियुक्त किया है प्रॉक्टर एंड गैंबल (पीएंडजी) हाइजीन एंड हेल्थ केयर ने मंगलवार को 29 जून से मृणालिनी श्रीनिवासन को कंपनी का मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की। वह प्रशांत भटनागर से यह भूमिका संभालेंगी, जो लगभग 28 साल की सेवा के बाद कंपनी छोड़ देंगे। श्रीनिवासन ने एक बयान में कहा, ÷यह भूमिका मुझे हमारी एकीकृत विकास रणनीति को जीवन में लाने और हमारे उपभोक्ताओं को बेहतर प्रस्तावों से प्रसन्न करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ काम करने का अवसर देती है। मैं भारत में पी एंड जी के विकास में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।अपने 16 साल के करियर में, मृणालिनी ने विभिन्न प्रकार की वित्तीय भूमिकाएँ निभाई हैं। कंपनी ने कहा कि वह 2008 में पीएंडजी में शामिल हुई और तीन भौगोलिक क्षेत्रों - सिंगापुर, भारत और दुबई में काम किया, परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया और कई महत्वपूर्ण पीएंडजी व्यवसायों के लिए उत्कृष्ट परिणाम दिए।

## अदानी एंटरप्राइजेज फंड जुटाने को मंजूरी दी

**मुंबई।** अदानी एंटरप्राइजेज फंड जुटाने को मंजूरी दी अदानी समूह- अरबपति गौतम अदानी के समूह की प्रमुख कंपनी अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने कहा कि उसके बोर्ड ने शेयर बिक्री के माध्यम से 16,600 करोड़ रुपये (लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) जुटाने की मंजूरी दे दी है। यह घोषणा समूह की उपयोगिता अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड द्वारा योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) या किसी अन्य अनुमेय मोड के माध्यम से 12,500 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए समान प्राधिकरण प्राप्त करने के एक दिन बाद आई। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में, अदानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि फंड जुटाना एक या अधिक चरणों में हो सकता है। दोनों व्यवसायों को शेयरधारकों सहित अन्य मंजूरी की आवश्यकता होगी। जबकि अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने फंड जुटाने को मंजूरी देने के लिए 24 जून को शेयरधारक बैठक बुलाई है, अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) अगले दिन होने वाली है।

# एफटीए वार्ता के लिए मानक संचालन प्रक्रिया पर काम कर रहा है वाणिज्य मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय मुक्त व्यापार समझौता वार्ता (एफटीए) के लिए मानक संचालन प्रक्रिया पर काम कर रहा है। मंत्रालय ने एफटीए के लिए रणनीति बनाने और इनके अंतर्गत अन्य संबंधित मुद्दों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को लेकर विशेषज्ञों, पूर्व अधिकारियों और विभिन्न विभागों के साथ विचार-विमर्श किया है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि एफटीए पर रणनीति बनाने और एसओपी को लेकर राजस्थान के नीमराणा में 16 एवं 17 मई को एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया। इस चिंतन शिविर में एफटीए का आर्थिक मूल्यांकन और मॉडलिंग, एफटीए में सेवाएं और डिजिटल व्यापार, और एआई, महत्वपूर्ण खनिजों जैसे उभरते क्षेत्रों को संबोधित करने के लिए भारत के एफटीए का लाभ उठाने पर चर्चा की गई। राजस्थान के नीमराणा में आयोजित चिंतन शिविर में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने विचार-विमर्श की अगुवाई की। इसमें एफटीए वार्ता में भारत की भविष्य की भागीदारी के लिए एक रणनीतिक व्यवस्था तैयार करने की मांग भी की गई। शिविर में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों की बातचीत, उसकी स्थिति और ऐसी वार्ता के लिए अपनाई जाने वाली रणनीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।



# एसबीआई ने चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का जताया अनुमान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एसबीआई ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8 फीसदी रहने की बात कही है।

एसबीआई रिसर्च की जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी 7.4 फीसदी रहने की संभावना है, जबकि पूरे वित्त वर्ष में कुल जीडीपी वृद्धि 8 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) 31 मई को बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए चौथी तिमाही के लिए जीडीपी आंकड़े का अनंतिम अनुमान जारी करेगा। रिजर्व बैंक ऑफ (इंडिया) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.3 फीसदी और पूरे वित्त वर्ष में 7.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने भी कहा था कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है।




# ज्यादा टीडीएस कटौती से बचने के लिए 31 मई तक पैन को आधार से जोड़ें करदाताः आयकर विभाग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है।

आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा, ''ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई, 2024 से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ें, यदि आपने पहले से नहीं किया है।'' आयकर नियम के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है।विभाग ने एक अन्य पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर सहित रिपोर्टिंग संस्थाओं को दंड से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक निर्दिष्ट वित्तीय लेनदेन का विवरण (एसएफटी) दाखिल करने को भी कहा है। आयकर विभाग ने कहा कि एसएफटी दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है। ऐसे में सही और समय पर दाखिल अपना एसएफटी दाखिल कर दंड से बचें।




**क्या होता है टीडीएस**

स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) किसी व्यक्ति के खाते में राशि जमा होने से पहले उसके वेतन से काटा गया टैक्स है। इसको सरल शब्दों में आप कह सकते हैं कि टीडीएस एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी व्यक्ति से उसके वेतन या अन्य आय के स्रोत पर कर लिया जाता है। टीडीएस का उद्देश्य आयकर का संग्रह करना और कर चोरी को रोकना है।

उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने पिछले महीने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि यदि निर्धारित तारीख 31 मई, 2024 तक अपने पैन को आधार से जोड़ा जाता है तो कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसके साथ ही एसएफटी अंतिम तिथि 31 मई, 2024 तक दाखिल करने की अपील की थी।

# एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने 250 करोड़ रुपये की विस्तार योजना की घोषणा की

एजेंसी

**मुंबई।** भारत में सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक, एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने बेंगलुरु के एक प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, एस्टर सीएमआई अस्पताल के लिए अपनी विस्तार योजना की घोषणा की है। यूनिट में 300,000 वर्ग फुट का अतिरिक्त बुनियादी ढांचा विस्तार होगा, जिससे इसकी बिस्तर क्षमता मौजूदा 500 बिस्तरों से बढ़कर 850 बिस्तर हो जाएगी। इस विकास के साथ, कंपनी बेंगलुरु में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है, 1602 बिस्तरों की संचयी बिस्तर क्षमता तक पहुंच रही है, जिससे यह शहर में सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक बन गई है। कंपनी करीब 50 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. मौजूदा सुविधा को अपग्रेड करने के लिए 250 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और वित्त वर्ष 2027 तक इसके चालू होने की उम्मीद है।हेब्बाल, बैंगलोर में 4.45 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला, एस्टर सीएमआई अस्पताल, समकालीन अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अग्रणी सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों में से एक है, जो चतुर्धातुक देखभाल सेवाओं के लिए व्यापक प्राथमिक देखभाल प्रदान करता है। 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से, अस्पताल ने आज देश के सर्वश्रेष्ठ मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों में से एक के रूप में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है - जो देश में नैदानिक मानकों के स्तर को लगातार बढ़ाने के अस्पताल के समर्पण का एक प्रमाण है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आज़ाद मूपेन ने कहा, हमारा चरण-वार विस्तार उन्नत और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# सर्राफा बाजार में तेजी, सोना 500 रुपये तक महंगा हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में पिछले दिन के मुकाबले 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,320 रुपये से लेकर 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,210 रुपये से लेकर 66,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी मजबूती आई है। आज की तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



# कोयला से रसायन व्यवसाय नई शाखा गठन

एजेंसी

**नई दिल्ली।**राज्य के स्वामित्व वाली कोल इंडिया ने कोयला-से-रसायन व्यवसाय शुरू करने के लिए एक सहायक कंपनी, भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) को शामिल करने की घोषणा की। कोयला दिग्गज ने बीएसई को सूचित किया कि नई इकाई में कोल इंडिया (सीआईएल) की बहुमत हिस्सेदारी 51 फीसदी है, जबकि शेष 49 फीसदी हिस्सेदारी बीएचईएल के पास है। कोल इंडिया ने फरवरी में कोयला-से-रसायन व्यवसाय शुरू करने के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए। फाइलिंग में कहा गया है, भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड को कोयला से रसायन व्यवसाय के लिए मध्यवर्ती उत्पादों के रूप में अमोनिया और नाइट्रिक एसिड और अंतिम उत्पाद के रूप में अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करने के लिए शामिल किया गया है।÷ इस बीच, सीआईएल ने 13,052 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत पर बर्दवान जिले में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के सोनपुर बाजारी क्षेत्र में कोयला-से-सिंथेटिक प्राकृतिक गैस परियोजना की स्थापना के लिए गेल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। अस्वीकरण÷ यह कहानी सीधे एजेंसी फ़ीड से प्रकाशित की गई है। कोई बदलाव नहीं किया गया है.



# आरबीआई रिटेल फिनटेक रिपोजिटरी लॉन्च

एजेंसी

मुंबई। व्यापार में आसानी के लिए प्रवाह पोर्टल, आरबीआई रिटेल डायरेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन और फिनटेक रिपोजिटरी लॉन्च किया गया आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय रिजर्व बैंक की तीन प्रमुख पहलों की शुरुआत की जिसमें प्रवाह पोर्टल, रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपोजिटरी शामिल हैं।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय रिजर्व बैंक की तीन प्रमुख पहलों की शुरुआत की जिसमें प्रवाह पोर्टल, रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और फिनटेक रिपोजिटरी शामिल हैं।

प्रवाह पोर्टल किसी भी व्यक्ति या संस्था के लिए विभिन्न नियामक अनुमोदनों के लिए निर्बाध तरीके से ऑनलाइन आवेदन करना सुविधाजनक बना देगा। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, यह पोर्टल रिजर्व बैंक द्वारा विनियामक अनुमोदन और मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की दक्षता को भी बढ़ाएगा। रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप खुदरा निवेशकों को रिटेल डायरेक्ट प्लेटफॉर्म तक निर्बाध और सुविधाजनक पहुंच प्रदान करेगा और सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में लेनदेन में आसानी प्रदान करेगा। रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप के लॉन्च के साथ, खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल ऐप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों में लेनदेन कर सकते हैं।

मोबाइल ऐप को एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए प्ले स्टोर और आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। मोबाइल ऐप को निम्नलिखित त्तक्र कोड का उपयोग करके भी डाउनलोड किया जा सकता है। फिनटेक रिपॉजिटरी में नियामक दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ और उचित नीति दृष्टिकोण डिजाइन करने की सुविधा के लिए भारतीय फिनटेक फर्मों पर डेटा के विस्तृत भंडार की जानकारी शामिल होगी। इन तीन पहलों की घोषणा पहले क्रमशः अप्रैल 2023, अप्रैल 2024 और दिसंबर 2023 में विकास और नियामक नीतियों पर आरबीआई के द्विमासिक वक्तव्य के हिस्से के रूप में की गई थी।




# कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, मजबूती के बाद लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**मुंबई** । मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। दूसरी ओर पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर और मेटल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 416.62 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.95 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.33 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,322 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,501 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 110 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,262 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 633 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,629 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 194.90 अंक की मजबूती के साथ 75,585.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मंदड़ियों ने दबाव बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आने लगी। बीच-बीच में खरीदार भी लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव भी होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बिकवाली का दबाव ही बना रहा। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 307.28 अंक की कमजोरी के साथ 75,083.22 अंक तक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 220.05 अंक की गिरावट के साथ 75,170.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 44.70 अंक की तेजी के साथ 22,977.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारी का सहारा मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 22,998.55 अंक तक पहुंचर गया। इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 73.95 अंक टूट कर 22,858.50 अंक के स्तर तक गिर गया। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी 44.30 अंक की कमजोरी के साथ 22,888.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

पूरे दिन हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डिवीज लेबोरेट्रीज 3.22 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.88 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 2.52 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.08 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प 1.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, अडाणी पोर्ट्स 2.18 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 1.62 प्रतिशत, बीपीसीएल 1.46 प्रतिशत, कोल इंडिया 1.38 प्रतिशत और अडाणी एंटरप्राइज 1.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।



# रत विनिर्माण नीतियों के साथ लाभ पहुंचाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत, वियतनाम प्रमुख लाभार्थी हैं क्योंकि वैश्विक कंपनियाँ चीन के बाहर आपूर्ति श्रृंखलाओं की तलाश कर रही हैं :नोमुराया जैसा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के महत्व को पहचानती हैं, भारत और वियतनाम प्रमुख लाभार्थी हैं क्योंकि वैश्विक कंपनियां चीन के बाहर आपूर्ति श्रृंखला विकल्पों की तलाश कर रही हैं, वैश्विक निवेश बैंक नोमुरा की एक नई रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है। जैसा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के महत्व को पहचानती हैं, भारत और वियतनाम प्रमुख लाभार्थी हैं क्योंकि वैश्विक कंपनियां चीन के बाहर आपूर्ति श्रृंखला विकल्पों की तलाश कर रही हैं, वैश्विक निवेश बैंक नोमुरा की एक नई रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है। वैश्विक ब्रोकरेज के अनुसार, भारत अपनी मजबूत विनिर्माण नीतियों के साथ और वियतनाम को लाभ पहुंचाएगा क्योंकि कंपनियां चीन के लिए आपूर्ति श्रृंखला विकल्प तलाश रही हैं। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भारत की स्वाभाविक पसंद होने का एक प्रमुख कारक सरकार द्वारा प्रदान किया गया अनुकूल विनिर्माण वातावरण है, चाहे वह इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर या रक्षा और दवा क्षेत्र हो। नोमुरा के अनुमान के अनुसार, इस प्रवृत्ति से 10 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) पर भारत का निर्यात 2023 में 431 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2030 तक 835 बिलियन डॉलर हो जाने की संभावना है। देशों और क्षेत्रों में इक्विटी के कई अवसर हैं, लेकिन हम भारत को लेकर सबसे अधिक उत्साहित हैं। निवेशकों को अल्पावधि में धैर्य रखने की जरूरत है, लेकिन हम समय के साथ बुनियादी बातों पर बड़े प्रभाव और अधिक अवसरों की उम्मीद करते हैं।÷ संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत पश्चिमी कॉर्पोरेट दिग्गजों के लिए एक गर्म निवेश स्थल बन गया है। टेक दिग्गज उसके आपूर्तिकर्ताओं का लक्ष्य अगले दो से तीन वर्षों के भीतर भारत में सालाना 50 मिलियन से अधिक निर्माण करना है। फॉक्सकॉन भारत में और अधिक संयंत्र स्थापित करके विनिर्माण का विस्तार भी कर रही है।

## जीरिस्तान में छात्राओं के स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने लगायी आग

एजेंसी

**मीरानशाह।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में छात्राओं के एक विद्यालय में आग लगाने की घटना सामने आयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रजमक उपमंडल के शाखिमर गांव स्थित गोल्डन एरो पब्लिक स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने देर रात आग लगा दी। आग तेजी से फैली और विद्यालय की पूरी इमारत इसकी चपेट में आ गयी। आग से इमारत में रखे फर्नीचर और कंप्यूटर जलकर राख हो गए।स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और स्कूल के तत्काल पुनर्निर्माण की मांग की है। स्कूल की स्थापना पाकिस्तानी सेना की सातवीं डिवीजन और शाखिमर वेलफेयर सोसाइटी की मदद से की गई थी। यहां करीब 400 छात्राएं अध्ययनरत हैं। इससे पहले गत मार्च में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने स्कूल पर गोलीबारी की थी, जिससे उसका सोलर सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया था। गौरतलब है कि संदिग्ध आतंकवादियों ने गत 10 मई को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा तहसील में छात्राओं के एक निजी स्कूल में विस्फोट कर दिया था।

## इक्वाडोर के तट पर छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 2 की मौत

**क्रिटो।** इक्वाडोर के दक्षिणी तटीय प्रांत एल ओरो के सांता रोजा में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने यह जानकारी दी।एजेंसी ने एक बयान में कहा, पाइपर-34 हल्का विमान दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल से सांता रोजा की ओर उड़ान भर रहा था। दुर्घटना में पायलट डेविड पैरेनो और एक यात्री ऑगस्टो विएरा की मौत हो गई, जबकि दूसरा यात्री एड्रियन युम्बाला घायल हो गया और उसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।



बयान में कहा गया है कि दुर्घटना जांच बोर्ड के कर्मचारी जांच के लिए दुर्घटनास्थल पर गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने कहा कि विमान एक पहाड़ी पर जंगली इलाके में गिर गया, और बचाव दल ने कहा कि विमान के अवशेष जल गए हैं।

## हम राफा की स्थिति के लिए अमेरिका को पूरी तरह जिम्मेदार मानते हैं, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी राष्ट्रपति पद के प्रवक्ता नबील अबू रुदैनेह ने गाजा पट्टी के सबसे दक्षिणी शहर राफा में चल रही हिंसा के लिए अमेरिकी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। अबू रुदैनेह ने रामल्लाह में संवाददाताओं से कहा, हम राफा और गाजा में स्थिति के लिए अमेरिकी प्रशासन को पूरी तरह से जिम्मेदार मानते हैं। उन्होंने कहा कि इजरायली पक्ष ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले की अनदेखी की और शहर को रहने लायक नहीं बना दिया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इजरायली कार्रवाइयों पर अमेरिकी प्रशासन की चुप्पी की आलोचना की और इसे फिलिस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार युद्ध का समर्थन बताया। अबू रुदैनेह ने इजरायली आक्रामकता के व्यापक अंतरराष्ट्रीय विरोध के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा इजरायल को दिए जा रहे निरंतर राजनीतिक, वित्तीय और सैन्य समर्थन की ओर भी इशारा किया। उन्होंने इजरायली सरकार की योजनाओं के लिए अभूतपूर्व अमेरिकी समर्थन के साथ गाजा पर संभावित पूर्ण कब्जे की चेतावनी दी और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले का तत्काल अनुपालन करने का आग्रह किया। हाल ही में ICJ द्वारा अपने हमलों को रोकने के आदेश के बावजूद, इज़रायल राफ़ा पर अपने हमले जारी रखे हुए है, जहाँ 1 मिलियन से अधिक विस्थापित फ़िलिस्तीनी शरण ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अबू रुदैनेह ने स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड द्वारा फ़िलिस्तीन को मान्यता दिए जाने को बढ़ते यूरोपीय समर्थन के संकेत के रूप में देखा, साथ ही फ़िलिस्तीन और अन्य अरब राज्यों द्वारा अधिक देशों को फ़िलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने के लिए राजी करने के निरंतर प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा हवाई हमले में अप्रत्याशित द्वितीयक विस्फोट के कारण दर्जनों नागरिक मारे गए

**यरुशलम।** इजरायली सेना ने कहा है कि उसकी प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा पर उसके हवाई हमले में अप्रत्याशित द्वितीयक विस्फोट और आग के कारण दर्जनों नागरिक मारे गए। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगरी ने कहा कि सेना ने एक संरचना पर सटीक हमला किया था, जहां दो वरिष्ठ हमास कमांडर, यासीन राबिया और खालिद नज्जर स्थित थे, सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया। आईडीएफ ने दो हमास अधिकारियों पर इजरायलियों के खिलाफ आतंकवादी हमलों की साजिश रचने और उन्हें अंजाम देने का आरोप लगाया। हगरी ने कहा कि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण, आग दुखद रूप से भड़क गई, जिसके परिणामस्वरूप पास के गाजा नागरिकों की जान चली गई।

# इजरायल ने राफा शिविर पर बमबारी में शामिल होने से किया इनकार

एजेंसी

**गाजा।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने राफा शहर के पास अल-मवासी इलाके में एक शिविर पर हुए बम विस्फोट में अपनी संलिप्तता से इनकार किया, जिसमें कम से कम 21 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए थे।

आईडीएफ ने एक बयान में कहा ,पिछले कुछ घंटों की रिपोर्टों के विपरीत, आईडीएफ ने अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया आईडीएफ ने यह भी सुझाव दिया कि हथियारों का छिपा हुआ भंडार घातक विस्फोटों का वास्तविक कारण हो सकता है।राफा में सुरक्षा सूत्रों ने पहले 'शिन्हुआ ' को बताया था कि इजरायली तोपखाने ने अल-मवासी क्षेत्र में विस्थापितों के लिए तंबुओं पर बमबारी की, जो एक मानवीय क्षेत्र है जहां विस्थापित गाजावासी आईडीएफ के आदेश के आधार पर शरण लेते हैं। स्थानीय चिकित्सा सूत्रों ने 'शिन्हुआ' को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 21 लोगों की मौत



हो गई और दर्जनों घायल हो गए।

गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि बमबारी में कम से कम 64 लोग घायल हो गए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है।

यह घटना उत्तर-पश्चिमी राफा में विस्थापित नागरिकों के तंबुओं पर इजरायल के हवाई हमले के एक दिन बाद हुई, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 45 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

सोमवार को इजरायली सांसदों को संबोधित करते हुए इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार के हवाई हमले को दुर्भाग्य से कुछ दुखद गलत हुआ कहा और त्रासदी की जांच करने का वादा किया।

# बंगलादेश में चक्रवाती तूफान रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

एजेंसी

**ढाका।** बंगलादेश की राजधानी ढाका में रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मौतों की पुष्टि की।

ढाका में रात को आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है।राजधानी ढाका से लगभग 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के एक अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों



के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बंगलादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।

## 'पाकिस्तान ने 1999 में वाजपेयी के साथ किए गए समझौते का 'उल्लंघन' किया', नवाज शरीफ ने 25 साल बाद मानी गलती

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने स्वीकार किया कि इस्लामाबाद ने भारत के साथ 1999 में उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा हस्ताक्षरित समझौते का 'उल्लंघन' किया है। उन्होंने जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा करगिल में किए गए हमले के स्पष्ट संदर्भ में यह बात कही। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का अध्यक्ष चुने जाने के बाद पार्टी की आम परिषद को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा, ''28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किये। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आये और हमारे साथ समझौता किया। लेकिन, हमने उस समझौते का उल्लंघन किया...यह हमारी गलती थी।'' शरीफ और वाजपेयी ने यहां 21 फरवरी, 1999 को लाहौर समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण की बात करने वाले इस समझौते ने एक बड़ी सफलता का संकेत दिया, लेकिन कुछ महीने बाद जम्मू-कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण करगिल युद्ध हुआ। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ मनाने के बीच शरीफ ने कहा, ''राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान को परमाणु परीक्षण करने से रोकने के लिए पांच अरब अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी लेकिन मैंने इनकार कर दिया। अगर (पूर्व प्रधानमंत्री) इमरान खान जैसे व्यक्ति मेरी सीट पर होते तो उन्होंने क्लिंटन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया होता।''



# नवाज शरीफ का फिर से पीएमएल-एन अध्यक्ष चुना जाना तय

एजेंसी

**ढाका।** नवाज शरीफ का फिर से पीएमएल-एन अध्यक्ष चुना जाना तय, छह साल पहले गंवाना पड़ा था पद लाहौर। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ फिर से सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) दल का अध्यक्ष चुना जाना तय है। पनामा पेपर मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद छह साल पहले उन्हें यह पद गंवाना पड़ा था।

डॉन अखबार की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एक स्थानीय होटल में जनरल कौंसिल की बैठक होने वाली है। ब्रिटेन में चार साल के निर्वासन के बाद पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान लौटे 74 वर्षीय नवाज के निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। हालांकि पार्टी के 11 सदस्यों ने इस शीर्ष पद के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएमएल-एन ने पहले 11 मई को जनरल कौंसिल की बैठक बुलाने की घोषणा की थी, लेकिन पाकिस्तान के परमाणु शक्ति बनने



के 26 साल पूरे होने के जश्न के मौके पर इसे स्थगित कर दिया गया। पीएमएल-एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संकेत दिया कि शरीफ बिना किसी विरोध के चुने जाएंगे। एक सवाल के जवाब में सनाउल्लाह ने कहा कि अगर पार्टी का कोई सदस्य उनके खिलाफ चुनाव लड़ना चाहता है तो उसे आगे आना चाहिए।

## हिंद महासागर और लाल सागर में तीन अमेरिकी, इजरायली जहाजों पर हमला

एजेंसी

**सना।** यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह (हूती) आंदोलन ने हिंद महासागर और लाल सागर में तीन अमेरिकी और इजरायली व्यापारिक जहाजों तथा दो अमेरिकी विध्वंसक पोतों पर हमला किया। अलमासिरा ब्रॉडकास्टर ने हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी के हवाले से कहा, यमनी सशस्त्र बलों की नौसेना एवं मिसाइल बलों ने तीन संयुक्त अभियान चलाये। पहला हिंद महासागर में अमेरिकी जहाज लारेगो डेजर्ट के खिलाफ, दूसरा हिंद महासागर में इजरायली जहाज एमएससी मेचेला के खिलाफ और तीसरा लाल सागर में मिनर्वा लीसा के खिलाफ अभियान चलाया।

## सऊदी अरब ने इज़रायल के 'निरंतर नरसंहार' की निंदा की

एजेंसी

**काहिरा।** सऊदी अरब ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा पर घातक हवाई हमलों के बाद इजरायल की निंदा की है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रियाद ने राफा में असहाय फिलिस्तीनी शरणार्थियों के तंबुओं को निशाना बनाकर इजरायली कब्जे वाले बलों द्वारा फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए निरंतर नरसंहार की निंदा की है। मंत्रालय ने कहा कि राज्य इजरायल को राफा और पूरे कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराता है, साथ ही सभी मानवीय संकल्पों, कानूनों और मानदंडों के निरंतर स्पष्ट उल्लंघन की निंदा करता है। कई अरब देशों ने रविवार को इजरायली हमले की निंदा की है, जिसमें राफा के पास विस्थापित लोगों के तंबूओं पर हमला किया गया था।

# स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा- देश का मंत्रिमंडल फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा

एजेंसी

**मैड्रिड।** यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि उनके देश का मंत्रिमंडल बैठक में फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा। आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में फलस्तीन राष्ट्र को आधिकारिक तौर पर मान्यता देंगे। दर्जनों देशों ने फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा, ''यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य है और यह लक्ष्य इजराइल और फलस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है।

सांचेज के इस भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। समाजवादी नेता सांचेज ने पिछले सप्ताह संसद के समक्ष अपने देश के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम और मान्यता के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों का दौरा किया था। यूरोपीय संघ के सदस्य आयरलैंड और स्पेन द्वारा फलस्तीन राष्ट्र को राजनयिक मान्यता देने की पूर्व संध्या पर यूरोपीय संघ और इजराइल के आपसी संबंध सोमवार को रसातल में पहुंच गए। मैड्रिड का कहना है कि दक्षिणी गाजा शहर रफह में लगातार हमलों के लिए इजराइल के खिलाफ



प्रतिबंधों पर विचार किया जाना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फलस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का पुरजोर समर्थन किया है जिसके अभियोजक इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास के नेताओं सहित अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। नॉर्वे ने फलस्तीन राष्ट्र को औपचारिक मान्यता देने से पहले सप्ताहांत में फलस्तीन सरकार को राजनयिक दस्तावेज़ सौंपे।

सांचेज ने कहा कि फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने का निर्णय इजराइल समेत किसी के भी खिलाफ नहीं है। उन्होंने गाजा में स्थायी संघर्ष विराम, मानवीय सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने और पिछले साल सात अक्टूबर को हमला करने के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा किए जाने का आह्वान किया। सांचेज ने फलस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा शासित एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो एक गलियारे के माध्यम से वेस्ट बैंक और गाजा को पूर्वी यरुशलम से जोड़े। उन्होंने कहा, ''हम 1967 की सीमा रेखाओं में उन बदलावों को मान्यता नहीं देंगे जिन्हें लेकर पक्षकारों में सहमति नहीं हो।

# जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज़ दर 60 प्रतिशत हुयी

एजेंसी

**टोक्यो।** जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मंत्रालय ने इस साल मार्च में किए गए दो सर्वेक्षणों के नतीजे सोमवार को विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई।

सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70



वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी।दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में कुल 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। रिपोर्ट के अनुसार होक्काइडो और टोक्यो के सबसे उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 प्रतिशत देखी गई और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

# उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की हुई किरकिरी, जासूसी उपग्रह लेकर जा रहे रॉकेट में हुआ विस्फोट

एजेंसी

**सियोल।** उत्तर कोरिया द्वारा देश के दूसरे जासूसी उपग्रह को अंतरिक्ष में तैनात करने के लिए छोड़े गए रॉकेट में उड़ान भरने के तुरंत बाद विस्फोट हो गया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। यह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के लिए झटका है जो अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया पर नजर रखने के लिए उपग्रहों को तैनात करने की उम्मीद कर रहे हैं। यह प्रक्षेपण ऐसे वक्त में विफल हुआ है जब दक्षिण कोरिया, चीन और जापान के नेताओं ने चार साल से अधिक समय बाद पहली त्रिपक्षीय बैठक के तहत सियोल में मुलाकात की।

उत्तर कोरिया का ऐसी उकसावे वाली कार्रवाई करना असामान्य है जब उसका प्रमुख सहयोगी चीन क्षेत्र में उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ता कर रहा हो। उत्तर कोरिया के पड़ोसी देशों



ने इस प्रक्षेपण की आलोचना की थी क्योंकि संयुक्त राष्ट्र ने उत्तर कोरिया पर ऐसा कोई प्रक्षेपण करने से प्रतिबंध लगा रखा है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि उसने मुख्य उत्तरपश्चिमी अंतरिक्ष केंद्र से एक नए रॉकेट पर एक जासूसी उपग्रह छोड़ा। लेकिन उड़ान भरने के तुरंत बाद रॉकेट में संदिग्ध रूप से इंजन समस्या के कारण विस्फोट हो गया।

जापान के रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने उत्तर कोरिया के प्रक्षेपण को ''पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर

**यह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के लिए झटका है जो अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया पर नजर रखने के लिए उपग्रहों को तैनात करने की उम्मीद कर रहे हैं।**

चुनौती'' बताया था। दक्षिण कोरिया ने उपग्रह प्रक्षेपण को ''उकसावे वाला कदम बताया था जिससे हमारी और क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पहुंचता है।

## मोदी के चुनाव हारने पर भारत और पाकिस्तान के रिश्ते होंगे बेहतर: पाक नेतो

एजेंसी

**दिल्ली।** भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है. पाक नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने विपक्षी दलों को पाकिस्तान की समर्थन बताया था. पाक नेता ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी के साथ होनी चाहिए, क्योंकि वो कट्टरपंथियों को हरा सके.

दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी ने कल आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा था कि ये बहुत गंभीर मामला है और इसकी जांच की जरूरत है. पीएम मोदी ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ चुनिंदा लोगों के ग्रुप को जाहिर तौर पर जो हमारे खिलाफ दुश्मनी रखते हैं, उन्हें पाकिस्तान से समर्थन क्यों मिलता है. वहां से कुछ खास लोगों के लिए समर्थन की आवाजें क्यों उठती हैं. फवाद हुसैन ने पीएम मोदी के बयान पर बोलते हुए कहा कि कश्मीर हो या बाकी भारत के अंदर मुसलमान हो, इस वक्त, जिस किस्म की कट्टपंथ विचारधारा का सामना कर रहे हैं. ये बहुत जरूरी है कि नरेंद्र मोदी इस आम चुनाव में हारें. और पाकिस्तान में हर व्यक्ति भी यही चाहता है कि नरेंद्र मोदी चुनाव हारें. भारत और पाकिस्तान के रिश्ते तभी बेहतर होंगे, जब ये कट्टरपंथ कम होगा।

# भारत की मेजर राधिका सेन को संयुक्त राष्ट्र के प्रतिष्ठित पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** कांगो में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन को एक प्रतिष्ठित सैन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने उन्हें ''सच्चा नेता और आदर्श'' बताया।

कांगो गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को 30 मई को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर यहां विश्व निकाय के मुख्यालय में गुतारेस द्वारा प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक



कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं। हिमाचल प्रदेश में 1993 को जन्मी मेजर सेन आठ साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुईं। उन्होंने बायोटेक इंजीनियर के तौर पर स्नातक किया। जब उन्होंने सेना में शामिल होने का फैसला किया था, उस समय वह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई से परास्नातक की पढ़ाई कर रही थीं। वह मेजर सुमन गवानी के बाद इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाली दूसरी भारतीय शांति रक्षक हैं। मेजर गवानी ने दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन में सेवा दी थी और उन्हें 2019 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मेजर सेन को उनकी सेवा के लिए बधाई देते हुए गुतारेस ने कहा कि वह एक ''सच्ची नेता और आदर्श हैं। उनकी सेवा समग्र रूप से संयुक्त राष्ट्र के लिए एक योगदान है।''

इस पुरस्कार की घोषणा के बाद मेजर सेन ने कहा, ''यह पुरस्कार मेरे लिए खास है क्योंकि यह कांगो गणराज्य के चुनौतीपूर्ण माहौल में काम कर रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे सभी शांतिरक्षकों की कड़ी मेहनत को पहचान देता है।'' अभी संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाली महिला सैन्य शांतिरक्षकों में भारत का 11वां सबसे बड़ा योगदान है।

## लखनऊ की नूरा, अनाहत व आरना भारतीय एरोबिक्स टीम में चयनित, खेल प्रेमियों ने दी बधाई

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एरोबिक्स टीम ने 14वें एरोबिक्स फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीत ली। इंडिया एरोबिक्स स्पोर्ट्स एंड फिटनेस फेडरेशन के द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में लखनऊ की बालिका खिलाड़ियों-नूरा इनायती ने चार, जबकि अनाहत सिंह व आरना खुराना ने 3-3 सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए।इसी के साथ इन तीनों खिलाड़ियों ने आगामी अगस्त माह में बैंकॉक (थाईलैंड) में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। खिलाड़ियों की मुख्य कोच मालविका बाजपेयी (आयोजन सचिव उत्तर प्रदेश एरोबिक्स स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एसोसिएशन) ने बताया कि सभी खिलाड़ी योग शक्ति इंटरनेशनल फिटनेस स्टूडियो गोमती नगर में प्रैक्टिस करती हैं। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर उप्र ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय सहित खेल संघों के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।उन्होंने बताया कि नूरा इनायती ने अंडर-14 में व्यक्तिगत स्पोर्ट्स एरोबिक्स में रजत पदक जीता। वहीं अनाहत सिंह, नूरा इनायती व आरना खुराना की जोड़ी ने बालिका ट्रायो स्पोर्ट्स एरोबिक्स में रजत पदक जीता। इस तिकड़ी ने फिर फिटनेस एरोबिक्स की अंडर-14 मिक्स श्रेणी में रजत पदक जीता। अनाहत, नूरा व आरना ने इसके बाद अंडर-14 स्पोर्ट्स एरोबिक्स में पिटाइट ग्रुप में रजत पदक अपने नाम किया।

## नॉर्वे शतरंज 2024: प्रज्ञानानंद ने आर्मागेडन में अलीरेजा को हराया, वेनजुन से हारीं वैशाली

**स्टेवेंगर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में आर्मागेडन गेम में फ्रांस के फिरोज़ा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में एक आसान ड्रा के बाद, प्रज्ञानानंद को सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए दस मिनट मिले, जबकि अलीरेजा के सात सेंकेड मिले, लेकिन शर्त यह थी उन्हें जीत दर्ज करनी थी, क्योंकि ड्रा होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते।

भारतीय खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन कते हुए जीत दर्ज की। इस मुकाबले के अलावा महिला और पुरुष वर्ग में क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत सभी मैच ड्रा रहे और इस अनूठे प्रारूप में विजेता का फैसला करने के लिए छह आर्मागेडन बाजियों का सहारा लेना पड़ा। विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में 14 चालों का ड्रा खेला और फिर मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के साथ 68 चालों का मैराथन ड्रा खेला और दिन को अपने पक्ष में कर लिया, जबकि हिकारू नाकामुरा आर्मागेडन में अमेरिकी हमवतन फैबियानो कारूआना से अधिक मजबूत साबित हुए।

## अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए तरस रहा कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम

**कानपुर।** उत्तर भारत का प्रसिद्ध क्रिकेट स्टेडियम कहा जाने वाला ग्रीन पार्क ऐतिहासिक विरासत और दिग्गजों का गढ़ होने के बावूजद स्टेडियम में कई सालों से क्रिकेट मैच आयोजित नहीं हुआ। यहां पर अंतिम बार अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच नवम्बर 2021 में भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच खेला गया था जो टेस्ट मैच था। वहीं साल 2009 से ग्रीनपार्क स्टेडियम में निर्माण कार्य में लगभग 70 से 75 करोड रुपये शासन की ओर से खर्च किए जा चुकें हैं। अब यहां पर मैच न मिलने से स्टेडियम ठूंठ बना खड़ा हुआ है। इससे क्रिकेट समर्थकों को भी निराशा होती है। ऐसे में शहर की जनता के मन में सबसे बड़ा सवाल यही रहता है कि आखिर ग्रीन पार्क में अब मैच क्यों नहीं होते जबकि पास ही लखनऊ शहर के इकाना स्टेडियम में क्रिकेट मैच होते रहते हैं। ग्रीन पार्क स्टेडियम खेल विभाग के अंतर्गत आता है। मैचों के आयोजन में यूपीसीए की अहम भूमिका होती है। दोनों के बीच आंतरिक तौर पर कई टकराव भी सामने आ चुकें हैं जिनका खामियाजा क्रिकेट समर्थकों को भुगतना पड़ रहा है। सीधे तौर पर खेल विभाग या यूपीसीए के अधिकारियों ने मैच न आयोजित होने के सवालों पर चुप्पी साध रखी है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग के एक सीज़न में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ा

**रियाद।** पुर्तगाल और अल नासर के स्टार के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग के एक सीज़न में सबसे अधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। सऊदी प्रो लीग मैच में सोमवार को रोनाल्डो ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में और बाद में 69वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को अल इत्तिहाद के खिलाफ 4-2 से जीत दिला दी।इन दो गोलों के साथ, मौजूदा सऊदी प्रो लीग सीज़न में रोनाल्डो के गोलों की संख्या कुल 35 गोल तक पहुंच गई, जिससे उन्होंने 2018-19 सीज़न में मोरक्को के अब्देर्राज़क हमदल्ला द्वारा बनाए गए 34 गोलों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।रिकॉर्ड तोड़ने के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं रिकॉर्ड्स का अनुसरण नहीं करता, रिकॉर्ड मेरा अनुसरण करते हैं। कंग कप के फाइनल में जब अल नासर का सामना अजेय टीम अल-हिलाल से होगा तो रोनाल्डो एक्शन में दिखेंगे। क्लब ने दिसंबर 2022 में रोनाल्डो के साथ अनुबंध किया। ईएसपीएन के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी को प्रति वर्ष 75 मिलियन डॉलर मिल रहे हैं, जिससे वह इतिहास में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले फुटबॉलर बन गए हैं।

# म्यूनिख आईएसएसएफ विश्व कप के लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीमों की घोषणा की गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** म्यूनिख में इस महीने के अंत में होने वाले आगामी अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की गई है। हाल ही में पहली बार ओलंपिक चयन ट्रायल के दौरान एक्शन में दिखे शीर्ष तीन निशानेबाजों में से अधिकांश इस टीम में शामिल हैं। भारत सभी 10 ओलंपिक स्पर्धाओं में भाग लेगा। दल के रवाना होने से पहले बोलते हुए, भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, कुछ निशानेबाजों के मन में कार्यक्रम के बारे में कुछ स्वाभाविक प्रश्न थे, क्योंकि यह ओलंपिक से पहले का कार्यक्रम है, लेकिन हमने उन सभी से बात की और उन्हें म्यूनिख विश्व कप और उसके बाद फ्रांस में शिविर के महत्व के बारे में समझाया। हम हमेशा व्यक्तिगत कोचों के मामले में लचीले रहे हैं और हमने बस इतना कहा है कि वे एसओपी का पालन करें और



बुनियादी अनुशासन बनाए रखें। हमने इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान एक साझा और संयुक्त रूप से तैयार किए गए न्यूनतम प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व के बारे में भी बात की है, चाहे वह विश्व कप के दौरान हो, शिविर के दौरान हो या घर पर हो, जिसकी उच्च प्रदर्शन निदेशक/राष्ट्रीय कोच द्वारा सक्रिय रूप से निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा, यदि ऐसे बुनियादी प्रोटोकॉल का पालन किया जा सकता है, तो व्यक्तिगत कोचों का हमेशा स्वागत है। हम सभी को टीम इंडिया की सफलता के लिए एकजुट होना चाहिए। म्यूनिख विश्व कप पर विशेष रूप से बोलते हुए, उन्होंने कहा, म्यूनिख के लिए, मैं इस तथ्य पर अधिक जोर दूंगा कि यह ओलंपिक के लिए महत्वपूर्ण प्रदर्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम निशानेबाजों की व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए लचीले हैं, जिसमें व्यक्तिगत कोचों की भागीदारी भी शामिल है। हम समझते हैं कि कुछ निशानेबाजों के पास व्यक्तिगत प्रशिक्षण योजनाएँ हो सकती हैं, इसलिए हमने लचीलापन दिखाया है और उन्हें उदाहरण के लिए घटनाओं की संख्या चुनने या रैंकिंग पॉइंट्स ओनली निशानेबाजों के रूप में खेलने का विकल्प दिया है। हमारा ध्यान प्रतिस्पर्धी माहौल में रहने पर है, एक ऐसे टूर्नामेंट में जो ओलंपिक के समान प्रारूप में खेला जाता है। म्यूनिख विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने के बाद टीम दो सप्ताह के ब्रेक के लिए घर लौटने से पहले फ्रांस में एक शिविर में जाएगी। फिर वे ओलंपिक खेलों के लिए रवाना होने से पहले भोपाल में एक प्रस्थान शिविर के लिए एकत्र होंगे।

## मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर: निशांत प्री क्वार्टर फाइनल में, ओटगोनबाटर को दो मिनट में हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक के लिए थाईलैंड के बैंकॉक में चल रहे दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने दूसरे दौर में मंगोलियाई मुक्केबाज ओटगोनबाटर ब्याम्बा-एर्डेनेटो को सिर्फ दो मिनट में हरा दिया। वहीं, अभिनाश जामवाल को



63.5 किग्रा वर्ग में जोस मैनुअल वियाफारा फोरी के हाथों हार का सामना करना पड़ा।निशांत देव ने ओटगोनबाटर के खिलाफ़ मुक्कों की झड़ी लगाकर पहले ही मिनट में स्टैंडिंग काउंट को मजबूर कर दिया। जैब और क्रॉस हुक के संयोजन की बदौलत एक और स्टैंडिंग काउंट हुआ और राउंड 1 में खेलने के लिए 58 सेकंड बचे होने पर रेफरी ने प्रतियोगिता रोक दी।

इससे पहले, कोलंबिया के वियाफ़ारा फ़ोरी के खिलाफ़ पहले राउंड में करीबी हार के बाद जामवाल ने हिम्मत के साथ वापसी की।

उन्होंने तीसरे और अंतिम राउंड में अपना दबदबा बनाया और सभी पांच जजों के अंक बराबर कर दिए। नियमों के अनुसार, जजों से फिर से प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और विजेता का फैसला करने के लिए कहा गया; फिर सभी ने एक लंबी चर्चा के बाद फ़ोरी के पक्ष में मतदान किया और कोलंबियाई मुक्केबाज को 5:0 से विजेता घोषित किया।

# टी20 विश्व कप के पहले मैच से पहले भारतीय ऑलराउंडर जडेजा ने कहा, न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलना मजेदार होगा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले मैच से पहले टीम इंडिया के पहले प्रशिक्षण सत्र के बाद, स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा कि न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलना मजेदार होगा।आईसीसी टी20 विश्व कप 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। मेन इन ब्लू 1 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के साथ अपना एकमात्र अभ्यास मैच भी खेलेगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अमेरिका में अपने पहले प्रशिक्षण सत्र की एक झलक साझा की। वीडियो में, जडेजा मेगा टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले आशावादी लग रहे थे।जडेजा ने वीडियो में कहा, हम पहली बार न्यूयॉर्क में क्रिकेट खेलेंगे, यह मजेदार होने वाला है। टीम इंडिया के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने कहा कि खिलाड़ियों ने



न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद अपनी दिनचर्या को आसान बना लिया है।सोहम ने कहा, हम परसों यहां आए और हमने अपनी दिनचर्या को आसान बनाया, खिलाड़ी अभी टाइम जोन के अभ्यस्त हो रहे हैं। आज हम अपना पहला ग्राउंड सेशन कर रहे हैं... इस बीच, भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा, हमने अभी तक क्रिकेट नहीं खेला है, आज टीम गतिविधि के लिए यहां आए हैं। उम्मीद है कि यह अच्छा होगा। मौसम वास्तव में अच्छा है, इसलिए हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मेन इन ब्लू के उप-कप्तान और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा, यहां न्यूयॉर्क में होना बहुत रोमांचक है, यहां अच्छा माहौल है, तेज धूप है। सूर्यकुमार यादव ने आगे कहा, मैंने सुना है कि यहां अमेरिका में क्रिकेट बढ़ रहा है, इसलिए हम वास्तव में उत्साहित हैं और यहां पहला दिन अद्भुत था, इसलिए आने वाले कुछ दिनों के लिए बहुत उत्साहित हैं। https://&.com/BCCI/status/179566747829240669 4 भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। बाद में वे अपने ग्रुप ए मैचों को समेटने के लिए टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे। टूर्नामेंट में, भारत अपने ICC ट्रॉफी सूखे को समाप्त करने का लक्ष्य रखेगा, जिसने आखिरी बार 2013 में ICC चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। तब से, भारत 2023 में 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल, 2021 और 2023 में ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले, 2014 में टी20आई के फाइनल, 2016 और 2022 में सेमीफाइनल में पहुंच चुका है, लेकिन एक बड़ी ICC ट्रॉफी हासिल करने में विफल रहा है।

भारतीय टीम: रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

## युवा एशियाई जिउ जित्सु चैम्पियनशिप

**बांदीपुरा।** बांदीपुरा के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) शकील उल रहमान नेबांदीपुरा की सबकत मलिक को सम्मानित किया, जिन्होंने हाल ही में अबू धाबी में आयोजित युवा एशियाई जिउ जित्सु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है। बांदीपुरा की 20 वर्षीय फिटनेस उत्साही सबकत मलिक ने अबू धाबी में आयोजित युवा एशियाई जिउ जित्सु चैंपियनशिप में रजत पदक जीता, जिसका श्रेय उन्हें पूरे जम्मू-कश्मीर की पहली लड़की होने के कारण दिया गया, जो दो बार एशियाई जिउ जित्सु चैंपियन है। डीसी ने अन्य लड़कियों के लिए एक रोल मॉडल बनने के लिए उनकी सराहना की और उन्हें अपने लक्ष्यों को निरंतरता, समर्पण और पूरे दिल से आगे बढ़ाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि युवाओं को फिटनेस गतिविधियों में शामिल करना उन्हें नशीली दवाओं की महामारी से दूर रखने में उत्प्रेरक का काम करता है। डीसी ने खेल और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के समर्पण पर जोर दिया।

# जर्मनी ने भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को 3-2 से हराया

एजेंसी

**मोंचेनग्लाडबाक (जर्मनी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम यूरोप दौरे के अपने चौथे मैच में जर्मनी से 2-3 से हार गई। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए योगंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल किए।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच काफी एक्शन देखने को मिला और दोनों टीमों ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बढ़त हासिल करने के कई मौके बनाए। चूंकि दोनों टीमें एक-दूसरे के डिफेंस को भेद नहीं पाईं, इसलिए पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। दूसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद, जर्मनों ने फील्ड गोल करके बढ़त हासिल कर ली। हालांकि भारत ने डिफेंडर योगंबर रावत के पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल कर 1-1 से बराबरी कर ली। पहले हाफ का स्कोर 1-1 रहा। तीसरे क्वार्टर में कुछ



ही मिनटों में भारत ने एक और पेनल्टी कॉर्नर जीता और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह ने इसका पूरा फायदा उठाकर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। लेकिन जर्मनी ज्यादा देर तक शांत नहीं रहा और कुछ ही मिनटों बाद पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर स्कोर 2-2 से बराबरी कर ली। अंतिम क्वार्टर में मेहमान टीम के पास बढ़त हासिल करने का मौका था, लेकिन वे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर पाए। खेल के अंतिम क्षणों में जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला और उन्होंने इसका फायदा उठाकर मैच को 3-2 से अपने नाम कर लिया। भारतीय जूनियर पुरुष टीम यूरोप दौरे का अपना अंतिम मैच 29 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में जर्मनी के खिलाफ खेलेगी।

# जोकोविच, सबालेंका सीधे सेटों में जीत के साथ दूसरे दौर में

एजेंसी

**पेरिस।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में जीत के साथ शुरुआत करते हुए फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 6-7 (7-3), 6-4 से शिकस्त दी।जोकोविच का लक्ष्य रोलांड गैरोस में 25 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाला टेनिस इतिहास का पहला खिलाड़ी बनना है, जहां उन्होंने पहले तीन बार ट्रॉफी उठाई है।जोकोविच के 2024 के नतीजे उनके सामान्य उच्च मानकों से कम रहे हैं। 2006 में अपना पहला एटीपी एकल खिताब जीतने के बाद से सिर्फ़ दूसरे सीज़न में, वह किसी भी स्तर पर फ़ाइनल में पहुँचे बिना रोलांड गैरोस पहुँचे हैं। दो बार के फाइनलिस्ट कैस्पर रूड भी सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। नॉर्वे के सातवें वरीय खिलाड़ी



रूड ने क्वालीफायर फेलिप मेलिगेनी अल्वेस को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को दूसरे दौर में पहुंचने के लिए सिर्फ़ एक घंटा आठ मिनट का समय लगा, उन्होंने एरिका एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया। सबालेंका ने दुनिया की 100वें नंबर की खिलाड़ी एंड्रीवा की सर्विस पांच बार तोड़ी और अपने प्रतिद्वंद्वी के विनर्स की संख्या को तिगुना करते हुए 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ़ अपने करियर का पहला मैच जीता। सबालेंका ने खेले गए 15 गेम में 27 विनर्स शॉट लगाए और सिर्फ़ 16 अनफोर्स्ड एरर किए।

# टी20 विश्व कप : भारतीय टीम से जुड़े हार्दिक पांड्या

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** स्टार भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी टी 20 विश्व कप के उद्घाटन मुकाबले से पहले न्यूयॉर्क में टीम इंडिया में शामिल हो गए। आईसीसी टी-20 विश्व कप 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। मेन इन ब्लू 1 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के साथ अपना एकमात्र अभ्यास मैच भी खेलेगा।

बुधवार को इंस्टाग्राम पर पांड्या ने घोषणा की कि वह राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं और टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। हार्दिक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के खराब अभियान के बाद टीम में आ रहे हैं। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) और पांड्या के लिए मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन भूलने लायक रहा है। वर्ष 2022 में डेब्यू सीजन में गुजरात टाइटन्स (जीटी) को खिताब दिलाने वाले पांड्या टीम के साथ दो साल के कार्यकाल के बाद मुंबई



लौटे।मुंबई टीम को पांच बार आईपीएल खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेने से हार्दिक और फ्रैंचाइज़ी की सोशल मीडिया पर भारी आलोचना हुई। पांड्या को उनके मैचों के दौरान पूरे भारत के स्टेडियमों में हूटिंग का सामना करना पड़ा और टीम चार जीत, 10 हार और आठ अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रही। 2015-21 तक फ्रैंचाइज़ी की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले पांड्या मैच जिताने वाला प्रदर्शन नहीं कर सके।

14 मैचों में पांड्या ने 18.00 की औसत और 143.04 की स्ट्राइक रेट से 216 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 46 रहा। उन्होंने 35.18 की खराब औसत और 10.75 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट भी लिए। भारत अपना टी-20 विश्व कप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। इसके बाद वे टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) के साथ अपने ग्रुप ए मैच खेलेंगे।

# कैमरून फुटबॉल महासंघ ने मार्टिन एनडटौंगौ को राष्ट्रीय पुरुष टीम का अंतरिम कोच नियुक्त किया

एजेंसी

**याउंडे।** कैमरून फुटबॉल महासंघ ने घोषणा की है कि उसने कई सप्ताह के तनाव और संकट के बाद एक आपातकालीन बैठक के दौरान मार्टिन मपाइल एनडटौंगौ को राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है।

रात जारी एक बयान में, महासंघ ने कहा कि वह अप्रैल में टीम का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किए गए बेल्जियम के मार्क ब्रायस को अस्वीकार्य व्यवहार और महासंघ के साथ सहयोग करने से इनकार करने के कारण बर्खास्त कर रहा है।

कैमरून की राजधानी याउंडे में महासंघ मुख्यालय में मंगलवार की सुबह संकट बैठक शुरू होने से पहले महासंघ के अध्यक्ष सैमुअल एटो और ब्रायस के बीच वीडियो कांफ्रेंस में कठोर शब्दों का आदान-प्रदान होते देखे जाने के बाद आपातकालीन बैठक आयोजित की गई थी। कैमरून फुटबॉल क्लब अप्रैल से ही संकट में फंसा हुआ है, जब देश के खेल और शारीरिक शिक्षा मंत्री नार्सिस मौएले




कोम्बी ने ब्रायस को राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था।

महासंघ ने शुरू में इस नियुक्ति को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं था, लेकिन मई की शुरुआत में, एसोसिएशन ने ब्रायस को नए मुख्य कोच के रूप में पुष्टि की, लेकिन मंत्री द्वारा नियुक्त तकनीकी कर्मचारियों के कुछ सदस्यों को बर्खास्त कर दिया और उनकी जगह नए लोगों को नियुक्त किया। स्थानीय फुटबॉल विश्लेषकों के अनुसार कैमरून के पास जून में केप वर्डे और अंगोला के खिलाफ दो महत्वपूर्ण विश्व कप क्वालीफायर मैच निर्धारित हैं, लेकिन गहराते संकट से खेलों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

## ओलंपिक पोल वॉल्ट चैंपियन थियागो ब्राज़ पर डोपिंग के कारण लगा प्रतिबंध, पेरिस 2024 से बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्राजील के 2016 ओलंपिक चैंपियन पोल वॉल्ट एथलीट थियागो ब्राज़ इस वर्ष पेरिस में अपना खिताब दोबारा हासिल करने का प्रयास नहीं कर पाएंगे, क्योंकि एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने मंगलवार को डोपिंग



के लिए उन पर 16 महीने का प्रतिबंध लगा दिया है।एआईयू के बयान में कहा गया है, एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन थियागो ब्राज़ पर ओस्टारिन ग्लूकोरोनाइड की मौजूदगी के कारण 16 महीने का प्रतिबंध लगा दिया है।

30 वर्षीय ब्राज़ ने अपने ऊपर लगे प्रतिबंध का विरोध करते हुए कहा कि उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थ युक्त खेल पूरक के माध्यम से इसका सेवन किया था। उन्होंने कहा कि वह प्रतिबंध के विरुद्ध अपील करने पर विचार करेंगे।

एआईयू के प्रमुख ब्रेट क्लॉथियर ने कहा, ब्राजील के एथलीटों, जिनमें ब्राज़ भी शामिल हैं, को ब्राजील में कंपाउंड फ़ार्मेसियों से सप्लीमेंट्स के उपयोग से जुड़े खतरों के बारे में विशेष रूप से शिक्षित किया गया है। यह एआईयू ऑनलाइन फ़ोरम और एआईयू एथलीट सलाहकार नोटिस के माध्यम से हुआ है। इन बहुत स्पष्ट चेतावनियों के प्रकाश में, इस तरह के मामले से निपटना निराशाजनक है।

अनुशासनात्मक न्यायाधिकरण ने फैसला सुनाया कि, हालांकि ब्राज़ को पूरक पदार्थों के उपयोग में शामिल उच्च जोखिम के बारे में व्यक्तिगत रूप से सूचित किया गया था और परिणामस्वरूप उन्होंने इस जोखिम को नजरअंदाज किया था, लेकिन यह नहीं माना जा सकता कि उन्होंने जोखिम की स्पष्ट रूप से उपेक्षा की थी, क्योंकि उन्होंने सलाह के लिए अपनी मेडिकल टीम पर भरोसा किया था। पैनल के बहुमत ने निर्धारित किया कि वह महत्वपूर्ण दोष या लापरवाही में नहीं था। ब्राज़, जिन्हें 2 जुलाई को स्टॉकहोम में डायमंड लीग मीटिंग में इन-कॉम्पिटिशन टेस्ट के बाद सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद 28 जुलाई, 2023 को एआईयू द्वारा अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था, उन्हें 27 नवंबर, 2024 तक प्रतिस्पर्धा करने से रोक दिया जाएगा।

# इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीसरा टी20 मैच चढ़ा बारिश की भेंट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच रात कार्डिफ़ में होने वाला तीसरा टी-20 मैच बारिश के कारण बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया। सुबह कार्डिफ़ में भारी बारिश हुई, जो पूरे दिन जारी रही। दोपहर में बारिश कुछ देर के लिए रुकी, लेकिन शाम 5.15 बजे फिर शुरू हो गई, जिससे टॉस में बार-बार देरी हुई, इसके बाद अंपायर माइक बर्न्स और रसेल वॉरेन ने रात 8.12 बजे मैच रद्द कर दिया, जिससे दर्शकों में निराशा की लहर दौड़ गई।

बुधवार को लीड्स में खेले गए पहले मैच में मौसम के कारण खेल रद्द होने के बाद यह सीरीज का दूसरा मैच है, जिसमें अब तक 120 निर्धारित ओवरों में से केवल 39.2 ओवर ही फेंके जा सके हैं। इंग्लैंड की टीम चार मैचों की टी-20 श्रृंखला में 1-0 से आगे है। इंग्लैंड ने शनिवार को पाकिस्तान को दूसरे टी-20 में 23 रन से हराया था।

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर कार्डिफ़ नहीं गए और अगर मैच होता तो उनकी जगह मोईन अली टीम की अगुआई करते। बर्मिंघम में इंग्लैंड की 23 रन की जीत के बाद बटलर शनिवार रात अपनी पत्नी लुईस के पास लंदन चले गए, क्योंकि दंपति को जल्द ही अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद है।

मार्क वुड मार्च की शुरुआत से इंग्लैंड के लिए अपना पहला मैच खेलने वाले थे, जबकि सैम करन भी शनिवार को एजबेस्टन में बाहर रहने के बाद इस मैच में खेल रहे थे। बटलर के शुक्रवार को इंग्लैंड की बाकी टीम के साथ बारबाडोस जाने की उम्मीद है, और गुरुवार रात को ओवल में श्रृंखला के अंतिम मैच में खेलने के लिए समय पर टीम में वापस भी आ सकते हैं। जैसा कि हालात हैं, दक्षिण लंदन के लिए मौसम का पूर्वानुमान बहुत आशाजनक नहीं है क्योंकि दोनों टीमें विश्व कप में जाने से पहले कम से कम एक और मैच खेलना चाहेंगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 30 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# आधी कैबिनेट ने जमाया बनारस में डेरा

## विपक्ष ने झोंकी ताकत, जीत-हार का अंतर बढ़ेगा या बदलेगा नतीजा?

**समीकरण**

**▸▸ विपक्ष के तमाम नेताओं ने बनारस में डेरा डाल दिया है। कोशिश है कि बनारस में पीएम को घेरा जाए**




**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** राजनीति का बड़ा दंगल बनारस में सज गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गंगा मां ने बुलाया था, अब प्रधानमंत्री कहते हैं कि उन्हें मां ने गोद ले लिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री के समर्थक कहते हैं कि उनका वाराणसी सीट से चुनाव हारने का सवाल ही नहीं है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री को बड़े अंतर से जीत दिलाने के लिए आधे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बनारस में डेरा डाल दिया है। उत्तर प्रदेश के बड़े भाजपा नेता भी जमे हुए हैं। दूसरी तरफ विपक्ष ने प्रधानमंत्री को चुनौती देने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव के रोड-शो के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 28 मई को संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। पीएल पूनिया समेत विपक्ष के तमाम नेताओं ने बनारस में डेरा डाल दिया है। विपक्ष की कोशिश है कि बनारस में प्रधानमंत्री को घेरा जाए। संजय सिंह कहते हैं कि बनारस में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस जयशंकर से लेकर तमाम नेता डटे हैं। प्रधानमंत्री के चुनाव संयोजक सुरेन्द्र नारायण ने ने पूरी ताकत लगा दी है। संजय कहते हैं कि आज प्रचार में रामायण सीरियल के राम और मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल भी प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री सुनील बंसल अपने हिसाब से प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश और देश के हर हिस्से के लोगों को ध्यान में रखकर प्रचार की योजना बनाई गई है। संजय सिंह कहते हैं कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री भी पूरा समय दे रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा सांसद मनोज तिवारी समेत तमाम नेता प्रचार में लगे हैं। संजय कहते हैं कि जीत तो प्रधानमंत्री की पक्की है, लेकिन यह नहीं कह सकते हैं कि इस बार जीत का अंतर कितना होगा? अभय शंकर तिवारी बनारस में सामाजिक संगठन चलाते हैं। अभय का कहना है कि उत्तर प्रदेश में लखनऊ और बनारस की सीट पर भाजपा की जीत पर किसी को संदेह नहीं होगा, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री को थोड़ा मन से चुनाव लड़ना पड़ सकता है। क्योंकि बनारस का जातिगत समीकरण इस बार थोड़ा पेंचीदा हो रहा है। अभय शंकर कहते हैं कि यादव, मुस्लिम समाज पूरी तरह से एकजुट है। भूमिहार क्षत्रिय, ब्राह्मण, चौरसिया, कुर्मी, कोइरी, पटेल और बनिया का थोड़ा-थोड़ा हिस्सा भी छिटक रहा है। इसके कई छोटे-छोटे कारण हैं। विनोद कुमार दूबे को बनारस की राजनीति करते और देखते करीब 40 साल से अधिक हो गए। चर्चा में साफ कहते हैं कि रजऊ ई बनारस हवे। सब बाबा विश्वनाथ क खेला बा। 01 जून के देखल और 04 जून के समझल जाई।

### क्या है बनारस का जातिगत गणित?

**बनारस** में करीब 19.62 लाख मतदाता हैं। मतदाताओं में पुरुष 10 लाख 65 हजार 485 हैं। महिलाएं 8 लाख 27 हजार 328 हैं। 52 हजार 157 युवा पहली बार वोट देंगे। वैसे बनारस की आबादी में सबसे अधिक 14.71 लाख के करीब हिन्दू, चार लाख के करीब मुसलमान और एक लाख के करीब अन्य धर्म के लोग हैं। दो लाख वोटर कुर्मी समाज के तो इतने ही वैश्य समाज के हैं। एक लाख से अधिक भूमिहार और तीन लाख के करीब ब्राह्मण हैं। तीन लाख के करीब ओबीसी के मतदाता हैं।

## सिर्फ झूठ बोलकर जनता को भ्रम में रख रही कांग्रेस : मोहन



**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबगंज (झारखंड):** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राजमहल के बालू मैदान में आयोजित जनसभा में लोगों से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ बोलकर भारत की जनता को भ्रम में रखी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि न खाउंगा, न खाने दूंगा। वे करप्शन खत्म करने पर लगे हुए हैं। वे खुद ऐसे स्वभाव के हैं कि पूरी तनख्वाह अपने साथ के कर्मचारियों के बीच बांट देते हैं। मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पक्के मकान बनवा कर देंगे। आज इंडी गठबंधन में पूर्व के नेताओं के बच्चे चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन नरेन्द्र मोदी के परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ गरीब लोगों के घरों में उजाला हुआ है। वे गरीबी की दुनिया से बाहर निकाले गए हैं। नरेन्द्र मोदी देश की जनता को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं।

**समर्थन मांगा**

**▸▸ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि न खाउंगा, न खाने दूंगा। वे करप्शन खत्म करने पर लगे हुए हैं : सीएम**

## फास्ट न्यूज

### बड़े हादसे का शिकार होने से बची वंदे भारत ट्रेन

**मुरैना**

**भोपाल** के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस बुधवार को मुरैना के पास बड़े हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गई। मुरैना रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस वेल्डिंग बेल्ट से टकरा गई। इसके बाद जोरदार धमाका हुआ। इस घटना के बाद करीब 40 मिनट तक वंदे भारत एक्सप्रेस मुरैना स्टेशन के पास खड़ी रही। इस दौरान यात्री परेशान होते रहे। हादसा बुधवार को सुबह करीब 10 बजे हुआ। ट्रेन अपने तय समय से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुबह 5:40 बजे रवाना हुई और झांसी, ग्वालियर होते हुए ट्रेन करीब 10.10 बजे मुरैना रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी, तभी वेल्डिंग बेल्ट से टकरा गई। उसके टकराते ही एक जोरदार धमाका हुआ और ट्रेन रुक गई। इस धमाके से ट्रेन में बैठे लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुरैना स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारी, पुलिस और तकनीकी अमला मौके पर पहुंच गया। घटना के कारणों का पता लगाया गया। मौके पर पहुंचे तकनीकी स्टाफ ने पूरी ट्रेन की जांच की। उन्हें वेल्डिंग बेल्ट दिखाई दिया। उन्होंने उसे हटाया और पूरी गाड़ी की जांच की। तकनीकी स्टाफ ने हर जगह जांच की, जहां उन्हें गड़बड़ी का अंदेशा था। इस वजह से ट्रेन को उसी जगह 40 मिनट खड़ा किया गया। तकनीकी स्टाफ जब संतुष्ट हो गया कि अब आगे कोई गड़बड़ी नहीं होगी, तब जाकर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### गहलोत की सेहत बिगड़ी, अचानक सारे कार्यक्रम रद्द कर पहुंचे जयपुर

**जयपुर**

**पूर्व मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत स्लिप डिस्क से पीड़ित हो गए है। इस समस्या के कारण बुधवार को उन्होंने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता और गढ़शंकर में प्रस्तावित रैली का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। वे जयपुर लौट आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने खुद सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर अपने स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि आज मेरी चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता एवं गढ़शंकर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पब्लिक रैली प्रस्तावित थीं। इसके लिए कल शाम को चंडीगढ़ पहुंच गया था परन्तु कल रात से स्लिप डिस्क संबंधी परेशानी होने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर सारे कार्यक्रम रद्द करते हुए वापस जयपुर आना पड़ा है। मेरी पंजाब के सभी मतदाताओं से अपील है कि किसानों एवं सैनिकों के सम्मान,

## देश का संविधान बदलना चाहती है भाजपा: शशि थरूर



**टीम एक्शन इंडिया**

धर्मशाला: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को बदलना चाहती है। देश का संविधान खतरे में हैं। ऐसा कर भाजपा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास कर सकती है। यह भाजपा नेताओं की मंशा से लगता है। कांग्रेस नेता शशि थरूर बुधवार को धर्मशाला में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। शशि थरूर ने इलेक्ट्रोल बांड पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। इससे भाजपा की सच्चाई जनता के सामने आई है। थरूर ने कहा कि भाजपा चार सौ पार का नारा भी इसीलिए दे रही है कि चार सौ से अधिक सांसद यदि उनके पास होंगे तो उन्हें संविधान में बदलाव करने के लिए किसी को पूछना नहीं पड़ेगा, लेकिन भाजपा की मंशा पूरी होने वाली नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहले दो तीन चरणों में जिस तरह मतदान हुआ है उससे ही स्पष्ट हो गया है कि भाजपा चार सौ क्या, दो सौ पार भी नहीं जाएगी।

**निशाने पर**

**▸▸ देश का संविधान खतरे में हैं। ऐसा कर भाजपा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास कर सकती है**

## भारत को भय, आतंकवाद, भ्रष्टाचार मुक्त करने का संकल्प पूरा करेंगे: गडकरी

**चमन शर्मा/राजन पुरी/श्याम कुल्वी**

**शिमला/ऊना/आनी:** केन्द्रीय सडक, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गत दिवस को हिमाचल में ऊना व आनी दो जनसभाओं को संबोधित किया व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा यह चुनाव कांग्रेस व भाजपा का भविष्य के फैसले का चुनाव नही बल्कि सही अर्थ में देश व देश की जनता के भविष्य का चुनाव है और यह निर्णय जनता को करना है कि कौन सी पार्टी कौन सा नेता आपके भविष्य के लिए काम कर सकता है देश के 60 साल काँग्रेस को सरकार चलाने का मौका दिया था उन्होंने मात्र गरीबी हटाओ का नारा दिया पर धरातल पर कुछ काम नही किया। देश के दो मुख्य क्षेत्र है खेती और उद्योग जोकि बिना पानी, बिजली व संचार साधनों के बिना नही चल सकते है उद्योग के बिना कोई रोजगार नही हो सकता 60 सालों में कृषि क्षेत्र में काँग्रेस ने कुछ भी विकास नही किया भारत में 60 प्रतिशत लोग गाँव में रहते है और बाकी शहरों में लोगों का पलायन शहरों में इसलिए हुआ क्योंकि गाँव में बेरोजगारीए भुखमरी थी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव था इसलिए मोदी सरकार ने निर्णय किया कि देश में ग्रामीण स्तर पर उद्योगों का विकास करना होगा जिसके लिए पानी, बिजली, सडकों व संचार सुविधाओं को ठीक करना प्राथमिक कार्य होगा। हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है इसलिए यहाँ सडकें बनाना मुश्किल कार्य है, परंतु हमने हिमाचल में बड़े स्तर पर सडकें बनाने का कार्य किया है।



**वोट की अपील**

**▸▸ 60 साल में कांग्रेस ने जो नहीं किया वह हमने 10 साल में पूरा करके दिखाया: नितिन गडकरी**

### सात माह बाद जेल से रिहा हुई तजीन फात्मा

**रामपुर:** अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र के मामले में हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा की बुधवार को रिहाई हो गई। इसका परवाना दोपहर को जेल में पहुंच गया था।

## मणिशंकर के 'चीन के हमले पर' दिए गए बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर एक बार फिर से अपने बयानों को लेकर चर्चा में है। उनके इस बार के बयान के बाद जब बवाल खड़ा हो गया तब कांग्रेस को उनके बयान से किनारा करना पड़ा। मणिशंकर अय्यर ने 1962 में हुए चीन के आक्रमण के लिए 'गलती से' 'कथित' शब्द का इस्तेमाल किया था।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है, "मणिशंकर अय्यर कौन हैं? वह कोई अधिकारी नहीं हैं, वह एक पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री हैं। वह अपनी निजी हैसियत से जो चाहते हैं, बोलते हैं। हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। जयराम रमेश ने आगे कहा है कि मीडिया, भाजपा की ट्रोल आर्मी और सोशल मीडिया इसे चलाते रहते हैं। उनका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर सांसद भी नहीं हैं, पूर्व सांसद हैं। हालांकि कांग्रेस की प्रतिक्रिया आज बुधवार को आई। इसके पहले मणिशंकर अय्यर माफी भी मांग चुके थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने 'फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब' में एक किस्सा सुनाते हुए कहा था कि, अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया।

पहले भी अपनी टिप्पणियों से विवादों को जन्म दे चुके अय्यर ने यह टिप्पणी एक पुस्तक ह्यह्यनेहरूज फर्स्ट रिक्रूट्स" के विमोचन के मौके पर की थी। जिसका वीडियो मंगलवार को ही वायरल हो गया था।

**अलग-थलग**

**▸▸ मणिशंकर अय्यर ने 1962 में हुए चीन के आक्रमण के लिए 'गलती से' 'कथित' शब्द का इस्तेमाल किया था**

## सीएम शिंदे ने संजय राउत को भेजा कानूनी नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** लोकसभा चुनाव में पैसे का उपयोग करने का आरोप लगाने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत को बुधवार को कानून नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सीएम शिंदे ने कहा है कि अगर संजय राऊत तीन दिन में माफी नहीं मांगते तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संजय राऊत ने शिवसेना के मुखपत्र में लिखा था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लोकसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर पैसे का उपयोग किया है। मुख्यमंत्री ने अपने सहयोगी दल अजीत पवार के उम्मीदवारों को पराजित करने के लिए बहुत पैसे खर्च किए हैं। इसी कारण मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राऊत को नोटिस भेजकर कहा है कि तीन दिन के भीतर बिना शर्त माफी मांगें या कानूनी कार्रवाई का सामना करें। नोटिस में कहा गया है कि आपके और मुखपत्र के खिलाफ आपराधिक और दीवानी मामला दर्ज किया जाएगा। इसके बाद संजय राऊत ने ट्विट कर कहा कि असंवैधानिक मुख्यमंत्री शिंदे ने मुझे कानूनी नोटिस भेजा है। उनकी नोटिस उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसी है, वे पीछे हटने वाले नहीं है।

## केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय : कल्पना

**टीम एक्शन इंडिया**

**जामताड़ा:** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय है। भाजपा ने जिस तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया उसी तरह जनता भी इस बार इंडी गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को खत्म कर देगी। कल्पना सोरेन जामताड़ा के वेना मैदान में बुधवार को दुमका लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने नलिन के लिए वोट भी मांगे।कल्पना ने कहा कि जब शिबू सोरेन ने सिर नहीं झुकाया तो हेमंत सोरेन कैसे सिर झुका देंगे। हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की आवाम है। साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में तीन चरणों का चुनाव हो गया है। चुनाव का परिणाम साफ हो गया है। जनता ने इस बार इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत दिया है।

## डूंगरपुर के एक और मामले में आजम खां दोषी करार

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर:** रामपुर के डूंगरपुर बस्ती केस के एक और मामले में सपा नेता आजम खां को कोर्ट ने फिर झटका दिया है। बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें इस मामले में दोषी करार दिया है। सजा कल बृहस्पतिवार को सुनाई जाएगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में अलग-अलग 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में सपा नेता को सात साल कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खां व ठेकेदार को दोषी करार दिया है। कोर्ट इस मामले में सपा नेता आजम खां व ठेकेदार बरकत अली को कल सजा सुनाएगा। डूंगरपुर निवासी अबरार हुसैन ने गंज थाने में 13 अगस्त 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी,जिसमें आरोप लगाया था कि तत्कालीन सीओ आले हसन, दरोगा फिरोज खां, ठेकेदार बरकत अली, सीएंडडीएस के जेई परवेज आलम ने छह दिसंबर 16 की सुबह बस्ती में पहुंचे और उनसे मकान खाली करने को कहा।




**झटका**

**▸▸ फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में बुधवार को कोर्ट ने आजम खां व ठेकेदार को दोषी करार दिया**

## उपराष्ट्रपति बाबा नीम करौली महाराज के करेंगे दर्शन





**देहरादून:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार (30 मई) को एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति सर्वप्रथम नैनीताल स्थित नीम करौली महाराज के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचेंगे। कैंची धाम के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे और शिक्षक वर्ग से संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। उपराष्ट्रपति तय कार्यक्रम के मुताबिक 30 मई को बरेली हवाई अड्डे से हल्द्वानी स्थित आर्मी हेलीपैड पहुंचेंगे, जहां कार के जरिए सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर बाबा नीम करौली के दर्शन करने कैंची धाम पहुंचेंगे। बाबा नीम करौली के दर्शन के बाद उप राष्ट्रपति पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। विश्वविद्यालय में शिक्षकों के साथ आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

**बड़े वाहन का प्रवेश रहेगा बंद:** उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है। सुबह छह बजे से वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्ति तक पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त बड़े वाहन का प्रवेश पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

**नीम करौली के चमत्कारों की देश-विदेश तक ख्याति:** बाबा नीम करौली के चमत्कारों की ख्याति देश-विदेश तक पहुंची है।

**बाबा के दर पर**

**▸▸ कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए यातायात प्लान बनाया गया है**

**दावा** — आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा है।

## जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे, अब वह वाकई स्वर्ग बन चुका है: मनोज सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मऊ:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को नागरिक अभिनंदन समारोह में कहा कि जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे, अब वह वाकई में स्वर्ग बन चुका है। आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा है।

मनोज सिन्हा उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के एक प्लाजा में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन मां वैष्णो देवी यात्रा समिति ने किया था। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिन इलाकों में पहले 5 से 7 प्रतिशत मतदान होते थे वहां अब 57 से 58 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे अब आप वहां महसूस करेंगे कि वाकई अब वह स्वर्ग बन चुका है। सिन्हा ने कहा कि यह बदलाव केवल जम्मू-कश्मीर नहीं बल्कि पूरे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि चार साल पूर्व उनको जम्मू-कश्मीर की जिम्मेदारी मिली। पहले मुझे यह कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण लगा। मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे यहां जाना पड़ सकता है लेकिन बाद में जब मैंने वहां के बारे में जाना व समझा, आज समझ में आता है कि वहां का कार्य मऊ और गाजीपुर में कार्य करने से भी ज्यादा आसान है। जो जम्मू-कश्मीर पहले कुछ और कर्म से सुर्खियों में होता था, पड़ोसी देश के इशारे पर आगजनी, गोलाबारी, सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी, स्कूल बाजार हड़ताल इत्यादि हुआ करते थे, आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना पहचाना जाने लगा है। उपराज्यपाल सिन्हा ने भारत के वैभवशाली अतीत का जिक्र कर कहा कि भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। सोने की चिड़िया से तात्पर्य यह नहीं है भारत में सोने की खदान थे बल्कि यहां के उच्च कोटि के शिक्षण संस्थान, ज्ञान, संस्कृति, संस्कार व शिक्षा ही हमारे मूलभूत आधार थे।

हमारी संस्कृति विश्व में सबसे अगली कतार में खड़ी रही। हम नेतृत्वकर्ता के रूप में रहे, जिसके चलते भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। बीच में अलग-अलग विचारधाराओं की लड़ाई व आक्रांताओं के चलते हमने अपना गौरव खो दिया था। आज भारत पुनः अपनी पुरानी स्थिति की ओर बढ़ता नजर आ रहा है।

सिन्हा ने कहा कि आज भारत स्टार्टअप के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। दुनिया के किसी भी क्षेत्र में युद्ध में लोग आशा भरी निगाहों से हमें देखते हैं, समाधान हमसे चाहिए। इराक या सूडान में जब भारतीय संकट में थे, भारतीय विमान उतरते ही दोनों देश युद्ध विराम कर देते थे।



**जमीन पर काम**

**▸▸ शिक्षा ही हमारे मूलभूत आधार थे। हमारी संस्कृति विश्व में सबसे अगली कतार में खड़ी रही**